e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 101
रविवार
13.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

मेहनत से मोहब्बत करो क्योंकि, यह तुम्हारी कामयाबी की वजह बनेगा!

## क्विक न्यूज

### स्टालिन ने बीजेपी-एआईएडीएमके गठबंधन पर उठाए सवाल

**चेन्नई :** तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी और एआईएडीएमके बीच एक बार फिर गठबंधन हो गया. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चेन्नई पहुंचकर एआईएडीएमके की एनडीए में वापसी का ऐलान किया. इस दौरान अमित शाह ने कहा कि एआईएडीएमके से बीजेपी का सालों का नाता रहा है. वहीं दोनों दलों के इस गठबंधन को लेकर सीएम स्टालिन और उनकी पार्टी डीएमके ने सवाल उठाए हैं.डीएमके की ओर से जारी हुए बयान में कह गया है,एआईएडीएमके और बीजेपी का गठबंधन हार का गठबंधन है. तमिलनाडु के लोग ही हैं, जो बार-बार इन्हें हरा रहे हैं. इसके बावजूद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस असफल गठबंधन को फिर से बनाने का प्रयास किया है.एआईएडीएमके-बीजेपी गठबंधन करना उनका अपना निर्णय है, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह गठबंधन क्यों बना है या यह किस वैचारिक आधार पर खड़ा है. इसके बजाय, उन्होंने अस्पष्ट रूप से दावा किया कि वे कॉमन मिनिमम प्रोग्राम पर काम करेंगे.स्टालिन की पार्टी की ओर से कहा गया है कि एआईएडीएमके तो नीट परीक्षा, हिंदी को लागू करने, तीन-भाषा नीति और वक्फ अधिनियम का विरोध करने का दावा करती है. वो यह भी दावा करती है कि परिसीमन प्रक्रिया में तमिलनाडु की सीटों की संख्या कम नहीं होनी चाहिए. क्या कॉमन मिनिमम प्रोग्राम में इनमें से कोई भी मुद्दा शामिल है ? बता दें कि गृहममंत्री अमित शाह ने बीते 11 अप्रैल को बीजेपी-एआईएडीएमके के बीच गठबंधन का ऐलान किया था.

### भोपाल में बुजुर्ग की जहरीला पदार्थ खाने से मौत, बेटी ने लिव-इन पार्टनर पर लगाया हत्या का आरोप

**भोपाल :** भोपाल के बाग सेवनिया थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग ने शुक्रवार देर रात जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान शनिवार तड़के उनकी मौत हो गई। मृतक की बेटी ने पिता की लिव इन पार्टनर पर हत्या करने का अरोप लगाया है। फिलहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार राजू जाधव (65) अमराई बागसेवनिया में रहते थे। वह प्राइवेट स्कूल की बस में कंडक्टरी करते थे। पहली पत्नी से अलग होने के बाद वह पिछले कुछ समय से एक महिला के साथ लिव-इन में रहते थे। उनकी बेटी आरती राजपूत ने आरोप लगाया कि पिता जिस महिला के साथ रहते थे, वह उन्हें परेशान करती थी। वह पिता पर हमसे नहीं मिलने का दबाव बनाती थी। पिछले दस दिनों से पिता महिला को छोड़कर मेरे साथ रह रहे थे। शुक्रवार को बिन बताए महिला के पास अमराई स्थित उसके निवास गए।

### बाबा साहेब ने पूरे देश के लिए काम किया : जरावता

**कैथल :** आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारी के लिए हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष एससी मोर्चा व पूर्व विधायक पटौदी सत्यप्रकाश जरावता हरियाणा राज्य के सभी जिलों में एससी मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे है। इसी दौरान शनिवार को उन्होंने जिला पंचकुला, कैथल, करनाल और कुरुक्षेत्र जिले में अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारीयो एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में बताया कि 14 अप्रैल को डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे और यमुनानगर जिले में नए ताप विद्युत संयंत्र की आधारशिला रखेंगे। 13 अप्रैल को सभी प्रतिमाओं की साफ सफाई की जाएगी और 14 अप्रैल को प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करके सभी लोग रैली में हजारों की संख्या में भाग लेंगें । जरावता ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने सदा महापुरुषों का सम्मान किया है और देश व प्रदेश में जब से भाजपा सरकार आई है तब से महापुरुषों की जयंती मनाने का काम जोरों शोरों से किया जा रहा है और पूरा समाज एकजुट होकर कार्यक्रमों को आयोजित करता है। कार्यक्रम में पूरे समाज की भागीदारी रहती है। क्योंकि बाबा साहेब अम्बेडकर किसी एक जाति या एक समाज के नहीं थे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24⁰ |
| न्युनतम | 13⁰ |

---

**सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार राज्यपालों द्वारा भेजे गए विधेयकों के बारे में राष्ट्रपति को दिया निर्देश**

# 3 महीने के भीतर निर्णय लें राष्ट्रपति : सुप्रीम कोर्ट

**तमिलनाडु मामले में फैसला सुनाते हुए जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा किए गए कार्यों का निर्वहन न्यायिक समीक्षा के लिए उत्तरदायी है। अनुच्छेद 201 के अनुसार, जब राज्यपाल द्वारा कोई विधेयक सुरक्षित रखा जाता है तो राष्ट्रपति यह घोषित करेगा कि या तो वह विधेयक पर अपनी सहमति देता है या फिर अपनी सहमति नहीं दे रहा।**

एजेंसी

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार राष्ट्रपति को निर्देश देते हुए कहा है कि राज्यपालों द्वारा भेजे गए विधेयकों पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना चाहिए। शीर्ष न्यायालय का यह फैसला मंगलवार को तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा लंबित विधेयकों पर स्वीकृति न देने के फैसले को खारिज करते हुए आया। यह आदेश शुक्रवार को सार्वजनिक किया गया। तमिलनाडु मामले में फैसला सुनाते हुए जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा किए गए कार्यों का निर्वहन न्यायिक समीक्षा के लिए उत्तरदायी है। अनुच्छेद 201 के अनुसार, जब राज्यपाल द्वारा कोई विधेयक सुरक्षित रखा जाता है तो राष्ट्रपति यह घोषित करेगा कि या तो वह विधेयक पर अपनी सहमति देता है या फिर अपनी सहमति नहीं दे रहा। हालांकि, संविधान में कोई समय-सीमा प्रदान नहीं की गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने रेखांकित किया कि राष्ट्रपति के पास ÷पॉकेट वीटो÷ नहीं है और उसे या तो सहमति देनी होती है या उसे रोकना होता है।

### निर्धारित समय में किया जाना चाहिए शक्तियों का प्रयोग

कोर्ट ने कहा कि कानून की स्थिति यह है कि जहां किसी क़ानून के तहत किसी शक्ति के प्रयोग के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है, वहां भी इसे उचित समय के भीतर प्रयोग किया जाना चाहिए। अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा शक्तियों का प्रयोग कानून के इस सामान्य सिद्धांत से मुक्त नहीं कहा जा सकता है। दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि तीन महीने की अवधि से अधिक देरी होने पर उचित कारण दर्ज किए जाने चाहिए और संबंधित राज्य को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा, हम यह निर्धारित करते हैं कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा विचार के लिए आरक्षित विधेयकों पर संदर्भ प्राप्त होने की तिथि से तीन महीने की अवधि के भीतर निर्णय लेना आवश्यक है। राष्ट्रपति द्वारा स्वीकृति न देने को चुनौती दी जा सकती है।



### निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई न होने पर कोर्ट जा सकते हैं राज्य

अदालत ने कहा कि समय-सीमा के भीतर कोई कार्रवाई न होने की स्थिति में पीड़ित राज्य अदालतों का दरवाजा खटखटा सकते हैं। यदि कोई विधेयक संवैधानिक वैधता के प्रश्नों के कारण आरक्षित है तो शीर्ष अदालत ने रेखांकित किया कि कार्यपालिका को अदालतों की भूमिका नहीं निभानी चाहिए। इसने कहा कि ऐसे प्रश्नों को अनुच्छेद 143 के तहत सर्वोच्च न्यायालय को भेजा जाना चाहिए।

### डीएमके सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कही ये बात

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा,हमें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि किसी विधेयक में विशुद्ध रूप से कानूनी मुद्दों से निपटने के दौरान कार्यपालिका के हाथ बंधे होते हैं और केवल संवैधानिक न्यायालयों के पास ही विधेयक की संवैधानिकता के संबंध में अध्ययन करने और सिफारिशें देने का विशेषाधिकार है। शीर्ष अदालत का यह आदेश तब आया जब उसने फैसला सुनाया कि तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने डीएमके सरकार द्वारा पारित 10 विधेयकों पर स्वीकृति नहीं दिया था। न्यायालय ने राज्यपालों के लिए विधेयकों पर कार्रवाई करने की समय-सीमा निर्धारित करते हुए कहा कि निष्क्रियता न्यायिक समीक्षा का विषय हो सकती है।

---

## चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ खड़ा रहेगा : ज्ञानेश

**भारत के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ज्ञानेश कुमार ने रामगढ़ में विलेंटियर्स से की बातचीत**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भारत के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि झारखंड की इस महान धरती पर मुझे सभी से मिलने और उनका अभिवादन करने का अवसर मिला है।

मैंने वालेंटियरस से बातचीत की, जिसके दौरान मुझे एहसास हुआ कि झारखंड में लोकतंत्र की जड़ें बहुत मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को निर्वाचक बनना चाहिए। चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ खड़ा था, है और सदैव खड़ा रहेगा। श्री ज्ञानेश कुमार शनिवार को रामगढ़ के सीसीएल गेस्ट हाउस स्थित सभागार में वालेंटियर के साथ एक्सपेरिएंस शेयर कार्यक्रम के उपरांत मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर एक बूथ लेवल अधिकारी नियुक्त किया जाता है और हर बूथ पर हर राजनीतिक दल को बूथ लेवल एजेंट नामित करने का अधिकार होता है।

हर नागरिक एक निर्वाचक के रूप में सभी सुविधा अपने बूथ पर प्राप्त कर सकते है। अगर किसी व्यक्ति को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के निर्णय पर आपत्ती है तो वह जिला निर्वाचन पदाधिकारी,डीईओ के समक्ष अपील कर सकता है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी,डीईओ के निर्णय के विरुद्ध मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपील दायर की जा सकती है। झारखंड में किसी भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी,डीईओ या सीईओ कार्यालय के समक्ष कोई भी अपील लंबित नहीं है। जिसका मतलब है कि झारखंड में मतदाता सूची मतदाताओं एवं अन्य सभी सत प्रतिशत संतुष्टि के करीब है, इसके लिए झारखंड की निर्वाचन टीम सराहना की पात्र है।इससे पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने विगत के चुनावों में भाग लेने वाले वालेंटियर से एक्सपीरियंस शेयर कार्यक्रम को संबोधित किया एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को सराहा।

उक्त एक्सपीरियंस शेयरिंग कार्यक्रम के स्वागत संबोधन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, रामगढ़ के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार, एसडीओ अनुराग तिवारी एवं वालेंटियर के मास्टर ट्रेनर श्री संजय कुमार राय ने भी संबोधित किया।

---

**मुर्शिदाबाद हिंसा में 3 लोगों की मौत, 138 गिरफ्तार**

## केंद्रीय बल तैनात किए जाएंगे : हाई कोर्ट



एजेंसी

**मुर्शिदाबाद :** पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के कई इलाकों में शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ. हिंसक प्रदर्शन के दौरान यहां तीन लोगों की मौत हो गई.

वहीं मामला गंभीर होता देख कलकत्ता हाई कोर्ट ने मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया है. इस हिंसा के दौरान अब तक 138 से ज्यादा उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है.

मुर्शिदाबाद हिंसा में शनिवार को दो और लोगों को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है. स्थिति अभी भी काफी तनावपूर्ण है. कलकत्ता हाई कोर्ट ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इस जिले के प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया है. बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी. जस्टिस सौमेन सेन और न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी की स्पेशल बेंच ने आदेश दिया कि केंद्रीय बल स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर कानून-व्यवस्था बनाए रखेंगे. शनिवार को जब सुनवाई शुरू हुई तो कलकत्ता हाई कोर्ट ने मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बलों की तैनाती पर अपनी राय स्पष्ट करने के लिए बंगाल सरकार को आधे घंटे का समय दिया. राज्य सरकार ने कहा कि केंद्रीय बलों की तैनाती की कोई जरूरत नहीं है. पश्चिम बंगला सरकार ने कहा कि राज्य के डीजी राजीव कुमार जल्द ही मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगे. हालांकि, कोर्ट ने आखिरकार केंद्रीय बलों की तैनाती के पक्ष में फैसला सुनाया.

---

## चाईबासा में नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान आईईडी ब्लास्ट, दो जवान घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के चाईबासा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो जवान घायल हो गए हैं. घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया. मिली जानकारी के अनुसार, घायल जवानों में एक की स्थिति बेहद गंभीर है. मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों के द्वारा आईईडी ब्लास्ट भी किया गया है.झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच चल रही लड़ाई में एक बार फिर आईईडी ब्लास्ट हुआ है. ब्लास्ट के बाद नक्सलियों की तरफ से पुलिस पर फायरिंग भी की गई है जिसका सुरक्षा बलों ने करारा जवाब दिया है.जानकारी के अनुसार, जराइकेला थाना क्षेत्र के राधापोड़ा के जंगलों में सर्च अभियान पर निकले सुरक्षा बलों को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई. मुठभेड़ के दौरान ही नक्सलियों के द्वारा आईईडी ब्लास्ट किया गया. जिसमें दो जवान घायल हो गए हैं. इलाके में कोबरा और झारखंड जगुआर के जवानों के द्वारा अभी भी अभियान जारी है. दोनों घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची भेजा जा रहा है ताकि उनका बेहतर इलाज हो सके. घायल जवानों में से एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है.



### मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ राज्य स्थित बीजापुर जिले में शनिवार सुबह सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह करीब 9 बजे इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में हुई।उन्होंने बताया कि इस जगह पर सुरक्षाकर्मियों की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। इस मुठभेड़ में तीन माओवादियों के मारे जाने की खबर है। डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ, कोबरा 210 और 202 की संयुक्त टीम ने माओवादी विरोधी अभियान के तहत यह कार्रवाई की है। सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र में घेराबंदी कर ली है और व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई हैं। मृत माओवादियों की पहचान की जा रही है और सर्च अभियान जारी है।

---

## कुछ लोग धर्म से भटका सकते हैं लेकिन लालच में अपने धर्म को नहीं बदलना चाहिए : भागवत

एजेंसी

**गांधीनगर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि धर्म ही ऐसा रास्ता है जो सबको सुख की ओर ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में लालच, डर या प्रलोभन का सामना करना पड़ सकता है, और वे लोगों को उनके धर्म से भटका सकते हैं, लेकिन हमें लालच या भय के कारण अपने धर्म को नहीं बदलना चाहिए। आरएसएस प्रमुख गुजरात के वलसाड जिले के बारुमल में सद्गुरुधाम में श्री भाव भावेश्वर महादेव मंदिर के रजत जयंती समारोह में बोल रहे थे। आरएसएस प्रमुख भागवत ने समारोह में बोलते हुए कहा कि कुछ ताकतें हैं जो हमें धर्म बदलने के लिए मजबूर करना चाहती हैं, लेकिन हमें ऐसे किसी लालच या डर में नहीं आना चाहिए। धर्म हमें जोड़ता है और सही रास्ते पर ले जाता है। उन्होंने कहा,हम एकजुट होना जानते हैं और एकजुट होना चाहते हैं। हम लड़ना नहीं चाहते। लेकिन हमें खुद को बचाना होगा। इसके लिए प्राचीन काल से ही व्यवस्थाएं हैं, क्योंकि आज ऐसी ताकतें हैं जो हमें बदलना (धर्मांतरित करना) चाहती हैं।उन्होंने आगे कहा कि जब हमारे दैनिक जीवन में ऐसी कोई ताकत नहीं होती, तब भी लालच, डर और प्रलोभन की



घटनाएं सामने आती हैं। आरएसएस प्रमुख ने महाभारत का उदाहरण दिया और कहा कि महाभारत के समय धर्म परिवर्तन करने वाला कोई नहीं था, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों का राज्य हड़पने के लालच में जो किया, वह अधर्म था। उन्होंने कहा,धार्मिक आचरण दैनिक जीवन में जरूरी है। हमें आसक्ति और प्रलोभन के प्रभाव में आकर कार्य नहीं करना चाहिए, हमें इनसे दूर रहकर धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए। लालच या भय हमें अपनी आस्था से विमुख करते हैं। इसलिए यहां ऐसे केंद्र स्थापित किए गए हैं।आरएसएस प्रमुख भागवत सद्गुरुधाम का जिक्र कर रहे थे, जो आदिवासियों के उत्थान के लिए सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में सामाजिक गतिविधियां संचालित करता है। भागवत ने आगे कहा कि जब इन क्षेत्रों में ऐसे केंद्र संचालित नहीं थे, तो तपस्वी गांव-गांव जाकर लोगों को सत्संग सुनाते थे और उन्हें धर्म के मार्ग पर दृढ़ बनाए रखते थे। लेकिन अब आबादी बढ़ने पर मंदिर जैसे केंद्र बनाए गए हैं, जहां पूरा समाज एकत्र होता है, वे पूजा, अध्यात्म का लाभ उठाते हैं और कला का अभ्यास करने का अवसर भी प्राप्त करते हैं।

---

### कार ने बाइक में मारी टक्कर,एक की मौत

**डेहरी आन सोन (एजेंसी):** डालमियानगर थाना के राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोयला डिपो के पास आज तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दिया,जिसमें एक ग्रामीण चिकित्सक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार डेहरी मुफस्सिल थाना के कौवा खोच गांव निवासी ग्रामीण चिकित्सक रविन्द्र सिंह अपने बाइक से डेहरी बाजार दवा खरीदने आ रहे थे।कोयला डिपो के पास तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दिया,जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।घटना के बाद कार चालक फरार हो गया।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ran[illegible]
PR NO 349815 (IPRD) 25-26

## सहिया को मलेरिया संबंधित दिया गया प्रशिक्षण



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीएचसी अंतर्गत स्थित सभागार में मलेरिया इंचार्ज विद्यानंद प्रजापति के द्वारा सहिया साथी और सहिया को मलेरिया संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। जानकारी देते हुए विद्यानंद ने बताया कि आज का प्रशिक्षण मलेरिया से कैसे लोगों का बचाव किया जा सकता है। इसी का सहिया को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमे दिनांक 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक मलेरिया माह सर्वे किया जाना है। जिसमें वैसे मरीजों का जांच करना है जो बुखार से ग्रसित हो जिसको बुखार लगता हो उन्ही का ब्लड जांच किया जायेगा। उक्त मौके पर फुलपति देवी, नीलम देवी, आशा, पूनम, सरिता और माया देवी सहित अन्य सहिया साथी उपस्थित थे।

## खलिहान के अंदर रखे साठ बोझा गेहूं के साथ धान का पुआल जलकर खाक



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सगमा प्रखंड में अगलगी की दूसरी घटना में खलिहान में रखे साठ बोझा गेहूं के साथ धान का पुआल जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सगमा प्रखण्ड के शारदा गांव निवासी किसान झूलन बैठा के खलिहान में शनिवार को दिन के लगभग बारह बजे अचानक आग लग गया। खलिहान से धुआं उठता देख आस पास के लोगो द्वारा आग बुझाने के लिए पंपिग सेट से पानी डालने का प्रयास किया गया। साथ ही आग को फैलने से रोकने के लिए जेसीबी की सहायता से इर्द गिर्द रखे फसल को हटाने का प्रयास किया गया। मगर आग का लपट इतना तेज था कि ग्रामीणों का प्रयास विफल साबित हो रहा था। इस घटना से प्रभावित किसान झूलन बैठा ने बताया की खेत से काटकर खलिहान में रखे साठ बोझा गेहूं तथा उसके बगल में रखे धान का पुआल पूरी तरह जल गया है। समझ नहीं आ रहा है की आग कैसे लगा।

## डुमरहाथा में 14 अप्रैल को होगा शिव परिवार मंदिर का भूमि पूजन




**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत ग्राम डुमरहाथा में श्रद्धा और भक्ति का माहौल चरम पर है। ग्रामवासियों के सामूहिक प्रयास से बनने जा रहे शिव परिवार मंदिर का भूमि पूजन समारोह आगामी 14 अप्रैल 2025 को संपन्न होगा। यह पवित्र अनुष्ठान सुबह 9 बजे से आरंभ होगा, जिसमें महान संत यतिराज श्री सुंदरराज स्वामी जी महाराज स्वयं उपस्थित होकर अपने कर कमलों से भूमि पूजन करेंगे। मंदिर निर्माण की इस पहल को लेकर ग्रामवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गांव के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक, सभी इस आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। माना जा रहा है कि यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को भी एक नई दिशा देगा।ग्रामवासियों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुजनों और शुभचिंतकों से समय पर उपस्थित होकर भूमि पूजन में सहभागी बनने की अपील की है। आयोजन में भंडारे, भजन-कीर्तन और संत प्रवचन की भी व्यवस्था की गई है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर होने की संभावना है।

## लंगरकोट गांव के समाजसेवी के पत्नी के निधन पर किया शोक व्यक्त



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के लंगर कोट गांव समाजसेवी यदुनी चौधरी के पत्नी राधा देवी उम्र 72 बर्षीय की शुक्रवार को आकस्मिक हो गया इनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी के मुक्ति धाम परिसर में किया गया इनके निधन पर शोक व्यक्त में भाजपा नेता सह त्रिपुरा राज्य प्रभारी अशोक सिंह अजय प्रसाद गुप्ता उप प्रमुख इन्दु देवी पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजी राम समाज सेवी पप्पू कुमार सिंह उर्फ सैनिक सुधीर कुमार सिंह समाज सेवी पवन पटेल यदुनी चौधरी रामप्रवेश चौधरी नन्दलाल चौधरी सुमंत पटेल शिवपूजन चौधरी अशोक चौधरी लखन चौधरी बिहारी चौधरी मनोज कुमार चौधरी राजेन्द्र राम नन्दलाल ठाकुर सुरेन्द्र चौधरी सरजू चौधरी दीलीप चौधरी गोरख ठाकुर अमर चौधरी विगन सिंह सुरजीत पटेल वैजनाथ साव कमलेश चौधरी श्रवण चौधरी कामेश्वर पासवान संतोष कुमार सिंह बब्लू चौधरी सहित अन्य ग्रामीणो ने शोक व्यक्त किया।

# किशनपुर पंचायत सचिवालय में समन्वय समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** दिन शनिवार को पंचायत सचिवालय किशुनपुर के सभागार में ग्राम पंचायत समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में प्रखंड समन्वयक चित्रांगद कुमार ने समन्वय समिति के पर विस्तार से जानकारी दी।सहकारिता विभाग से शशिकांत दुबे ने बताया कि 30 अप्रैल तक धान की खरीद पैक्स में की जाएगी पिकेट प्रभारी निलेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के साथ पुलिस समन्वय बना कर कार्य कर रही है प्राथमिक विद्यालय मनिका हरिजन टोला में चापाकल नहीं होने से पानी की समस्या है मध्यान भोजन बनाने में दूर से पानी लाना पड़ता है,मध्य विद्यालय बरडीहा के विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में है इस स्कूल में मतदान भी किया जाता है जिसे बदलने की आवश्यकता है आंगनबाड़ी केंद्र डाढा एवं किशुनपुर में पानी की समस्या है स्वास्थ्य सहिया ने नियमित स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण की जानकारी दी आंगनवाड़ी सेविका जलसहिया स्वास्थ्य सहिया के द्वारा गोदभराई का रस्म भी किया गया। मुखिया सुमन गुप्ता ने बताया कि बरडीहा स्कूल के भवन निर्माण हेतु ग्राम सभा कर विभाग को भेज दिया गया है बूथ बदलने हेतु सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को पत्र लिखा गया है। विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्र में पानी की समस्या दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार, पशुपालन विभाग, डाक विभाग, राजस्व कर्मचारी, आंगनवाड़ी केन्द्र की सेविका उपस्थित रहे। बैठक में वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य संतोष कुमार उपाध्याय, महिला समूह के शिला देवी, पंचायत सचिव नंदलाल गुप्ता ओपी प्रभारी निलेश कुमार, उपमुखिया विकाश साव, शशिकांत दुबे, उदयभानु तिवारी, विनोद उपाध्याय, संजय कुमार, राजीव कुमार, लव सोनी, प्रमोद सोनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर को पुलिस नें किया जप्त



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धुरकी पुलिस के द्वारा अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर जप्त प्राथमिकी के लिए अंचल कार्यालय को दिया गया। इस दौरान जानकारी देते हुए धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के लेखनी धौरा गांव से पुलिस हस्ती दल के माध्यम से बालू लदे दो महिंद्रा टैक्टर पकड़ा गया है। उन्होंने बताया की धुरकी पुलिस को सूचना मिला था की दो ट्रैक्टर कनहर नदी से बालू लेकर लेखनीधौरा गांव की तरफ जा रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस के द्वारा घेरा बंदी कर ट्रैक्टर को पकड़ने का प्रयास किया गया। तो पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर ड्राइवर तेजी के साथ भंडार गांव की तरफ ट्रैक्टर लेकर भागने लगा। मगर पुलिस की घेरा बंदी देख कर दोनो ट्रैक्टर के ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग खड़े हुये। इसके बाद पुलिस ने दोनो ट्रैक्टर को स्वतंत्र चालक के माध्यम से थाना लाया है। दोनो ट्रेक्टरों पर उचित कार्रवाई के लिए अंचल पदाधिकारी को पत्र भेजा गया है।

## एनएसएस ने चलाया पोषण जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार ए के सिंह कॉलेज जपला एनएसएस इकाई के द्वारा गोद लिए हुए गांव कोरियाडीह में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत स्वयंसेवकों के द्वारा घर-घर माता और बहनों से संपर्क कर पोषण आहार के प्रति जागरूक किया गया। इसके पूर्व एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों, बच्चों एवं स्वयंसेवकों को पोषण आहार के प्रति शपथ दिलाई गई। प्राणी विज्ञान के विभाग अध्यक्ष जानकारी प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह के द्वारा पौष्टिक आहार के बारे में विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई। साथ ही साथ उन्होंने उचित सुझाव दिया। ग्रामीण एवं समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद मेहता एवं कई माताओं ने पौष्टिक आहार पर चर्चा किया तथा साथ ही साथ घर-घर के बच्चों को जंक फूड खाने से परहेज करने के लिए और मोटे अनाज खाने पर बल दिया। स्वयंसेवकों में रिंकी कुमारी, दिव्या कुमारी, प्रिया कुमारी, नैंसी कुमारी, प्राजक्ता कुमारी, गौरव कुमार, आलोक कुमार, बंटी कुमार, कुंदन कुमार शर्मा सहित अनेक स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर माता और बहनों को एवं बच्चों को पौष्टिक आहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बाजार से अनावश्यक सामान बच्चों को ना खिलाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर शिक्षकेत्तर कर्मचारी में प्रिंस कुमार सिंह, विवेक कुमार, मनीष कुमार सिंह इत्यादि मौजूद थे।

## रविदास विकास समिति के द्वारा सरस्वती की श्रद्धांजलि सभा में 5000 रु देकर किया सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत खैरादोहर निवासी अरविन्द राम के जीवनसंगनी सरस्वती देवी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई थी। जिसमें रविदास विकास समिति के अध्यक्ष श्री राम गोविंद राम शिक्षक, उपाध्यक्ष गोपाल राम, सचिव कृष्णा कुमार रवि, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, समाजसेवी अजय कुमार, वीस सूत्रीय सदस्य नितीश कुमार, विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, पूर्व मुखिया प्रत्याशी गिरजा राम के अलावा पंकज राम, विंदेश्वर राम शिक्षक ने उनकी चित्रों पर पुष्प अर्पित व मालयार्पण का कार्यक्रम किया किया। मौके पर मौजूद रविदास विकास समिति के अध्यक्ष रामगोविंद राम शिक्षक ने कार्यक्रम के सम्बोधित करते हुए कहा कि अपने क्षमता के अनुसार खाना पान की व्यवस्था करें और कार्यक्रम मे फिजूल खर्च न करें व बचत की राशि से बाल बच्चें के शिक्षा पर खर्च करनें के लिए बल दिया। उन्होंन यह भी कहा कि कार्यक्रम एक दिवसीय करें और मानववाद विचार धारा से करें, मनुवाद एवं पाखंडवाद के विचार से काफी दूरी बनाए रखने की जरूरत है। अरविन्द राम की पत्नी सरस्वती देवी बहुत लम्बें समय से ब्रेन टियूमर रोग से ग्रसित थे। उनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय बनी हुई है इस लिए रविदास विकास समिति के द्वारा पांच हजार रुपया देकर मदद किया गया। अरविन्द राम रविदास विकास समिति के सक्रिय सदस्य है इसलिए समिति की ओर हर समय मदद किया जायेगा।

## श्री सूर्य मंदिर प्रांगण में होगा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेल बिगहा अन्तर्गत काजरात, कररवार नदी के तट पर स्थित ऐतिहासिक श्री सूर्य मंदिर प्रांगण में इस वर्ष अप्रैल महीने में एक भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। 17 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं भगवान भास्कर की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। यज्ञ समिति काजरात एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से यह आयोजन एक बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक महोत्सव का रूप ले चुका है। कार्यक्रम का शुभारंभ 17 अप्रैल को भव्य जल यात्रा से होगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। 18 अप्रैल को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं यज्ञ प्रारंभ की विधियां संपन्न होंगी। 19 अप्रैल को पूजन-पाठ तथा धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन रहेगा। 20 अप्रैल को नगर भ्रमण के अंतर्गत देव विग्रहों की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण का संचार करेगी। 21 अप्रैल को आयोजन का सबसे प्रमुख दिन होगा, जब श्री भगवान भास्कर की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत की जाएगी। समापन दिवस 22 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को भी सुदृढ़ करता है।समिति ने क्षेत्रवासियों सहित दूर-दराज के श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर सपरिवार पधारने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# कार्यालयों को वसूली का अड्डा बनने से रोकें वरना आंदोलन होगा तेज : गोरखनाथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** सरकारी दफ्तरों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजसेवी गोरखनाथ पांडेय ने शनिवार को हल्ला बोल कार्यक्रम चलाया. इसके तहत उन्होंने ग्रामीणों के साथ बस स्टैंड से प्रदर्शन करते हुये बिश्रामपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर पहुंचे, जहां प्रदर्शन धरना में तब्दील हो गया.गोरखनाथ पांडेय ने कहा कि नगर परिषद कार्यालय हो या फिर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभी में भ्रष्टाचार चरम पर है.पदाधिकारी से लेकर कर्मचारी तक भ्रष्टाचार में लिप्त हैं. बगैर रिश्वत दिये आम लोगों का कोई भी कार्य नहीं हो रहा है. उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों को वसूली का अड्डा बनने से रोका जाना चाहिए, वरना आंदोलन को और तेज किया जायेगा. जरूरी पड़ी तो अनिश्चितकालीन आमरण अनशन किया जायेगा. किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार को शिष्टाचार में बदलने नहीं दिया जायेगा. धरना समाप्ति से पहले श्री पांडेय ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय को एक ज्ञापन भी दिया. मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रखंड संसाधन केंद्र पाटन के अंजनी नंदन मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पलामू जिला स्तरीय प्रखंड संसाधन केंद्र के रात्रि प्रहरी का चुनाव करा कर कमेटी का गठित किया गया जिसमें प्रखंड संसाधन केंद्र पलामू का अध्यक्ष विदेशी ठाकुर को बनाया गया। उपाध्यक्ष अंजनी नंदन मिश्र को सचिव सुनील कुमार को एवं कोषाध्यक्ष मृत्युंजय राम को बनाया गया था। प्रखंड संसाधन केंद्र का चुनाव में पलामू जिले के हर प्रखंड से आए हुए रात्रि प्रहरी ने मिलकर सर्वसम्मति से शांतिपूर्ण चुनाव किया। मौके पर सुनील कुमार, राजीव कुमार सिंह, महेंद्र साहू ललमनी राम, जितेंद्र कुमार मृत्युंजय राम, जय नारायण पासवान, प्रवेश कुमार, ठाकुर समेत अन्य रात्रि प्रहरी मौजूद रहे।

# एके सिंह कॉलेज जपला में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** 11 अप्रैल को ए0 के0 सिंह कॉलेज, जपला में एकेडमिक इंचार्ज डॉ0 राम सुभग सिंह की अध्यक्षता में सामाजिक क्रांतिकारी महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती के अवसर पर छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष - सह- खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो0 राहुल कुमार सिंह ने किया। सेमिनार में लगभग 400 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। सेमिनार का विषय था। आधुनिक भारत के निर्माता ज्योतिबा फुले। सेमिनार में इस विषय पर विद्यार्थियों में संध्या मेहता, कोमल कुमारी और प्राजक्ता कुमारी ने अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ0 राम सुभग सिंह ने कहा कि ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले दंपति ने शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोलकर क्रांतिकारी कार्य किया। इस महान कार्य के बदले धर्म और समाज के ठेकेदारों के दबाव में इन्हें घर से निकाला गया। फुले ने विधवाओं के बाल काटे जाने के विरोध में पूना के नाइयों की हड़ताल करवाई। विधवाओं के सुरक्षित प्रसव के लिए आश्रम खोले। अछूतों के लिए अपने घर के सामने कुए खुदवाये। किसानों एवं मजदूरों के हितों के लिए आजीवन संघर्ष किया। इनका मुख्य संघर्ष मनुवादी एवं ब्राह्मणवादी व्यवस्था के खिलाफ था। धर्म और ईश्वर के नाम पर ब्राह्मणों द्वारा शूद्रों एवं अछूतों का जो शोषण हो रहा था, उसका खुलासा करने के लिए गुलामगिरी पुस्तक लिखी। समाज में स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के लिए आजीवन संघर्ष कर फुले ने आधुनिक भारत का निर्माण किया और इसी कारण डॉ0 अंबेडकर ने इन्हें अपना गुरु माना। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मार्च महीने में आयोजित क्विज प्रतियोगिता-शहीद भगत सिंह और इनके क्रांतिकारी साथियों की विचारधारा - का पुरस्कार वितरण किया गया; जिसमें प्रशस्ति पत्र के साथ नकद राशि भी प्रदान की गई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता क्रमशः इस प्रकार रहे - अनंत प्रकाश, चांदनी कुमारी, और संध्या मेहता। इस अवसर पर निम्नांकित शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित थे- परीक्षा नियंत्रक प्रो0 अशोक कुमार सिंह, प्रो0 मुकेश कुमार सिंह, प्रो0 शशि भूषण सिंह, डॉ0 शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो0 रेखा सिंह, लेखापाल ओम प्रकाश सिंह, प्रधानलिपिक अखिलेश कुमार सिंह, विवेक कुमार, प्रिंस कुमार सिंह । धन्यवाद ज्ञापन आइ0 क्यू0 ए0 सी0 समन्वयक अरुण कुमार सिंह ने किया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### सतुआनी 14 और जुड़ शीतल पर्व 15 को

**रांची :** पूरे राज्य भर में 14 अप्रैल को सतुआनी पर्व मनाया जाएगा। सतुआनी के मौके पर लोग दिन में सत्तु, हाथ का पंखा, मिटटी का घड़ा, आम का टिकोला, गुड़, बेल और मीठे फल का सेवन करते है एवं दान करते हैं। इस अवसर पर दान का भी महत्व है। वहीं 15 अप्रैल को मिथिला का लोकपर्व जुड़ शीतल हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस त्योहार पर लोग सूर्योदन से पूर्व बुजुर्गो और अपने से छोटे लोगों को ठंडा पानी देकर उसे खुश जुड रहने का आशिर्वाद देते हैं। साथ ही इस अवसर पर भगवान को भी ठंडे पानी से पूजा की जाती है। वहीं शितला माता को बासी भोजन और जल चढ़ाने का रिवाज है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से रक्त दान शिविर का आयोजन

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से 12 अप्रैल को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन संस्थान के छात्र मामलों के डीन सह एन एस एस अध्यक्ष डॉ भास्कर कर्ण ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान का कार्य है। हम सभी को इस पुण्य कार्य में खुद भी सहयोग करना चाहिए साथ हीं दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओ.पी. पांडे ने कहा कि रक्तदान को बनाइए अभियान, रक्तदान करके बचाइए जान। इस कार्यक्रम के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजीत कुमार, डॉ संजीव तिवारी और डॉ अभिजीत नाग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र प्रमुख रितेश, विशेष, पृथ्वी राज, संस्कार एवं अन्य स्वंसेवकों का सहयोग रहा।

# पेयजल की सुविधाएं और पंचायतों की सुदृढ़ीकरण को लेकर डीसी ने किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी रांची, मंजूनाथ भजन्त्री गर्मी में जिलें में पेय जल की समस्या ना हो इसको लेकर काड़ी गंभीर है, इसको लेकर उन्होंने कई बैठके पूर्व में किया है। साथ ही उन्होंने गर्मी आने से पूर्व ही सम्बंधित सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उसी कड़ी में आज दिनांक- 12 अप्रैल 2025 को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी रांची, मंजूनाथ भजन्त्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गर्मी को देखते हुए पेयजल की सुविधाएं और पंचायतों की सुदृढ़ीकरण से संबंधित सभी पंचायतों के मुखिया के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक किया।

**अघतन स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी:** उपायुक्त द्वारा नए चापानल एवं चापानल मरम्मती की अघतन स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए। सम्बंधित सभी अधिकारी से नए चापानल की भौतिक स्थिति की जानकारी लेते हुए सम्बंधित सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा, की किसी परिस्थिति में पेय जल की समस्या ना हो।

**सभी सम्बंधित अधिकारी कार्यो का निष्पादन सही से करें:** उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारी को कड़े शब्दों में कहा है, की जिला में पेयजल की समस्या ना हो इसके लिए सभी सम्बंधित पदाधिकारी चापानल की मरम्मती सुनिश्चित रूप से करा ले। साथ ही उन्होंने प्रखंडवार कितना चापानल गढ़ा है, इसकी पूरी सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सभी सम्बंधित अधिकारी को अपने कार्यों का निष्पादन सही से करने को कहा गया।

**पेय जल की समस्या के वास्तुस्थिति के बारें में जानकारी:** उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पंचायत के कुछ मुखिया से बात करके पेय जल की समस्या के वास्तुस्थिति के बारें में जानकारी लेते हुए उनसे चापानल मरम्मती की सूची एवं नए चापानल का भौतिक सत्यापन की सूची जल्द भेजने को कहा गया।



**पंचायतों की सुदृढ़ीकरण पर जोर:** उपायुक्त द्वारा कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विशेष रूप से कहा गया की जिला प्रशासन का लक्ष्य पेयजल सुविधाओं को सुदृढ़ करने और पंचायतों को और अधिक प्रभावी बनाने पंचायतों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यो, जैसे बुनियादी ढांचे, प्रशासनिक क्षमता और ग्राम रोजगार योजनाओं की दिशा में ठोस कदम उठाना है। जिसपर कार्य किए जा रहें।

**सभी मुखिया को पंचायत की महिला को महिला स्वालंबन में जोड़ने को कहा:** उपायुक्त ने सभी मुखिया को विशेष रूप से कहा की पंचायत की महिला झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की सम्मान राशि को बकरी और मुर्गी पालन करके राशि का सदुपयोग करें ताकि महिला आर्थिक रूप से सक्षम बने एवं आत्मनिर्भर बने। बैठक में उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रांची, राजेश कुमार साव, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रांची, राजीव कुमार उपस्थित थे एवं वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यकारी अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र, कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव,सभी ग्राम रोजगार सेवक, शामिल रहें।

## झामुमो का महाधिवेशन 14 को सीएम हेमंत सोरेन ने लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न संविधान निर्माता डा बाबा भीम राव अंबेडकर जयंती के शुभ दिन झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय 13वां केंद्रीय महाधिवेशन रांची के खेलगांव में शुरू होने जा रहा है।

इस महाधिवेशन को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लेने खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टाना भगत इनडोर स्टेडियम का मुआयना किया और पूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जहां कुछ कमियां नजर आई वहां निर्देश भी दिए । इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पाण्डेय, अभिषेक प्रसाद श्रीवास्तव सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई कार्यकर्ता एवं जिला उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री, डीआईजी सह एस एसपी चंदन सिन्हा सहित कई पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## महानगर युवा कांग्रेस कमिटी की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

रांची । रांची महानगर युवा कांग्रेस कमिटी की कार्यकारिणी की बैठक रांची स्थित प्रेस क्लब में आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता रांची महानगर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव सिंह ने की । इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कमिटी विस्तार पर चर्चा और आगामी 14 तारीक को भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती पर आयोजित होने वाले प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व में मानव श्रृंखला थी । कमिटी के अध्यक्ष गौरव सिंह का कहना है कि युवा कांग्रेस निरंतर रांची महानगर में वार्ड स्तर तक जन मुद्दों पर लड़ाई लड़ते आ रही है जिसका परिणाम आज हम सरकार बनाने में सक्षम हो पाए है । अतः प्रदेश कांग्रेस द्वारा आहूत आंबेडकर जयंती में भी युवा कांग्रेस मानव श्रृंखला में मेकॉन से राजेंद्र चौक तकसंविधान के साथ एक अच्छा मैसेज देते हुए मानव श्रृंखला के जरिए पहुंचेगी। इस बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो भी उपस्थित हुए और युवा कांग्रेस के पूर्व में किया गए कार्यो की सराहना की और आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, महानगर अध्यक्ष कुमार राजा,बालसंग्रक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी , दीपक साव, खालिद सैफुल्लाह , आयुष राय ,आर्यन कुमार ,रिजवान ,अब्दुल , युवराज ,आदि कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## सदर अस्पताल में दंत चिकित्सा की मिलेगी सुविधा : डा प्रभात कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : अस्पताल रांची के सिविल सर्जन डा प्रभात कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल ने अपनी दंत चिकित्सा इकाई में विशेषज्ञता और सुपर विशेषज्ञता सुविधाएं शुरू की हैं। जल्द ही, सदर रांची में एक विशेषज्ञ दंत चिकित्सा क्लिनिक शुरू किया जाएगा, जिसमें एमडीएस डॉक्टर अपना इलाज देंगे। दंत प्रयोगशाला लगभग तैयार है, जिसमें सभी प्रकार के फ़िक्स्ड और हटाने योग्य प्रोस्थेसिस बनाए जाएंगे। यह प्रयोगशाला गरीब मरीजों के लिए एक बड़ा लाभ होगा, जो पहले दंत चिकित्सा की उच्च लागत के कारण इलाज नहीं करवा पा रहे थे।इसके अलावा, सदर अस्पताल में हेड और नेक कैंसर सर्जरी पहले से ही शुरू हो



चुकी है, और अब पोस्ट-सर्जिकल मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थेसिस और ऑब्चुरेटर भी दंत प्रयोगशाला में किया जाएगा। यह कैंसर रोगियों के लिए एक बड़ा लाभ होगा। डॉ. रवि राज, एक प्रोस्थोडॉन्टिस्ट, (एमडीएस विशेषज्ञ जो सभी प्रकार के प्रोस्थेसिस बनाने और दंत प्रयोगशाला चलाने में विशेषज्ञ हैंः) प्रयोगशाला में अपनी सेवा देंगे और संचालन करेंगे।जल्द ही, एक उन्नत एक्स-रे केंद्र (सीबीसीटी) जो राज्य का पहला cbct Center hoga , इसके साथ-साथ एक विशेष डेंटल इम्प्लांट क्लिनिक की भीशुरुआत होगी, अभी राज्य के किसी भी मेडिकल कॉलेज या हॉस्पिटल में ये सुविधा नहीं है , और एक विशेष आरसीटी कक्ष भी शुरू किया जाएगा। इन सभी सुविधाओं के साथ, रांची जिला दंत इकाई भारत में अपनी तरह की एक अनोखी इकाई होगी।

## यशोदा हॉस्पिटल्स सर्जरी के साथ उम्मीद की लौ जगाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उन्नत सर्जिकल देखभाल के क्षेत्र में अग्रणी यशोदा हॉस्पिटल्स ने रांची झारखंड के 25 वर्षीय सौरव कुमार यादव पर एक जटिल डुअल स्टोमा रिवर्सल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे पहले, एक गंभीर सडक दुर्घटना (रोड ट्रैफिक एक्सीडेंट) के बाद उन्हें फेकल पेरिटोनाइटिस हो गया था.

जिसके कारण उनकी लैप्रोटॉमी कर डाइवर्जन इलियोस्टॉमी और कोलॉस्टॉमी करनी पड़ी थी। कई महीनों की रिकवरी के बाद भी, उनके मामले की जटिलता को देखते हुए देश के कई बड़े चिकित्सा केंद्री ने सर्जरी को जोखिमपूर्ण बताकर टाल दिया।

लेकिन यशोदा हॉस्पिटल्स में सिंगल-स्टेज डुअल स्टोमा क्लोजर प्रोसीजर के जरिए सफल इलाज किया गया।

इस जटिल सर्जरी को डॉ. मूड़े जयंत, कंसल्टेंट सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट और रोबोटिक सर्जन ने अपनी बहुविशेषज्ञ टीम के साथ मिलकर अंजाम दिया। इस प्रक्रिया में इलियोस्टॉमी और कोलॉस्टॉमी दोर्ना का इंटरनलाइजेशन, सूक्ष्मता से की गई एनास्टोमोसिस, और सर्जरी के बाद दर्द प्रबंधन शामिल था. जिससे रोगी को तेज़ और सुरक्षित रिकवरी मिली।

## निगम क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप से खटाल संचालन करने वाले संचालकों पर की जायेगी कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रशासक प्रशांत सिंह के निर्देशानुसार रांची नगर निगम शहरी क्षेत्र में बिना अनुमति चल रहे खटाल संचालकों के विरुद्ध सघन जांच अभियान निगम द्वारा शनिवार से प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत् निगम क्षेत्रांतर्गत खटाल संचालन से संबंधित वैधानिक दस्तावेजों की जांच की जा रही है यथा ट्रेड लाइसेंस, परिसर का होल्डिंग, ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था इत्यादि । जांच क्रम में जिन खटाल संचालकों के पास वैधानिक दस्तावेज नहीं पाए जायेंगे एवं खटाल से निकलने वाले अपशिष्ठ का सही प्रकार से निस्तारण नहीं किया जा रहा होगा, उनपर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के धारा 319/3 के तहत्



कार्रवाई की जायेगी।रांची नगर निगम की टीम के द्वारा खटाल संचालकों को यथाशीघ्र अनुज्ञप्ति प्राप्त करने का निर्देश दिया जा रहा है एवं लाइसेंस निर्गत करने के बाद खटाल संचालकों को पशुओं को साफ-सुथरा रखने और आस-पास गंदगी नहीं फैलाने का भी निर्देश दिया जा रहा है। नियमों की अवहेलना करने वाले खटाल संचालकों पर जुर्माना और कार्रवाई की जाएगी।

**म्युनिसिपल एक्ट के तहत जुर्माना:** झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 की धारा 319/3 के तहत नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले खटाल संचालकों पर एक्ट के तहत दो हजार तक जुर्माना वसूले जाने का भी प्रावधान है एवं उल्लंघन जारी रहने की स्थिति में अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा, जो कि प्रत्येक दिन पचास रुपए तक का हो सकेगा। इसके अलावा झारखण्ड राज्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवा शुल्क नियमावली-2016 के तहत् गोबर सार्वजनिक स्थानों पर डालने पर एक हजार तक का जुर्माना वसूला जाएगा।

## पीएनबी ने 131 वाँ स्थापना दिवस मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 12 अप्रैल, 2025 को पंजाब नैशनल बैंक अपनी स्थापना की 131वाँ वर्षगांठ मनाया गया । भारत में स्वदेशी भावना को ध्यान में रखते हुए भारतीयों के लिए एक स्वदेशी बैंक बनाने के उदेश्य से पंजाब नैशनल बैंक की स्थापना स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय द्वारा की गई थी। 12 अप्रैल 1895 को इसकी पहली शाखा का परिचालन शुरू हुआ और इस बैंक के संस्थापक लाला लाजपत राय इसके प्रथम ग्राहक बने। पीएनबी का इतिहास भारत के स्वतंत्रता संग्राम और आर्थिक विकास से जुड़ा हुआ है। पीएनबी ने एक सदी से भी ज्यादा के अपने सफर में भारत के अलावा विदेशों में भी अपनी मौजूदगी का विस्तार किया है। राँची मंडल के समस्त शाखाओं/कार्यालयों में धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में मंडल कार्यालय राँची में मंडल प्रमुख श्री अवधेश कुमार झा की अध्यक्षता में साइबर धोखाधड़ी जागरूकता हेतु वकाथान कार्यक्रम तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बैंक के अधिकारियों कर्मचारीयों ने भाग लिया। इस अवसर पर उप मंडल प्रमुख नितिन कुमार बंका, सीएसी प्रमुख रोशन कुमार, जीबीवी प्रमुख कृष्ण मोहन नेहरू तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।



## पारस हॉस्पिटल एचइसी में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पेट स्कैन का शुभारंभ 14 अप्रैल को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पारस हॉस्पिटल एचइसी में आगामी 14 अप्रैल दिन सोमवार को रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की शुरुआत होगी। साथ ही पेट स्कैन भी प्रारंभ हो जायेगा। इसके साथ एक ही छत के नीचे मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की सुविधा कैंसर मरीजों को मिलेगा। यह पूरी तरह के ऑन्कोलॉजी सेंटर बन जायेगा। इस उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को निश्शुल्क कैंसर ओपीडी परामर्श शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में कैंसर स्क्रीनिग पैकेज भी निश्शुल्क मिलेगा। इस पैकेज में कुल 11 प्रकार के महत्वपूर्ण जांच किये जायेंगे। इनमें रक्त से संबंधित संपूर्ण रक्त गणना (सीबीसी), परिधीय रक्त स्मीयर, गुर्दा कार्य परीक्षण और यकृत कार्य परीक्षण शामिल है। वहीं, कैंसर मार्कर परीक्षण के तहत कुल 6 प्रकार के जांच किये जायेंगे। इनमें लिवर कैंसर के लिए अल्फा फेटोप्रोटीन, प्रोस्टेट कैंसर के लिए प्रोस्टेट विशिष्ट एंटीजन, अग्नाशय और पेट के कैंसर के लिए सीए 19.9, डिम्बग्रंथि कैंसर के लिए सीए 125, स्तन कैंसर के लिए सीए 15.3 एवं कोलोरेक्टल और अन्य कैंसर के लिए कार्सिनोएंब्रायोनिक एंजीटन की जांच शामिल है। इसके अलावा महिलाओं के लिए प्रारंभिक स्तन कैंसर जांच के लिए अल्ट्रासाउंड भी की जायेगी। यह शिविर सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक लगेगा। सभी अपॉइमेंट बुक करने के लिए पारस हॉस्पिटल एचइसी में संपर्क कर सकते हैं। पारस हॉस्पिटल के जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने बताया कि पारस हॉस्पिटल में कैंसर से संबंधित सभी प्रकार के जांच और इलाज की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। कैंसर के मरीज अब बड़े ही सुलभ तरीके से एक ही जगह अपना इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों से करवा सकते हैं। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि अगर समय पर कैंसर की पहचान हो जाये, तो इसका इलाज संभव है।

## होल्डिंग टैक्स जल्द से जल्द जमा कर दे : उप प्रशासक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के राजस्व संग्रहण की नई रणनीति पर चर्चा करने हेतु 12.04.2025 को उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में राजस्व शाखा के पदाधिकारियों एवं पूरी टीम के साथ बैठक आहूत की गई। उनके द्वारा बैठक में निम्न दिशा-निर्देश दिए गए: वित्तीय वर्ष 2024-25 के सभी बकाएदारों को यथाशीघ्र नोटिस निर्गत करते हुए कर की वसूली करना सुनिश्चित करें।निगम क्षेत्रांतर्गत लगभग 13,000 खाली भूमि पंजीकृत है, उनका री-असेसमेंट प्राथमिकता के साथ करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बड़े प्रतिष्ठान जिनके द्वारा अब तक सेल्फ असेसमेंट नहीं किया गया है, उन्हें जल्द से जल्द सेल्फ असेसमेंट करने हेतु निर्देशित करे। सभी वार्ड में सघन अभियान



चलाते हुए रेजिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वाले भवन मालिकों पर कार्रवाई करे एवं पेनल्टी के साथ कमर्शियल होल्डिंग हेतु ऑन स्पॉट डिमांड खड़ा करे।बैठक में उप प्रशासक द्वारा बताया गया कि नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के होल्डिंग टैक्स का एकमुश्त भुगतान 30 जून 2025 (प्रथम तिमाही) तक करने पर कर दाताओं को टैक्स की राशि पर अधिकतम 10त्न की छूट का प्रावधान निगम द्वारा दिया

**सभी वार्ड में सघन अभियान चलाते हुए रेजिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वाले भवन मालिकों पर कार्रवाई करे एवं पेनल्टी के साथ कमर्शियल होल्डिंग हेतु ऑन स्पॉट डिमांड खड़ा करे**

गया है। इसके लिए पूरी टीम सभी वार्डो में प्रचार-प्रसार करवाना सुनिश्चित करें ताकि ज्यादा से ज्यादा नागरिक इस छूट का लाभ ले सकें।

बैठक में सहायक प्रशासक श्री चंद्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, निगम के कर संग्रहकर्ता, एजेंसी मेसर्स श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स के कर संग्रहकर्ता, पीएमयू की टीम एवं राजस्व शाखा के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## आजसू से लोहरदगा विधायक उम्मीदवार रही नीरु शांति भगत झामुमो में शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पाण्डेय ने बताया कि भारतरत्न डा बाबा भीमराव आंबेडकर की जयंती के दिन 14 और 15 अप्रैल दो दिवसीय झारखंड मुक्ति मोर्चा का 13 वें केंद्रीय महाधिवेशन होने जा रहा है। इसी दौरान झामुमो के प्रति समर्पण भाव रखने वाले पार्टी का दामन थाम रहे हैं और सिलसिला अभी तक जारी है। दूसरे पार्टियों के बड़े बड़े चेहरे भाजपा, आजसू छोड़ कर झामुमो के विचार को स्वीकार कर रहे हैं। शनिवार को भी यही हुआ जब झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष गुरु शिबू सोरेन के मार्गदर्शन और कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी के केंद्रीय कार्यालय मे लोहरदगा से आजसू पार्टी की पूर्व प्रत्याशी नीरू शांति भगत के नेतृत्व मे मुख्य रूप से आशुतोष गोस्वामी (केंद्रीय कार्यालय सचिव,आजसू पार्टी) के साथ हजारीबाग और रामगढ़ जिला के सैकड़ों आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ली। सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई और पार्टी के नीति



सिद्धांतों से अवगत कराते हुए झामुमो परिवार मे स्वागत और अभिनंदन किया। साथ ही संगठन को मजबूत करते हुए कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से लोहरदगा जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद, रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम एवं पार्टी के अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। पार्टी की सदस्यता लेने वालों मे मुख्य रूप से विश्वास उरांव, अशोक लुगुन, अशोक कच्छप, संजय लकड़ा, रामचंद्र गिरी, शाहिद अंसारी, नसीम अख्तर, विजय उरांव, धर्मेंद्र भगत, सुभाष भगत, तौहीद कुरैशी, साजिद अहमद, शमीम अंसारी, कलीम खान, वसीम अंसारी, अनुराग भारद्वाज, शकील अहमद, उदय दत्ता, ईशा भाई, बुद्धेश्वर उरांव, करमचंद्र उरांव, चंद्रेश उरांव, जोगेंद्र भगत, जूरा उरांव, अनूप सिन्हा, दीपक वर्मा, मोइन अंसारी, मुस्ताक अहमद, सेराज राजू, ऐनुल मीर, शेख शहाबुद्दीन, रिंकू खान, रोहन भगत लकड़ा, सुनील कुजूर, बबलू उरांव, संतोष उरांव के साथ अन्य सैकड़ों लोग रहे।

## सरना स्थल से रैंप नहीं हटा तो हो सकती है दुर्घटना : समिति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आदिवासी समन्वय समिति के नेतृत्व में शनिवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से शनिवार को राजभवन के पास धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल संतोष गंगवार के नाम पांच सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि मेकन से सिरमटोली चौक तक बन रहे फ्लाईओवर के रैंप को आदिवासियों के आस्था का केंद्र केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली के पास उतारा जा रहा है। इसके चलते सरहुल जुलूस में मात्र 25 प्रतिशत लोग ही सरनास्थल तक पहुंच पाए। साथ ही कहा गया कि यदि सरना स्थल के समीप से रैंप नहीं हटाया गया तो किसी भी वर्ष दुर्घटना हो सकती है। इसलिए इस संबंध में राज्यपाल आदिवासी समुदाय की धार्मिक भावनाओं की कद्र करते हुए राज्य सरकार को रैम्प हटाने का निर्देश



दें। वहीं समिति के अन्य मांगों में मरंगबुरू पारसनाथ पहाड़ संथाल आदिवासियों को वापस करने, कांके के हेठ बालू में एक अप्रैल पूजा पाठ के दौरान महिलाओं और ग्रामीणों के साथ मारपीट की घटना के अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तार करने और नामकुम में आदिवासियों की जमीन पर चल रहे अवैध में आदिवासियों के साथ हुई मारपीट की घटना के दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करना शामिल है।

## पाँच पंचायत में एक महीना से बंद है खलारी के फिल्टर प्लांट से जलापूर्ति

# खरीदकर पानी पीने को है लोग मजबूर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी प्रखंड के पांच पंचायतों में पिछले करीब एक महीना से जलापूर्ति बंद है. प्रखंड के बुकबुका महावीरनगर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा स्थापित 55 लाख लीटर प्रति दिन क्षमता वाले फिल्टर प्लांट से बुकबुका, चूरी दक्षिणी, हुटाप, खलारी व चूरी मध्य पंचायत के करीब चार हजार उपभोक्ताओं को पानी सप्लाई किया जाता है.

इन पांच पंचायतों में तीस हजार से अधिक आबादी है इतनी बड़ी आवादी इलाका में एक महीना से जलापूर्ति ठप होने के कारण लोगों को खासे परेशानी हो रही है. लोग खरीदकर पानी पीने को मजबूर है. बहुग्रामीण जलापूर्ति संचालन समिति इस पूरे प्रोजेक्ट का संचालन करती है. पानी सप्लाई वाले सभी पांच पंचायतों के मुखिया इस समिति में हैं. चूरी दक्षिणी पंचायत के करंजतोर्री स्थित सपही नदी में बने इंटक वेल से फिल्टर प्लांट में पानी लाया जाता है. इंटक वेल के पंप में खराबी आ गई है. बताया गया है कि पंप को मरम्मती के लिए विभाग द्वारा रांची ले जाया गया है. कुछ पार्टस को मरम्मती के लिए कोलकता भेजा गया है. ईद, सरहुल, रामनवमी जैसे पर्व में भी लोगों को पानी नहीं मिल सका. एक माह से पानी नहीं मिलने से आम लोग परेशान हैं. जिनके पास वैकल्पिक उपाय नहीं है, वैसे परिवार जहां तहां से पानी ढो रहे हैं.

**अतिरिक्त पंप को दुरूस्त नहीं करने से आई है परेशानी :** इस पूरी परियोजना में जितने भी मोटर या पंप लगे है, उन सभी में एक एक अतिरिक्त मोटर व पंप दिए गए हैं. प्रबंधन सही हो तो परियोजना ठप होने की स्थिति कभी न हो. इससे पहले भी अगस्त 2024 में करंजतोरा में पंप में खराबी आई थी. उस समय भी दोनों मशीन के खराब हो जाने से जलापूर्ति ठप हो गया था. तब एक मशीन को मरम्मत कर प्रोजेक्ट चालू कर दिया गया था. परंतु प्रोजेक्ट चालू होते ही लापरवाही बरती गई और अतिरिक्त पंप को ठीक नहीं कराया गया. नतीजा हुआ कि पूरा प्लांट एकबार फिर से ठप हो गया.

**जलशुल्क वसूली के नियम में उलझा हुआ है प्रोजेक्ट :** बुकबुका के इस बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना की संचालन समिति (संबंधित मुखिया) व संबंधित जलसहिया में तालमेल का अभाव इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए बाधक बना हुआ है. प्रोजेक्ट संचालन की जिम्मेवारी समिति की है. परंतु जलशुल्क वसूली का अधिकार जलसहिया को है. संचालन समिति हमेशा पैसे का अभाव बताती है. प्रति उपभोक्ता प्रति माह एक सौ रूपया जलशुल्क तय है और 4 हजार उपभोक्ता हैं. आधे उपभोक्ता भी जलशुल्क देंगे तो पैसे का अभाव नहीं होना चाहिए. प्लांट चलाने में मरम्मति को छोड़ प्रति माह करीब 80 हजार रूपए का खर्च है. आए दिन जलापूर्ति बंद होने से परेशान आम जनता इस प्रोजेक्ट को निजी एजेंसी को सौपने की बात कह रही है.

### दो दिनों में शुरू हो जाएगी जलापूर्ति

विभाग के कनीय अभियंता दीपांकर ने बताया कि मशीन का मरम्मती लगभग पूरा कर लिया गया है. इस सप्ताह में जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी.



### निजी कंपनी या एजेंसी के हांथो में देने का ग्रामीणों ने किया मांग

बुकबुका के इस बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना की संचालन पंचायती व्यवस्था से हटाकर टेंडर के माध्यम से चलाने का मांग बीडीओ से ग्रामीणों ने की है. इन पांचों पंचायतों के ग्रामीणों का कहना है कि हर महीना जल शुल्क जमा लिया जाता है बाबजूद किसी तरह के खराबी होने पर मरम्मती के लिए संचालन समिति के पास पैसा नही रहता है. कहा कि यह समस्या आये दिन रहता है. समिति को इस योजना के शौपने से पहले ठीकेदार द्वारा तीन साल बिना परेशानी को लोगों को पानी मिलता रहा परंतु जब से समिति को सौपा गया है लोगों को पानी नही मिल पा रहा है. ग्रामीणों ने फिर से बीडीओ से मांग किया है कि इस जलापूर्ति कार्य को टेंडर के माध्यम से ठेके पर देकर कोई निजी कंपनी या एजेंसी इस कार्य को कराया जाय ताकि निरंतर पानी मिलता रहे।

## झामुमो का बांसारुली पंचायत प्रांगण में पंचायत कमेटी का गठन



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के बांसारुली पंचायत भवन के प्रांगण पर शनिवार को झामुमो सिल्ली प्रखण्ड अध्यक्ष राधिका महतो की अध्यक्षता में बांसारुली पंचायत के पंचायत कमिटी के गठन सम्बन्धित बैठक रखा गया। जिसमें जिला के पूर्व युवा मोर्चा उपाध्यक्ष फलहारी महतो तथा किसान मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष गोकुल महतो , प्रखंड मीडिया प्रभारी महेश महतो प्रखंड संगठन सचिव दिनेश साहू , बुधु महतो आकाश कुमार, जितेंद्र महतो, सोनाराम महतो, महेंद्र महतो, रिंकू महतो,तथा सैकड़ों झामुमो सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में पंचायत कमेटी का गठन हुआ जिसमें अध्यक्ष - आकाश कुमार महतो, सचिव- अमूल्य रतन बेदिया, कोषाध्यक्ष- सोनाराम महतो, उपाध्यक्ष- विवेक महतो संगठन सचिव- सूरज कुमार महतो(फल्हारी ) सयुक्त सचिव- महेन्द्र महतो को सर्वसम्मति से बनाया गया।

## आजसू पार्टी ने अमर शहीद सिदो-कान्हू की जयंती मनाई



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली स्थित आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय में शुक्रवार को अमर शहीद सिदो-कान्हू का जयंती मनाया गया। आजसू पार्टी प्रमुख सह पुर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, केंद्रीय सचिव गौतम कृष्ण सिहु, सुशील महतो, जिप उपाध्यक्ष ?वीणा चौधरी समेत आजसू कार्यकर्ताओं ने सिदो-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।इस मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि अमर शहीद सिदो-कान्हू ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ हुल क्रांति का आगाज किया था। उन्होंने नारा दिया था की करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो। अल्प आयु में दोनों वीर जांबाजों ने जिस प्रकार अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लिया, उनके साहस की गाथा को युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। इस मौके पर हरिपद मांझी,रामस्वरूप मंडल, हलधर मांझी, सम्बत बड़ाइक, राजेश कुम्हार,अफरोज आलम,शक्ति महतो, संतोष मंडल, शरद महतो, मनोहर महतो,आदेश महतो आदि उपस्थित थे।

## मदर जीरामनी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में पांच दिवसीय खेल महोत्सव का भव्य समापन



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के गूंजा स्थित मदर जीरामनी टीचर्स ट्रेनिंग शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पांच दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का समापन का शुभारंभ हिंदेबिली पंचायत के मुखिया दशमी देवी एवं कॉलेज के उप प्राचार्या डॉ नाजिश नाज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। खेल प्रभारी के नेतृत्व में सभी खेलों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के उप प्राचार्या डॉ नाजिश नाज ने खेल के महत्व को बताते हुए कहा कि प्रशिक्षुओं के जीवन में खेल एक नई ऊर्जा लेकर आती है जो सभी के लिए उपयोगी है। वहीं मुखिया दशमी देवी ने प्रतिभागियों को खेल में भाग लेने पर धन्यवाद दिया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें आपसी प्रेम और भाईचारा सिखाता है। पूरी ईमानदारी एवं सच्ची लगन से जीवन के हर क्षेत्र में खेलना चाहिए और अपने लक्ष्य की प्राप्ति करनी चाहिए। खेल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को ट्रॉफी देकर और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ नीलम कुमारी, मुबारक अंसारी, हरनी, नितेश, नीरा, राजेश कुमार साहू, प्रकाश मुंडा, जितेंद्र कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय मे मनाया गया हनुमान जयंती

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में शनिवार को हनुमान जंयती मनाया गया।इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य गणेश महतो ने हनुमान जी के तस्वीर पर दीप प्रज्जवलन तथा माल्यार्पण कर जयंती कार्यक्रम की शुरुआत की इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ओंकार तिवारी ने हनुमान जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हनुमान जी की जयंती साल में दो बार मनाई जाती है।पहली बार कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि को और दूसरी बार चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि को जंयती मनाई जाती है।इस दिन हनुमान जी ने सूर्य देवता को मधुर फल समझ कर खा लिए थे और पूरे संसार अंधकारमय में हो गया था।इंद्र देवता ने हनुमान जी पर ब्रज प्रहार किया,जिससे हनुमान जी मूर्छित हो गए थे।इससे पवन देवता क्रोधित होकर वायु को रोक दिए थे फिर ब्रह्मदेव ने पवन देव को मनाकर हनुमान जी को अमर रहने का वरदान दिये थे,इस कारण आज का दिन इनका पुनर्जन्म के रूप में मनाया जाता है।विद्यालय के छात्र/छात्राओ को हनुमान जी जैसा शक्तिशाली रहने की प्रेरणा मिली।विद्यालय के कई छात्र/छात्राओ ने भी हनुमान चालीसा,भजन तथा पाठ प्रस्तुत किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या गणेश महतो,शिक्षक राजेंद्र महतो, ओंकार तिवारी, तीजू महतो,कुंदन सिंह, प्रमोद कुमार,प्रभात पासवान,मनोज कुमार महतो, शिव प्रसाद राम, रामप्रसाद महतो,अनिल सिंह,बालेश्वर महतो, राजेश्वरी सिन्हा,वीणा देवी, सोनिका कुमारी,नीलम कुमारी,भगवती गुप्ता,अंजू झा सहित स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## रामनवमी मेला समिति के अध्यक्ष बिजय पाहन को सौंपा गया चैंपियन ट्रॉफी कप

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के राय बस्ती के बजरंग दल मंडली ने रामनवमी मेला समिति के अध्यक्ष विजय पाहन एवं राय पंचायत की मुखिया शीला देवी को स्मृति चिन्ह के रूप में चैंपियन ट्रॉफी कप साथ में एक तलवार सौपा है।यह चैंपियन ट्रॉफी कप और तलवार 06 अप्रैल को रामनवमी पूजा के अवसर पर शिव मंदिर राय बाजार में आयोजित लाठी खेल प्रतियोगिता मे राय बस्ती बजरंग दल मंडली के द्वारा बेहतर लाठी खेल प्रदर्शन और भव्य झांकी प्रस्तुत करने पर प्राप्त हुआ था।आयोजन समिति की ओर से चैंपियन ट्रॉफी कप, तलवार एवं नगद पुरस्कार के रूप मे 2100 रूपये देकर सम्मानित किया गया था।जिसके बाद राय बस्ती के बजरंग दल मंडली के सभी युवाओं ने राय पंचायत की मुखिया शीला देवी एवं विजय पाहन के आवास मे जाकर चैंपियन ट्रॉफी कप सौपा।राय बस्ती के बजरंग दल मंडली के युवाओ के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष रामनवमी मेला में आयोजन समिति की ओर से काफी बेहतर व्यवस्था की गई थी एवं आयोजन समिति की ओर से हम सभी लोगो को काफी सहयोग मिला है। इसी तरह से आगे भी हम सभी को यह सुविधा मिलता रहे।इस मौके पर राय पंचायत की मुखिया शीला देवी,आयोजन समिति के सचिव दुर्गाप्रसाद महतो, कोषाध्यक्ष रुपेश कुमार महतो,मीडिया प्रभारी गणेश कुमार महतो, हरीश कुमार महतो,मंगरु मुंडा,धनेश्वर महतो, मंगरु महतो,आकाश कुमार,किशोर कुमार, विकास कुमार,कुलदीप कुमार,अनूप कुमार, बबलू कुमार,अर्जुन कुमार सहित कई लोग मौजुद थे।

## पिपरवार मे हुई युनाईटेड कोल वर्क्स युनियन की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** यूनाइटेड कोल वर्क्स यूनियन पिपरवार क्षेत्रिय कार्यसमिति की बैठक यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में हुई।बैठक की अध्यक्षता यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल्लाह ने किया।बैठक में सर्वप्रथम शोक प्रस्ताव में यूनियन के बढ़े हुए साथियों के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया।उसके बाद यूनियन के क्षेत्रीय सचिव अरविंद कुमार शर्मा ने कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया।जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने चर्चा किया एवं रिपोर्ट की सराहना की। बैठक में क्षेत्रीय कार्यालय में एक मई को मजदूर दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय गया।वही पांच मई को असंगठित मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी/एचपीसी के अनुसार मजदूरी का भुगतान के लिए मांग दिवस मनाते हुए मजदूरों की समस्याओं को लेकर मांग पत्र महाप्रबंधक पिपरवार को सौंपने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से क्षेत्रीय कार्यकारणी में रिक्त पद पर अनित कुमार वरीय ओवरमैन अशोक परियोजना का चयन किया गया।इसके अलावे पिपरवार क्षेत्र के मजदूरों की समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा करते हुए 2024-25 के श्रम शक्ति बजट के अनुसार रिक्त पदों पर मजदूरों का प्रमोशन, मजदूरों के आवास का गुणवत्तापूर्ण मरम्मत, मजदूरों के पीने के पानी की समस्या,वैसे मजदूर जो पिछले चुनाव में चुनाव कार्य के लिए क्षेत्र से बाहर गए थे उनके यात्रा भत्ता का भुगतान,बहुत से वैसे मजदूर जिनके आश्रितों का नाम एवं जन्म की तारीख में त्रुटियां हैं उन्हें ठीक कर सेवा पुस्तिका में दर्ज करने,एसएलपी का भुगतान,भारत भ्रमण का भुगतान,वैसे मजदूर जिनको आवास की सुविधा नहीं है उन्हें आवास भत्ता का भुगतान,मजदूरों के मेडिकल सुविधा के लिए स्मार्ट कार्ड बनाने में जो त्रुटि आ रही है जिसमें आश्रितों का नाम एवं उनके जन्म की तारीख सैप एवं सेवा पुस्तिका से मेल नहीं खा रहा उसे सुधारने सहित कई बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई।इन सभी मांगो के समर्थन में प्रबंधन को मांग पत्र देने पर सहमति बनी।साथ ही केंद्रीय संयुक्त ट्रेड यूनियन

## वक्फ संशोधन बिल का कांग्रेस पार्टी ने किया विरोध

### अमाल खान ने सभी विपक्ष के नेताओं को राजभवन आने का किया आह्वान



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संसद से पारित होने के बाद वक्फ संशोधन बिल को राष्ट्रपति ने अपनी मंजूरी दे दी है, जिसके बाद यह विधेयक अब कानून का रूप ले चुका है। इस फैसले पर कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव अमाल खान ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और सुप्रीम कोर्ट को काला कानून बताते हुए वापस लेने का अनुरोध किया है। अमाल खान ने अपने बयान में कहा यह कानून मुसलमानों की धार्मिक,शैक्षणिक और सामाजिक संस्थाओं के अस्तित्व पर सीधा हमला है। वक्फ की जमीनें हमारे पूर्वजों की दी हुई अमानत हैं, जिन्हें सरकार अपने नियंत्रण में लेना चाहती है। आगे अमाल खान ने आरोप लगाया कि सरकार इस संशोधन के ज़रिए मुसलमानों को कमज़ोर करना चाहती है और उनके इबादतगाहों, मदरसों, मस्जिदों, दरगाहों और अन्य वक्फ संपत्तियों को असुरक्षित बना रही है। उनके अनुसार, यह कानून मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ है, जिस पर चुप रहना मुमकिन नहीं। उन्होंने इस बिल के खिलाफ देशव्यापी एकजुट विरोध की आवश्यकता पर जोर दिया और अपील की कि सभी धार्मिक और सामाजिक संगठन इस कानून को अदालत में चुनौती दें। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से भी आग्रह किया है कि वह इस कानून का संज्ञान ले और अल्पसंख्यकों के मूलभूत संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करे।और 13 अप्रैल को सभी लोगों से आग्रह किया है कि राजभवन के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने शामिल हो और काला कानून के खिलाफ धरना प्रदर्शन करें।

## पिपरवार के सीसीएल कर्मचारी अमोलकांत मिश्रा को चतरा उपायुक्त रमेश घोलप ने किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया में ऑफिस सुप्रिटेंडेंट के पद पर कार्यरत सीसीएल कर्मचारी अमोलकांत मिश्रा को चतरा उपायुक्त रमेश घोलप ने सम्मानित किया है।अमोलकान्त मिश्रा ने 50 वर्ष के उम्र मे 45 वाँ आल इंडिया मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए बेंगलुरु में आयोजित 1500 मीटर की दौड़ को महज 5 मिनट चार सेकंड में पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। और उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त करने को लेकर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।इसके साथ ही अमोलकांत मिश्रा अब एशियन मास्टर एथेलेटिक्स के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए इंडोनेशिया/चेन्नई में आयोजित होने वाली एशियन खेल में शामिल होंगे।इस उपलब्धि पर चतरा समाहरणालय स्थित सभाकक्ष मे चतरा उपायुक्त रमेश घोलप ने अमोलकांत मिश्रा को शिल्ड देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया।साथ ही आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र,राज्य और देश का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया।ज्ञात हो कि अमोलकान्त मिश्रा इससे पूर्व गोवा,मुंबई और रांची में आयोजित फूल मैराथन गेम 42 किलोमीटर में मेडल प्राप्त कर कोयलांचल सहित चतरा जिला का नाम रौशन कर चुके है।इस अवसर पर उपायुक्त रमेश घोलप के अलावे अमोलकांत मिश्रा, पिपरवार के ऑफिस सुप्रिटेंडेंट अभय कुमार सिंह, पिपरवार के क्षेत्र के संवेदक रमेश कुमार मिश्रा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## पलाश उत्तम एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर में दीदियों संग संवाद, सशक्त आजीविका की ओर बढ़ाया कदम

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलाश उत्तम एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर, कटरमाली सह जरिया संकुल संगठन में शनिवार को एक गरिमामय वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव श्री टी.के. अनिल कुमार (भा.प्र.से.), ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के सचिव श्री के. श्रीनिवासन (भा.प्र.से.) एवं जेएसएलपीएस की सीईओ श्रीमती कंचन सिंह (भा.प्र.से.) की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। अधिकारियों ने संकुल संगठन की दीदियों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए न केवल उनकी मेहनत को सराहा, बल्कि उन्हें सशक्त आजीविका निर्माण हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत स्वागत से हुई, जिसके पश्चात दीदियों ने एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर का भ्रमण कराया। इस दौरान प्रोसेसिंग इंचार्ज रुणा दीदी ने मशीन संचालन से लेकर दाल, बेसन और मसाले के प्रोसेसिंग और पैकेजिंग प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया। वहीं, सेंटर इंचार्ज जया दीदी ने कच्चे माल की खरीदारी से लेकर फिनिश प्रोडक्ट की बिक्री तक की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई। उत्तम दीदियों ने स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन और संकुल संगठन के माध्यम से उत्पादों की बिक्री प्रणाली को भी रेखांकित किया। इसके अलावा, सभी प्रकार के रजिस्टर और सिंपली खाता में जानकारी भरने की विधि भी अधिकारियों को साझा की गई। बैठक के अगले चरण में सी.एल.एफ. दीदियों के साथ प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई। साथ ही संकुल में कार्यरत कैडर दीदियों ने अपनी-अपनी केस स्टडी प्रस्तुत कर ग्राम संगठन स्तर पर अपने अनुभवों को साझा किया। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्री मुकेश सिन्हा ने एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर के समस्त संचालन, सी.एल.एफ. संरचना और प्रखंड स्तर पर चलाए जा रहे विकासात्मक कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आजीविका बढ़ाने हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी। इस गरिमामय मौके पर राज्य कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशिकांत नीरज, जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिषेक चांद, कार्यक्रम प्रबंधक संजय भगत, जिला प्रबंधक प्रमोद कुमार, शिवरामन, सजिव कुमार के साथ-साथ इमागो ग्लोबल ग्रासरूट से गायत्री राव भी उपस्थित रहीं।

## ठाकुर गांव के बंसरी गांव में मंडा पूजा के लेकर ग्रामीणों ने किया बैठक

**ठाकुरगांव(प्रभात मंत्र संवाददाता)** बुढ़मू प्रखंड के बंसरी गांव में ग्रामीणों की बैठक कौशल किशोर साहु की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव उपासना का पूजा मंडा पूजा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। फुलखुन्दी आगामी 24 अप्रैल व 25 अप्रैल को झूलन सह मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पूजा की सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अजय कुमार साहु, सचिव शिबु पाहन व कोषाध्यक्ष कृष्णा साहु चुने गए। वहीं संरक्षक कौशल किशोर साहु, परिबा साहु, मणिकांत साहु, बालेश्वर साहु, जनार्दन साहु बनाये गए। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## एक दिवसीय श्री श्री राम चरित मानस पाठ का आयोजन संपन्न



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के महुआडीह गांव में शुक्रवार को एक दिवसीय श्री श्री रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाला गया।सुबह सभी महिलाएं नहा धोकर हनुमान मंदिर पहुंचे। उसके बाद महिलाएं कलश लेकर मुरी स्वर्ण रेखा नदी पहुंचे। जहां पुरोहित द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। एवं महिलाओं ने कलश में जल भर माथे पर लेकर लंबी लाइन की कतार बनाकर जय श्री राम के नारे लगते हुए मंदिर स्थल के लिए निकल पड़े। साथ ही मंदिर पहुंचकर कलश रख पुजा अर्चना किया। जिसके बाद भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। एवं संध्या के समय भक्ति वेदांत गुरुकुल के द्वारा श्री राम चरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी महिलाओं एवं पुरुषों की भीड़ जमी रही। वहीं देर रात तक पाठ का आयोजन चलता रहा। साथ ही प्रसाद के रूप में खिचड़ी भोग का आयोजन किया गया।इस श्री राम चरित मानस पाठ का आयोजन को सफल बनाने में महुआडीह के ग्रामीणों का काफी सरहानिय योगदान रहा।

## नगड़ाबेड़ा शिव मंडा पूजा में रातभर चला छऊ नृत्य का मुकाबला



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनगड़ा प्रखंड के नगड़ाबेड़ा शिव मंडा पूजा के जागरण में शुक्रवार की रातभर सनत महतो(पूर्वी सिंहभूम) छउ नृत्य मंडली व बाघंबर सिंह मुंडा (पुरूलिया) छउ नृत्य मंडली के बीच मुकाबला चला। सुबह में फूलखुंदी हुई। इसमें 40 शिवभक्त भोक्ताओं ने दहकते अंगारे पर चलकर अपनी शिवभक्ति का परिचय दिया। ज्ञात हो कि नगड़ाबेड़ा से ही अनगड़ा प्रखंड के विभिन्न गांवों में शिव मंडा पूजा का शुभारंभ होता है। मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार व बीओसीडब्लू मेंबर पारसनाथ भोगता थे। अतिथि के रूप में नंदलाल राम, महावीर भोगता, मुखिया राजेंद्र बेदिया, पंसस बिनोद रजवार आदि उपस्थित थे।आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष चमरू बेदिया, सचिव दूतिलाल बेदिया, कोषाध्यक्ष रतन बेदिया, मुख्य संरक्षक मुखिया राजेन्द्र बेदिया, संरक्षक समलू बेदिया, मोहरा बेदिया, जितवा बेदिया, सोमनाथ बेदिया, अजय भारती, महादेव बेदिया, धनेश्वर बेदिया, राजकिशोर बेदिया, अशोक बेदिया, अमित बेदिया का योगदान रहा।

## अंसार खान पैतृक गांव रवाना, 23 अप्रैल तक नहीं लेंगे पार्टी कार्यक्रमों में हिस्सा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक प्रतिनिधि अंसार खान अपने पैतृक गांव बाराबस्ती चंदियाना, बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) रवाना हुए। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल 2025 तक कांग्रेस पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। 24 मई को जमशेदपुर लौटने के बाद सभी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। रवाना होने से पहले उन्होंने मानगो क्षेत्रवासियों से अपील की कि जहां-जहां स्ट्रीट लाइट खराब हैं या नालियां जाम हैं, उसकी शिकायत नगर निगम में दर्ज कराएं ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।

## सुरभि शाखा ने जम्मू अखाड़ा में मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दीप उत्सव मनाया। साथ ही शरबत, चना, गुड़ का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सीताराम डेरा स्थित हनुमान मंदिर जम्मू अखाड़ा में हुआ। आज का कार्यक्रम सांवरमल अग्रवाल घाटशिला के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, ममता अग्रवाल सुमन झाझरिया, श्रुति अग्रवाल, मेघा जैन एवं जम्मू अखाड़ा के कार्यकर्ता बंटी अग्रवाल के द्वारा संपन्न हुआ।

## राकेश साहू बने पश्चिम सिंहभूम युवा कांग्रेस के सह प्रभारी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** काशीडीह निवासी एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू को पश्चिम सिंहभूम जिला का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब व प्रभारी कृष्णा एलोवेरा की स्वीकृति से हुई। राकेश ने प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज व प्रभारी शशि सिंह का आभार जताया। 13 अप्रैल को चाईबासा में होने वाली जिला कार्यकारिणी बैठक व सदस्यता अभियान में वे भाग लेंगे।

## अंडर-19 नेशनल स्कूल गेम्स के लिए खरसावां के 4 खिलाड़ियों का चयन



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मणिपुर में आयोजित अंडर-19 नेशनल स्कूल गेम्स के लिए झारखंड की फुटबॉल टीम में खरसावां के आवासीय प्रशिक्षण केंद्र से चार खिलाड़ियों - दशरथ मार्डी, विशाल महतो, राजू टुडू और रोहित हेंब्रम का चयन हुआ है। ये सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि पर जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार और जिला फुटबॉल संघ के सचिव मोहम्मद दिलदार ने प्रसन्नता जताई है। उन्होंने प्रशिक्षकों बलराम महतो, संजय सुंडी और मैटर पिनाकी रंजन को भी बधाई दी है। चयन को जिले के लिए गौरव की बात बताया गया है।

## रुगुडीह और रोलाहातु पंचायतों में सचिव की लापरवाही से सरकारी काम ठप : करम सिंह मुंडा



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** कुचाई प्रखंड के रुगुडीह और रोलाहातु पंचायतों में पंचायत सचिव हरे कृष्ण प्रधान की लापरवाही के कारण पिछले तीन महीनों से सरकारी कार्य ठप पड़े हुए हैं। पंचायत सचिव के कार्यभार संभालने के बाद भी, न तो जन्म प्रमाण पत्र और न ही मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत हो पा रहे हैं, जिससे विशेषकर बच्चों का स्कूलों में नामांकन प्रभावित हो रहा है। रुगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा ने प्रेस बयान में आरोप लगाया कि सचिव की अनदेखी से पंचायतों के अन्य आवश्यक कार्य भी बाधित हो गए हैं। उन्होंने बताया कि एकलव्य आश्रम और जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्रों के नामांकन के लिए जन्म प्रमाण पत्र की जरूरत है, लेकिन सचिव की लापरवाही के कारण यह कार्य लंबित है। मुखिया ने सचिव से शीघ्र सुधार की मांग की है ताकि पंचायत स्तर पर जनता को हो रही परेशानी का समाधान हो सके।

## नदी में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर से हादसा, युवक गंभीर रूप से घायल



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के जारगोडीह महादेव घाट में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना उस समय हुई जब मजदूर मंगल सिंह मुंडा (25) ट्रैक्टर में लकड़ी की बल्ली लगा रहा था, तभी ट्रैक्टर का चक्का उस पर चढ़ गया। घायल युवक को ग्रामीणों ने खटिया में लादकर नदी से बाहर निकाला और पुलिस को सूचित किया। घटना के बाद ईचागढ़ थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे और तिरूलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार मौके पर पहुंचे। घायल को इलाज के लिए जमशेदपुर भेजा गया और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। चालक फरार है।

## विधायक प्रतिनिधि ने बांटा पाठ्य सामग्री



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने शनिवार को राखडीह प्राथमिक विद्यालय में राज्य सरकार की विद्यालय किट योजना के तहत बच्चों के बीच शैक्षणिक सामग्री एवं बैग का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक व स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मां तुझे सलाम संस्था ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा



जमशेदपुर(**प्रभात मंत्र संवाददाता**) : मां तुझे सलाम संस्था ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा, जिसमें खासमहल प्राथमिक विद्यालय की जर्जर स्थिति के बारे में बताया गया। यह विद्यालय पंचायत का एकमात्र सरकारी स्कूल है, लेकिन इसका भवन बारिश में पानी से भर जाता है, जिससे छात्रों को पढ़ाई में कठिनाई होती है। संस्था ने मांग की कि इस विद्यालय को मिडिल स्कूल में बदला जाए और उपायुक्त महोदय इसे गोद लें। ज्ञापन देने वालों में संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर खान, नंदकिशोर ठाकुर, ललन यादव, राजू, कानू और अन्य सदस्य शामिल थे।

### *जमशेदपुर अंचल कार्यालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण*

## सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, होगी शख्त कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल ने आज जमशेदपुर अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न अभिलेखों, पंजी, संचिकाओं एवं भूमि संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा की। आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण, म्यूटेशन, नामांतरण, टाटा लीज से संबंधित रिकॉर्ड की जांच कर अधिकारियों को दस्तावेजों के समुचित रख-रखाव और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित म्यूटेशन मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को अनावश्यक कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए सिस्टम को प्रभावी बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में कार्यरत कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति की भी जांच की। उन्होंने कहा कि अनुपस्थित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद और अंचल अधिकारी मनोज कुमार भी उपस्थित थे।

### सरकारी जमीन के अतिक्रमण पर सरकारी कर्मियों की जवाबदेही तय

श्री मित्तल ने अंचल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, निर्माण या खरीद-बिक्री जैसी गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में संबंधित सरकारी कर्मियों की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ निलंबन या बर्खास्तगी जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण की स्थिति में स्वत : संज्ञान लेकर आरोपी को नोटिस जारी करने, सर्वेक्षण करने और जेपीएलई अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

## सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करने समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंप्लॉय फेडरेशन के बैनर तले शिक्षकों व कर्मचारियों ने बीआरसी से रैली निकालकर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ एकता वर्मा को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री के आप्त सचिव व मुख्य सचिव के नाम भेजा गया। प्रमुख मांगों में राज्य के शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देना, सेवानिवृत्ति की उम्र 62 वर्ष करना तथा केंद्रीय कर्मचारियों की तर्ज पर शिशु शिक्षण भत्ता देना शामिल है। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष सुमन चंद्र हालदार एवं सचिव सुकुमार महतो ने किया। जिला अध्यक्ष संतोष महतो ने कहा कि मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। राज्य उपाध्यक्ष ब्रज मोहन यादव समेत बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे। संगठन ने जल्द ही जिला व राज्य स्तर पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है।

## पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस का शिलापट्ट से छेड़छाड़ के खिलाफ प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी ने उपायुक्त कार्यालय पर शिलापट्ट से छेड़छाड़ के खिलाफ एक प्रदर्शन आयोजित किया। यह प्रदर्शन जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान विधायक बन्ना गुप्ता द्वारा स्वीकृत योजनाओं के शिलान्यास पट हटाए जाने को लेकर था। इस प्रदर्शन की अगुवाई जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने की, और इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि शिलान्यास योजनाओं के कार्य आचार संहिता के कारण अधूरे रह गए थे, लेकिन अब कार्यकारी एजेंसी ने विधायक के नाम के शिलापट्ट हटाने की साजिश शुरू कर दी है, जिससे स्थानीय निवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। उन्होंने इस मामले में न्यायिक जांच की मांग की। प्रदर्शन के बाद, एक प्रतिनिधिमंडल ने उप-विकास आयुक्त को लिखित मांग पत्र सौंपा, जिसमें शिलान्यास पट को फिर से स्थापित करने की अपील की गई। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि अगर इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। राकेश कुमार तिवारी (प्रदेश सचिव), के के शुक्ल, खगेनचन्द्र महतो, राजकिशोर यादव, अवधेश सिंह, रामलाल प्रसाद पासवान, डॉ. परितोष सिंह, मनोज झा, संजय तिवारी, बिजय यादव, कमलेश कुमार पाण्डेय, अशोक सिंह, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, काल्टू चक्रवर्ती, अरुण कुमार सिंह, रजनीश सिंह, शफी अहमद खान, ईश्वर सिंह, अजय मिश्र, बबन शुक्ल, जसवंत सिंह जस्सी, धर्मा राव, अतुल गुप्ता, आशीष ठाकुर, अपर्णा गुहा, रीता शर्मा (महिला सेवादल), और अन्य कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने किया खूंटपानी प्रखंड का दौरा, लोगों की समस्याओं से हुए अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां ।** खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने खूंटपानी प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने गांव के ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांव के समस्याओं से अवगत हुए.वही ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली आदि समस्या को सांसद कालीचरण मुंडा के समक्ष रखा.इस दौरान सांसद ने जल्द ही समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया. ग्रामीणों ने कहा कि प्रखंड के एकलव्य विद्यालय में स्थानीय बच्चियों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है. कई बच्चियों को प्रखंड से काफी दूर दूसरे जिला दुमका एकलव्य विद्यालय में भेजा जा रहा है. ऐसे में गरीब बच्चों के माता-पिता को इतना दूर आने जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा. सांसद ने ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए जल्द ही शिक्षा विभाग के सेक्रेटरी से मिलकर समस्याओं का समाधान करने की बात कही. सांसद श्री मुंडा ने केयाडचालोम, चिरू, थोलको, बुनुमदा, गोंडाई, गोटाई, गाड़ाहातु, पुरूनिया, पाताहातु, पान्ड्राशाली, कुदाबेड़ा, अम्बराई, खूंटपानी आदि गांवों का दौरा किया. मौके पर सांसद प्रतिनिधि राज बाकची, छोटराय किस्कु,रेंगो पुरती, सकारी दोगों, जिला परिषद सदस्य यमुना तियू, मानसिंह मुंडा, फागु मुंडा, कोंदो कुंभकार, सुमित महतो, अजित कांडेयांग, अशोक मुंडरी, राहुल गोप, बिरसा तियू, मोहन सिंह हेम्ब्रम, हरिचरण कुम्हार, आदि मौजूद थे.

## मानगो में पेयजल संकट से निपटने टास्क फोर्स गठित, त्वरित समाधान का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** मानगो नगर निगम क्षेत्र में बढ़ती पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अनन्य मित्तल ने टास्क फोर्स का गठन किया है। इस टास्क फोर्स की अध्यक्षता परियोजना निदेशक, आईटीडीए दीपांकर चौधरी करेंगे। इसमें उप नगर आयुक्त, मानगो नगर निगम, एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता (जमशेदपुर व आदित्यपुर) शामिल हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि जल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का समन्वय कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को निर्बाध पेयजल सुविधा मिल सके। जल समस्या की सूचना देने के लिए 8603533700 (ए.ई) पर संपर्क करें। यदि यह नंबर कार्यरत न हो, तो वरीय पदाधिकारी से 9263531141 पर संपर्क करें। यह पहल आमजन को राहत पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## ट्रांसफार्मर के अर्थिंग तार की चपेट में आने से मवेशी की मौत, मुआवजे की मिली स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** उलीडीह थाना क्षेत्र के रामकृष्ण कॉलोनी में पायल सिनेमा के पास लगे ट्रांसफार्मर से निकले अर्थिंग तार की चपेट में आने से एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जद (यू) उलीडीह मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह, जिला प्रवक्ता आकाश शाह, बिजेंद्र सिंह, संजय सिंह व मनोज गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने विधायक सरयू राय को अवगत कराया, जिनके निर्देश पर बिजली विभाग ने तार को दुरुस्त किया। मृत मवेशी के देखभालकर्ता को 30,000 मुआवजा देने पर सहमति बनी। स्थानीय लोगों ने विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई। जद (यू) नेताओं की पहल पर जेसीबी से मवेशी के शव को हटाया गया। मौके पर बड़ी संख्या में बस्तीवासी मौजूद थे।

## फुटबॉल एवं तीरंदाजी चयन शिविर 16-17 अप्रैल को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा संचालित आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र खरसावां और तीरंदाजी अकादमी दुगनी में रिक्त सीटों के लिए चयन शिविर 16 एवं 17 अप्रैल को सुबह 8 बजे से आयोजित होगा। फुटबॉल के लिए ट्रायल अर्जुना स्टेडियम खरसावां में तथा तीरंदाजी के लिए दुगनी प्रशिक्षण केंद्र में होंगे। चयन के लिए खिलाड़ियों की उम्र 1 अप्रैल 2024 तक 10 से 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए। स्किल व बैटरी टेस्ट के आधार पर चयन किया जाएगा। प्रतिभागियों को दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, विद्यालय से प्राप्त जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। फुटबॉल प्रशिक्षक बलराम महतो एवं संजय सुंडी तथा तीरंदाजी प्रशिक्षक बी. श्रीनिवास राव से संपर्क किया जा सकता है।

उक्त जानकारी जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार ने जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि इन केंद्रों से दीपिका कुमारी, पलटन हासदा सहित कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं।

## आज बिष्टुपुर चेंबर भवन में होगा मारवाड़ी सम्मेलन का मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन सत्र 2025-27 के अध्यक्ष पद हेतु मतदान आज 13 अप्रैल, रविवार को संपन्न होगा। जमशेदपुर में मतदान स्थल बिष्टुपुर स्थित चेंबर भवन है, जहां सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। अध्यक्ष पद के लिए सुरेश चंद्र अग्रवाल और वर्तमान अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल आमने-सामने हैं। पूरे राज्य में 5106 मतदाता हैं, जिनमें से 926 मतदाता जमशेदपुर में हैं। मुख्य चुनाव पदाधिकारी विनय सरावगी ने चुनाव संचालन हेतु राजकुमार मारू, प्रदीप बाकरेवाल व अशोक पुरोहित को सह पदाधिकारी नियुक्त किया है। मतगणना 15 अप्रैल को रांची में होगी।

### *संजीव नेत्रालय, जमशेदपुर में 6वां स्थापना दिवस*

## लाइव सर्जरी एवं सीएमई का आयोजन आज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** संजीव नेत्रालय 13 अप्रैल 2025 को अपना 6वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाएगा। इस अवसर पर लाइव सर्जरी और नेत्र देखभाल पर सीएमई (सतत चिकित्सा शिक्षा) कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. साहिल पाल, सिविल सर्जन, पूर्वी सिंहभूम होंगे।

लाइव सर्जरी में भाग लेने वाले विशेषज्ञों में डॉ. डी. के. सिंघल, डॉ. अनुप मंडल, डॉ. सुनील सिंह (रिम्स, रांची), डॉ. संजीव कुमार तिरिया (निदेशक, संजीव नेत्रालय), डॉ. कुमार साकेत, डॉ. रवि दौलत बरहाबिया, डॉ. राजीव प्रियदर्शी, डॉ. राहुल बाहेकर, और डॉ. सुबोध सिंह (रांची) शामिल हैं। इस अवसर पर, विशेषज्ञों द्वारा नेत्र रोगों, नवीनतम शल्य चिकित्सा तकनीकों और अनुसंधान पर प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, जिनमें डॉ. पार्था बिस्वास (कोलकाता), डॉ. रुपक कांति बिस्वास (कोलकाता), डॉ. मनीष सिंह (कोलकाता), डॉ. कृष्णेंदु नंदी (कोलकाता), डॉ. शाहिद आलम (कोलकाता), डॉ. मल्लय वर्मा (रांची), डॉ. भारती शर्मा (जमशेदपुर), और डॉ. मिहिर कुमार साहू (भुवनेश्वर) शामिल हैं।

डॉ. संजीव कुमार तिरिया, निदेशक संजीव नेत्रालय, जमशेदपुर ने बताया, हमारा लक्ष्य समाज के हर वर्ग को उन्नत, सुलभ और विश्वसनीय नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। यह स्थापना दिवस हमें चिकित्सा नवाचारों को साझा करने और समाज की सेवा में और सुधार लाने का अवसर प्रदान करता है। हम निरंतर अपने प्रयासों से नेत्र देखभाल की दिशा में अग्रसर होंगे।

## जुगसलाई थाना प्रभारी से मिले युवा समाजसेवी यश दुर्गे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** युवा समाजसेवी यश दुर्गे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जुगसलाई के नए थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में लक्की कुमार, हर्ष सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बातचीत के दौरान थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता से लेते हुए त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि किसी भी नागरिक को पुलिस व्यवस्था को लेकर असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे क्षेत्र की जनता से संवाद और तालमेल बढ़ाकर कानून व्यवस्था को सशक्त बनाएंगे, ताकि जनता और कानून के बीच विश्वास और सहयोग की भावना मजबूत हो सके।

## पुरानी पेंशन दिलाने के मुद्दे पर झारोटेफ की जिला कमिटी ने की डीएसई से भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** पुरानी पेंशन योजना को लेकर एनएमओपीएस/ झारोटेफ पूर्वी सिंहभूम की जिला कमिटी ने जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) जमशेदपुर से भेंट कर सेवानिवृत्त शिक्षकों को लाभ दिलाने की मांग की। जिले के 6 सेवानिवृत्त शिक्षकों–निर्मला तारा बाजराय, राजकिशोर महतो, केरोलिना नाग, अंजू रानी मिंज, जयालक्ष्मी एवं वीर कुमारी कच्छप–का पीपीओ जारी हो चुका है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंचानन महतो, सचिव उत्पल चक्रवर्ती, वरीय उपाध्यक्ष गंगाधर महतो, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अनिता महतो, राज्य प्रतिनिधि केशव कुमार, मुसाबनी प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो सहित कई शिक्षक उपस्थित थे। डीएसई ने आश्वासन दिया कि संघीय या व्यक्तिगत स्तर पर संपर्क कर मामलों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभागीय मंत्री की उपस्थिति में सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने टिनप्लेट और साकची में नए पावर सबस्टेशनों का उद्घाटन किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर में दो नए 33/6.6 kV पावर सबस्टेशनों–टिनप्लेट और साकची–का उद्घाटन किया, जो शहर की विद्युत अधोसंरचना को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन समारोह में चाणक्य चौधरी, उपाध्यक्ष - कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील और ऋतुराज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूआईएसएल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

टिनप्लेट सबस्टेशन पूर्वी जमशेदपुर और साकची सबस्टेशन आसपास के शहरी क्षेत्रों में विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

बढ़ती जनसंख्या और शहरीकरण के कारण बिजली खपत में बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए इन नए सबस्टेशनों से लोड संतुलन में सुधार होगा।

टाटा स्टील यूआईएसएल स्मार्ट, टिकाऊ और कुशल यूटिलिटी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विचार प्रवाह

संपादकीय

## बचत के फैसले

**आत्मनिर्भरता** की कसौटियों में हिमाचल के अपने खाके मजबूत करने की शर्तों में रिसॉर्स मोबिलाइजेशन मंत्रिमंडलीय उप समिति ने सुझाव तो चुन लिए, मगर कार्यान्वयन का इंतखाब बाकी है। अहम फैसला राजधानी से दफ्तरों की भीड़ को घटा कर प्रदेश के अन्य शहरों में स्थानांतरित करने का है। कुछ बोर्ड-निगमों का मर्जर किफायत करेगा, तो दफ्तरों की गाडियां घटा कर भी बचत का फैसला लिया जा रहा है। हिमाचल में सरकारी अदब खर्चीला व फिजूल के प्रदर्शन का गवाह बना है। बेशक राजधानी शिमला में सरकार की शानो-शौकत की कीमत जिला मुख्यालयों की अपेक्षा अधिक और अव्यवहारिक है। ऐसे में दफ्तरों का स्थानांतरण न केवल खर्च की नई समीक्षा करेगा, बल्कि इससे प्रशासनिक सुधार व विकेंद्रीयकरण भी होगा। जाहिर है कार्यालयों का बढ़ता घनत्व अपने आप में शहरीकरण की लिखावट को अव्यवस्थित करता है। प्रदेश में अगर सलीके से विभागीय कार्यालयों की संपत्तियों का सदुपयोग करना है, तो एक राज्य स्तरीय सार्वजनिक एस्टेट विकास प्राधिकरण का गठन करना होगा। पुलिस, स्वास्थ्य व शिक्षण संस्थानों की संपत्तियों को छोडक़र बाकी तमाम सरकारी कार्यालयों की संपत्तियां इसी प्राधिकरण के तहत लाई जाएं। अगर विभागीय संपत्तियों का मूल्यांकन व सदुपयोग करें, तो सार्वजनिक भूमि और निर्मित इमारतों में स्थान की किफायत होगी। धूमल सरकार ने कंबाइंड बिल्डिंग के तहत कई विभागों को एक ही छत के नीचे लगाकर स्पेस और पैसे की बचत का रास्ता दिखाया था। अगर इसी परिप्रेक्ष्य में सार्वजनिक एस्टेट प्राधिकरण का गठन राजधानी और प्रशासनिक शहरों के भवनों को सविचालय की तर्ज पर संयुक्त कार्यालयों में विकसित करे, तो किराए के भवनों में चल रहे दफ्तरों को छत और खर्च को कम किया जा सकता है। प्रदेश में दो से ढाई हजार डाकबंगले भी इसी तरह धन और मानव संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं। राजधानी शिमला में ही चार से पांच दर्जन रेस्ट हाउस अलग-अलग विभागों के गिने जा सकते हैं। जाहिर है इनके निर्माण और मरम्मत में हर साल लाखों रुपए खर्च होते होंगे। अलग-अलग रेस्ट हाउस की देखरेख और प्रबंधन के लिए कर्मचारियों को आतिथ्य सेवाओं में जबरन थोपा जाता है। इस सारे तामझाम को अगर दो या तीन बड़े परिसरों में समाहित कर दिया जाए, जहां एक साथ सौ या दो सौ कमरों के संयुक्त अतिथिगृह सभी विभागों के लिए उपलब्ध होंगे। इनका प्रबंधन पर्यटन निगम की दक्ष टीम के हवाले होगा ताकि पर्यटकों को भी सेवाएं उपलब्ध हों। इसी तर्ज पर जिला मुख्यालयों में भी क्षमता अनुसार पचास से सौ कमरों संयुक्त डाक बंगले स्थापित किए जाएं। इस तरह जो संपत्तियां बच जाएंगी, उन्हें अन्य उपयोग में लाया जा सकता है। प्रदेश में दो या दो से अधिक शहरों को मिला कर विकास योजनाएं बनाएं तो कई कार्यालय केंद्रीय स्थल पर संयुक्त परिसरों में चल सकते हैं। अदालत परिसर, बस स्टैंड, कूड़ा-कर्कट प्रबंधन, कर्मचारी नगर, बड़े अस्पताल, सभा स्थल, मैदान, कृषि, बागबानी कार्यालय तथा पशु चिकित्सालय दो-तीन शहरों को मिला कर चल सकते हैं। उदाहरण के लिए धर्मशाला-पालमपुर या सोलन-शिमला के बीच कर्मचारी नगर बसा दिए जाएं, तो अनावश्यक बस्तियों का दबाव इन शहरों से घट जाएगा। अगर धर्मशाला और कांगड़ा के मध्य एक बड़ा बस स्टैंड, अदालत परिसर, अस्पताल, बाजार तथा कृषि-बागबानी, वन व पशु पालन विभाग के संयुक्त कार्यालय बना दें तो सार्वजनिक भूमि, प्रदेश के संसाधनों और परिवहन के अपव्यय में किफायत होगी। अभी 402 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना जिस तरह लोक निर्माण, जलशक्ति, पुलिस व अन्य विभाग के कार्यालयों तथा रेस्ट हाउसों में हो रही है, उससे एक नया रास्ता दिखाई देता है। इसी तरह एचआरटीसी की प्रबंधकीय व्यवस्था को रूट आधारित बना कर कई बस डिपो बंद किए जा सकते हैं, जबकि इसी खर्च से आधुनिक बस स्थानकों को व्यापारिक परिसर के रूप से विकसित करके आमदनी बढ़ाई जा सकती है।


अहम फैसला राजधानी से दफ्तरों की भीड़ को घटा कर प्रदेश के अन्य शहरों में स्थानांतरित करने का है। कुछ बोर्ड-निगमों का मर्जर किफायत करेगा, तो दफ्तरों की गाडि़यां घटा कर भी बचत का फैसला लिया जा रहा है। हिमाचल में सरकारी अदब खर्चीला व फिजूल के प्रदर्शन का गवाह बना है। बेशक राजधानी शिमला में सरकार की शानो-शौकत की कीमत जिला मुख्यालयों की अपेक्षा अधिक और अव्यवहारिक है। ऐसे में दफ्तरों का स्थानांतरण न केवल खर्च की नई समीक्षा करेगा, बल्कि इससे प्रशासनिक सुधार व विकेंद्रीयकरण भी होगा। जाहिर है कार्यालयों का बढ़ता घनत्व अपने आप में शहरीकरण की लिखावट को अव्यवस्थित करता है। प्रदेश में अगर सलीके से विभागीय कार्यालयों की संपत्तियों का सदुपयोग करना है, तो एक राज्य स्तरीय सार्वजनिक एस्टेट विकास प्राधिकरण का गठन करना होगा। पुलिस, स्वास्थ्य व शिक्षण संस्थानों की संपत्तियों को छोडक़र बाकी तमाम सरकारी कार्यालयों की संपत्तियां इसी प्राधिकरण के तहत लाई जाएं।


### कराची से लगभग 250 किलोमीटर, ग्वादर से 125 किलोमीटर की दूरी पर है

## बलूचिस्तान का तीर्थ हिंगलाज धाम

कुलदीप चंद अग्निहोत्री


बलूचिस्तान में लासबेला कभी रियासत हुआ करती थी। लास का अर्थ है समतल मैदान और बेला का अर्थ है जंगल। लेकिन अब यह रियासत बलोचिस्तान का ही हिस्सा है। इसमें कोई शक नहीं कि यह समतल भी है और यहां जंगल भी है। लेकिन जहां जंगल होगा, वहां पहाड़ भी होना चाहिए। सचमुच यहां पहाड़ भी है। दरअसल बलोचिस्तान में मकरान के विशाल मरुस्थल में खेरथार पर्वत श्रंखला सभी को आकर्षित करती है।


**चैत्र** वैशाख का मास हो और हिंगलाज देवी तीर्थ स्थल की चर्चा न हो, यह संभव नहीं है। बलूचिस्तान में लासबेला कभी रियासत हुआ करती थी। लास का अर्थ है समतल मैदान और बेला का अर्थ है जंगल। लेकिन अब यह रियासत बलोचिस्तान का ही हिस्सा है। इसमें कोई शक नहीं कि यह समतल भी है और यहां जंगल भी है। लेकिन जहां जंगल होगा, वहां पहाड़ भी होना चाहिए। सचमुच यहां पहाड़ भी है। दरअसल बलोचिस्तान में मकरान के विशाल मरुस्थल में खेरथार पर्वत श्रंखला सभी को आकर्षित करती है। यह सारा क्षेत्र सिंध प्रदेश से जुड़ा हुआ है। इस खेरथार पर्वत श्रंखला के अंतिम चरण में शिखर पर सप्तसिन्धु क्षेत्र का ऐतिहासिक तीर्थ धाम स्थित है। इसी पर्वत के चरणों मे हिंगोल नदी बहती है। वैसे हिंगोल का अर्थ लाल होता है। यह तीर्थ धाम सिन्ध प्रदेश की राजधानी कराची से लगभग 250 किलोमीटर, ग्वादर से 125 किलोमीटर की दूरी पर है। वैसे कहा जा सकता है कि अरब सागर इस तीर्थ क्षेत्र के चरण पखारता है क्योंकि अरब सागर इससे केवल बीस किलोमीटर दूर है। इस तीर्थ धाम में अनेक ऐतिहासिक मंदिर स्थित हैं, लेकिन इस इतिहास का आरंभ होता है हिंगलाज माता के मंदिर से। पहाड़ की अनेक गुफाओं में से एक गुफा में हिंगलाज माता पिंडी रूप में विद्यमान हैं। हिंगलाज देवी का यह मंदिर बावन शक्तिपीठों में से एक है। देश भर में फैले सती के बावन शक्तिपीठों में से एक बलूचिस्तान में स्थित है और दूसरा सिन्ध प्रदेश में कराची में स्थित है। सती के इन बावन शक्तिपीठों का इतिहास अफगानिस्तान से लेकर कन्याकुमारी तक जन स्मृतियों का सनातन हिस्सा है। इसलिए सबसे पहले इस इतिहास की चर्चा। दक्ष प्रजापति अपने समय के महाप्रतापी राजा थे। उनकी पुत्री सती ने पिता की इच्छा के विपरीत शंकर से विवाह किया था। इसलिए प्रजापति ने अपनी पुत्री और दामाद से सभी संबंध तोड़ लिए थे। एक बार प्रजापति ने यज्ञ का आयोजन किया था। उसमें उसने सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन अपने दामाद और पुत्री सती को निमंत्रण नहीं भेजा। महर्षि नारद घूमते हुए आए तो उन्होंने सती को बताया कि उसके पिता बहुत बड़ा यज्ञ कर रहे हैं। तब सती ने अपने पिता के इस यज्ञ में जाने का निर्णय कर लिया। शिव ने समझाया कि बिना निमंत्रण के कहीं जाना सम्मानजनक नहीं होता। लेकिन सती का



तर्क था कि पिता के घर जाने के लिए भला पुत्री को निमंत्रण की आवश्यकता होती है? शिव के रोकने के बावजूद सती अपने पिता के इस यज्ञ समारोह में पहुंच गईं। यज्ञ में सभी सगे संबंधी उपस्थित थे। सती ने अपने पिता दक्ष से पूछ लिया कि आपने शंकर जी को क्यों नहीं बुलाया। दक्ष ने सभी के सामने गुस्से में आकर शंकर के लिए अपशब्द कहे। सती पिता के इस व्यवहार से अत्यंत आहत और अपमानित हुईं और उसने वहीं यज्ञ अग्निकुंड में कूद कर अपने प्राण दे दिए। शंकर जी को इस दुर्घटना का पता चला। वे क्रोधोन्मत्त हो उठे। उनके गणों ने तांडव मचा दिया। सभी आमंत्रित अतिथि इधर-उधर भाग गए। यज्ञ विध्वंस हो गया। शिव ने सती का शरीर अग्निकुंड से निकाला और उसे कंधे पर उठाकर चल पड़े। उनके दुःख का आवेग शांत नहीं हो रहा था। लगता था वे अपने क्रोध की अग्नि से सारे संसार को राख कर देंगे। जाहिर है इससे सभी को चिंता हुई। जब तक शंकर के कन्धे पर सती का शरीर रहेगा तब तक वे शांत नहीं होंगे। विष्णु ने इसका समाधान निकाला। वे अपना सुदर्शन चक्र लेकर शंकर के पीछे चल पड़े और समय देख कर सती के शरीर का कोई न कोई अंग काटने लगे। सती के शरीर के बावन अंग देश के अलग-अलग भागों में गिरे और कालांतर में उन सभी स्थानों पर बावन शक्तिपीठों की स्थापना हुई। कहा जाता है कि जिस स्थान पर ब्रह्मरंध्र यानी सिर का ऊपरी भाग गिरा, वहां हिंगलाज देवी के नाम से शक्ति पीठ बना। धीरे-धीरे यह सप्त सिंधु क्षेत्र के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल के रूप में विकसित हो गया। इस तीर्थ स्थल पर हिंगलाज देवी के मंदिर के अतिरिक्त शंकर का मंदिर है। गणेश जी, काली माता का भी मंदिर है। इसके अतिरिक्त राम झरोखा है। ब्रह्म कुंड, क्षीर कुंड, अनिल कुंड तो हैं ही, इसके साथ अघोर पूजा मंदिर भी विद्यमान है। यानी कार्तिकेय को छोडक़र पूरा शिव परिवार तो है ही, वैष्णवों का राम झरोखा भी विद्यमान है। माना जाता है कि इस तीर्थ धाम में चौरासी पर्वतों का समूह है। एक प्रकार से यह देव स्थल है। पहाड़ों के शिखरों को देख कर कुछ लोग इन्हें मिट्टी की ज्वालामुखियों से निर्मित भी मानते हैं। यहां की चन्द्र गुफा में ही माता विद्यमान है। लेकिन धीरे धीरे इस तीर्थ स्थल का तो क्या, पूरे सप्त सिन्धु क्षेत्र का ही परिदृश्य बदलने लगा। सातवीं शताब्दी में जब अरब क्षेत्र में इस्लाम पंथ का उदय हुआ तो उसका प्रभाव अफगानिस्तान तक भी पहुंचा, लेकिन इसे वहां तक पहुंचने में लगभग तीन सौ साल लगे। वैसे 712 में एक अरब सेनापति मोहम्मद बिन कासिम ने सिन्ध के रास्ते भारत के अंदर घुसने की कोशिश की थी। लेकिन वह सिंध से आगे नहीं बढ़ सका। अफगानिस्तान तक पहुंचने के लिए इस्लाम पंथ को तीन सौ साल लगे। उसने यह यात्रा 1000 के आसपास पूरी की। अफगानिस्तान के पश्तूनों और खत्रियों ने अरबों व तुर्कों का मुकाबला तो किया, पर सफलता नहीं मिली। ध्यान रखना चाहिए जिस समय तुर्क अफगानिस्तान पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे, उस समय अफगानिस्तान में खत्री बिरादरी ही सरकार चला रही थी। उसे हिंदुशाही कहा जाता है। पश्तून उस समय तथागत बुद्ध की पताका लहरा रहे थे। लेकिन तुर्कों के हमलों व विजय ने सब उथल पुथल कर दिया। इस पराजय के बाद ही पश्तून, हजारा, बलूच, सिंधी व खत्री बिरादरी के लोगों ने इस्लाम पंथ को स्वीकार कर लिया। लेकिन इसे आश्चर्य ही कहा जाएगा कि इस्लाम पंथ को अपनाने के लिए खत्री आगे नहीं आए। कुछ खत्री भी इस्लाम पंथ में मतांतरित हो गए, लेकिन अधिकांश ने अपनी सनातन परंपरा को ही पकड़े रखा। शायद इसका बहुत बड़ा कारण नाथ पंथ और कालांतर में नानक पंथ भी रहा हो। हिंगलाज देवी मंदिर पर्वत पर गुरु गोरखनाथ धूनी और गुरु नानक देव खाराओ को इसी पृष्ठभूमि में समझा जा सकता है। कहा जाता है कि हिंगलाज देवी तीर्थ यात्रा तभी पूरी मानी जाती है जब देवी मंदिर के बाद गोरखनाथ धूनी और नक खाराओ के भी दर्शन कर लिए जाएं। इस्लाम के प्रवाह को रोकने में नाथ परम्परा और दशगुरू परंपरा का सर्वाधिक योगदान कहा जा सकता है।

दृष्टि कोण

## भारतीय राष्ट्र के सामने चुनौतियां

**स्वतंत्रता** आंदोलन के समय से ही यह अनुभव किया जाने लगा था कि सदियों की गुलामी के चलते भारतीय समाज में अपनी आंतरिक इच्छा शक्ति, आत्मविश्वास, नवाचार की खोज करने की बौद्धिक क्षमता, आपसी विश्वास की भारी कमी आ गई है। सदियों से दबे कुचले समाज को अपने शासकों के शोषण को झेलते हुए जैसे-तैसे दांव-पेच से जीवनयापन करने के लिए समझौते करते हुए समय निकालने की आदत हो गई है। कभी धर्म बदल कर तो कभी शासकों के शोषण की कमी अपने से कमजोर वर्गों का शोषण करके पूरी करने के प्रयासों के आदी होकर अपने झूठे अहंकार को संतुष्ट करने के प्रयासों के चलते खंडित समाज की रचना हो चुकी है। देश का शासन संभालते हुए राष्ट्र पुनिर्माण करने का काम सिर पर है। इस काम को कैसे किया जाए, यह चुनौती आसान नहीं थी। एक ओर देश को भारतीय दृष्टि से अपनी नींव पर खड़ा करने की समझ थी, जिसके समर्थक गांधी और उनकी सोच पर विश्वास करने वाले लोग थे, तो दूसरी ओर अंग्रेजी सोच से प्रभावित नेहरू और उनके वैचारिक समर्थक थे। हालांकि गांधी ने इस बहस को सार्वजनिक करने के प्रयास किए, किन्तु नेहरू ने इस बहस को यह कह कर टाल दिया कि इस बात का फैसला तो चुने हुए प्रतिनिधि ही करने के अधिकारी होंगे। यह बहस इसलिए भी आगे न बढ़ सकी क्योंकि उस समय सबसे पहली प्राथमिकता स्वतंत्रता प्राप्त करना थी। इस बहस से यह खतरा था कि आपसी एकता के अभाव का संदेश जनमानस में जाता। दूसरी ओर सांप्रदायिक आधार पर द्विराष्ट्र सिद्धांत के समर्थक देश की एकता को खतरा पेश कर रहे थे, जिनका नेतृत्व जिन्ना कर रहे थे। उनको संरक्षण देने का काम परोक्ष रूप से अंग्रेजी सरकार कर रही थी ताकि भारत को कमजोर करके किसी न किसी रूप में अपना प्रभुत्व बनाए रखा जा सके। खासकर सोवियत रूस के नजदीक अपनी सैनिक उपस्थिति भी उनका एक उद्देश्य था, जिसे कश्मीर समस्या के माध्यम से वे कुछ हद तक हल कर पाए। अंग्रेज और जिन्ना अपनी चाल में सफल भी हो गए, किन्तु हम वहां भी गलती का शिकार हो गए। जब दो धर्मों के आधार पर देश बांट दिए गए तो बेहतर यही होता कि शांतिपूर्ण तरीके से गैर मुस्लिम भारत में आ जाते और मुसलमान पकिस्तान चले जाते। किन्तु हिंदू-मुस्लिम आबादियों का आदान-प्रदान भयंकर मारकाट में बदल गया। अंग्रेज सेना जानबूझ कर मूकदर्शक बनी रही। आबादियों का पूर्ण प्रत्यर्पण भी न हो सका और आज दिन तक आपसी टकरावों की समस्या से देश को जूझना पड़ रहा है। हालांकि भारतीय नेतृत्व का उस समय का फैसला मानवतावादी था किन्तु सांप्रदायिक अहंकार में उसके महत्व को समझने में भारतीय राष्ट्र असफल सिद्ध हो रहा है। वर्तमान में इस समस्या को ऐतिहासिक बोझ से बाहर निकल कर मानवतावाद से ही हल किया जा सकता है, जो दोतरफा ही होना चाहिए। मुसलमानों को भी यह समझना होगा कि हिंदू बहुल देश में आप अपनी धार्मिक मान्यताओं को मानने में पूर्णतः स्वतंत्र हैं, किन्तु आप भी हिंदू मान्यताओं के पालन में बाधक न बनें। यदि आप मूर्ति पूजा, भजन गाने, शंख, घंटे की आवाज और नाचने-गाने का बुरा मानने लगेंगे तो झगड़े कैसे रुकेंगे। हमें एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल होने, मुबारक देने की संस्कृति विकसित करनी होगी। रहीम, रसखान, खुसरो सरीखे अनेक उदाहरण मौजूद हैं जिनसे मिलजुल कर रहना और एक दूसरे के विकास पर खुश होना सीखना होगा। गांधी जी की यह सोच बिल्कुल सही थी कि भारत को भारतीय तरीके से सरकार बनाने के तरीके नए हालात में खोजने होंगे। उन्होंने ग्राम स्वराज्य का दर्शन दिया, जिसे वर्तमान वैश्विक संदर्भों में परिभाषित और विकसित किए जाने की जरूरत थी। किन्तु हमने पूर्ण पाश्चात्य तरीके को अपनाया। पंचायत, जिसको शासन का बुनियादी स्तंभ होना था, उसे यूरोपियन स्थानीय स्वशासन की नकल बना कर छोड़ दिया। सौभाग्य से 73वें संविधान संशोधन से पंचायतों को संवैधानिक दर्जा दिया गया किन्तु अभी तक भी वे शासकीय दिशा निर्देशों की गुलाम ही हैं। क्योंकि वे जमीन से नहीं उगाई गईं, आरोपित की गई हैं। उन्हें अपने आत्मविश्वास को आधार बनाने में न जाने अभी कितना समय लगेगा। पाश्चात्य सोच में प्रशिक्षित राजनीतिक नेतृत्व और प्रशासन यह होने भी देगा या नहीं। धर्मनिरपेक्षता दूसरी बड़ी चुनौती है। भारत के संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का अर्थ सर्वधर्म समभाव ही हो सकता है। यहां धर्म मुक्त शासन संभव नहीं है। हालांकि बाबा साहब अंबेडकर ने धर्मनिरपेक्ष शब्द संविधान में नहीं रखा था जो बाद में इमरजेंसी में इंदिरा जी के समय में डाला गया।

कुछ अलग

## दफ्तर जाने के लिए...

**दफ्तर** जाने के लिए मुझे बहुत सी तैयारियां करनी पड़ती हैं। आखिर दफ्तर जो जा रहा हूं। दफ्तर जाने का मतलब यह तो है नहीं कि साबुन से नहाओ भी मत या रोजाना शेव भी मत बनाओ। दफ्तर में मेरे कई साथी हैं। वे इसे वेस्टेज मानते हैं। उनका तर्क यह है कि दफ्तर कोई निजी कार्य या सगे सम्बन्धी का काम तो है नहीं, जो रोज एक रुपया का ब्लेड खराब करो, साबुन खराब करो, चेहरे को चमकाने के लिए क्रीम लगाओ, बाल काले करो अथवा मूंछों की करीने से कटाई-छंटाई करो। जबकि मेरा मानना है कि दफ्तर से वेतन मिलता है, घर चलता है और वहां महिलाएं काम करती हैं, इसलिए थोड़ा शऊर से ही जाना चाहिए। कपड़े इस्त्री करे हुए पहनता हूं, यहां तक कि कपड़ों के फैशन का भी मैं पूरा ख्याल रखता हूं। मेरे साथी कहते हैं-'भाई शर्मा, क्या तुम्हें कोई एक्स्ट्रा इन्क्रीमैंट मिलेगा क्या, जो इतने सज-धज कर आते हो। कभी गणतंत्र दिवस या स्वाधीनता दिवस पर भी अभी तक तो सम्मानित नहीं किए गए। क्यों बेकार में धन का अपव्यय और समय जाया करते हो। इससे बढिया तो कोई पार्ट टाइम करते तो समय का सदुपयोग हो।' मैं कहता हूं-'यारो, क्या मुंह उठाकर सीधे बिस्तर से निकल कर कुर्सी पर आ बैठते हो। कभी मिसेज मलकानी के बारे में भी सोचा है, जो आप लोगों से बात करना तो दूर, पल भर को नजर भरकर भी आप लोगों को देखती तक नहीं। एक मैं हूं जिससे वह घंटों हंस-हंसकर बतियाती हैं।' 'ओह तो शर्मा यह सब मिसेज मलकानी के लिए कर रहे हो। भाभी जी को पता चल गया न तो वे तुम्हारी यह सारी सजावट को तेल लेने भेज देंगी। घर में माथाफोड़ी करते हो और दफ्तर में मिसेज मलकानी को अपनी बत्तीसी दिखाते हो। हम मलेच्छों को देखो जो पांच पैसे अपने ऊपर इस दफ्तर के लिए खर्च नहीं करते और शाम को रिश्वत के तीन सौ रुपए और मार ले जाते हैं। मिसेज मलकानी के हंसकर बोल लेने से तो गृहस्थी की गाड़ी आराम से चलती नहीं। पैसा हो तो भैया हर समस्या का समाधान है। तुम हर छह महीने में पी.पी.एफ. से लोन लेकर अपना घर खर्च चलाते हो और बचत के नाम पर तुम्हारे पास बचती होगी कोई एक फूटी कौड़ी।' एक साथी बोला। मैंने कहा-'ईमान, धर्म और सिद्धांत भी तो जीवन में कोई मायने रखते हैं। साफ-सुथरे ढंग और सलीके से दफ्तर आना मैं गलत नहीं मानता। किसी का काम न करना और करना तो रिश्वत खाकर, यह मेरी समझ से परे है।' दूसरा साथी बोला-'तुम्हें तो पता है हम अपने बुरे आचरण के बावजूद दो-दो बार सम्मानित हो चुके हैं। उफ! तुम्हारी यह ईमानदारी कहीं तुम्हारी जान ही न ले ले। पहले तो अपने पर शऊर से आने का जो इन्वेस्टमैंट कर रहे हो, उसे बंद करो ताकि रिश्वत न सही, हजार-दो हजार की यह बदखर्ची तो बचे। रही बात मलकानी की, तो भैया उसे कैंटीन में डोसा तुम्हीं खिलाते हो, वह तो कभी पेमेंट नहीं करती। इसलिए दफ्तर जाने के बारे में घर में ही सोचना शुरू कर दोगे तो फायदे का सौदा है। उम्रदराज हो गए, चेहरा सारी असलियत बता रहा है तो क्यों यथार्थ से कतराते हो?' 'इसका मतलब दफ्तर जाने के लिए मैं दाढ़ी से भरा चेहरा, रूखे बाल और टाटम्बरी कोट पहनकर आऊं। पांवों में हवाई चप्पल और छकड़ा साइकिल लेकर मैं दफ्तर जाऊं। पैट्रोल महंगा हो गया तो इसका मतलब स्कूटर को घर छोड़ दूं। जूतों पर पॉलिश भी नहीं करूं।' मेरे ऐसा कहते ही वे मंद-मंद मुस्कराने लगे।

देश दुनीया से

## तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पणः भारत की एक बड़ी सफलता

**आतंकवाद** भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए आज भी एक नासूर है और हाल ही में इस नासूर पर लगाम लगाने के क्रम में मुंबई धमाकों 2008 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया गया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह भारत की आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी जीत है। सच तो यह है कि यह भारत सरकार के अथक रणनीतिक प्रयासों का ही परिणाम है कि तहव्वुर राणा को भारत लाया जा सका है। पाठकों को बताता चलूं कि मुंबई आतंकवादी हमले में सैकड़ों लोग मारे गए थे जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी थे और इस हमले की विश्वव्यापी निंदा हुई थी। वास्तव में भारत का यह कदम आतंकवादी संगठनों, विशेषकर पाकिस्तान के लिए एक सशक्त/सख्त संदेश है कि किसी एक देश का आतंकवादी किसी अन्य देश में बेफिक्र होकर नहीं घूम सकता। पाठक अच्छी तरह से जानते होंगे कि आतंकवाद का मतलब है, किसी राजनीतिक, धार्मिक, या वैचारिक मकसद को पूरा करने के लिए हिंसा या धमकी का इस्तेमाल करना। वास्तव में आतंकवाद का मकसद, सरकार को किसी न किसी प्रकार से प्रभावित करना या लोगों को डराना होता है। वास्तव में सच तो यह है कि आतंकवाद को एक तरह की हिंसात्मक गतिविधि माना जाता है। संक्षेप में कहें तो यह मानवता के विरूद्ध एक गंभीर अपराध है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इस कदम से अमेरिका का आतंकवाद के प्रति दृष्टिकोण भी और अधिक स्पष्ट हो गया है। सच तो यह है कि आतंकवाद व आतंकवादी किसी भी राष्ट्र के मित्र नहीं हो सकते हैं। यदि हम यहां पर आतंकवाद की खास बातों पर विचार करें तो यह व्यक्तियों के बीच की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह तो एक प्रकार से सामाजिक समूहों और राजनीतिक शक्तियों के बीच संघर्ष है। वास्तव में सच तो यह है कि आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति, असीमित युद्ध का एक रूप ही तो है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आतंकवाद को संरक्षण देने वाले देश स्वयं इसके दुष्परिणामों से अछूते नहीं रह सके हैं और विशेषकर पाकिस्तान इसका जीता-जागता उदाहरण है।आतंकवाद बहुत ही घृणित और विनाशकारी अपराध है। गौरतलब है कि तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण आतंकवाद के प्रति वैश्विक परिप्रेक्ष्य में परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है। साथ ही, भारत सरकार ने आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टोलरेंस(शून्य सहनशीलता) नीति को भी वैश्विक स्तर पर दृढ़ता से प्रमाणित किया है। अब सरकार से यह अपेक्षा की जा सकती है कि भविष्य में भी इसी प्रकार से अन्य आतंकवादियों और आर्थिक अपराधियों के प्रत्यर्पण को भी सुनिश्चित किया जाएगा। बहरहाल, पाठकों को यह याद होगा कि कुछ समय पहले ही व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में तहव्वुर राणा को भारतीय कानून का सामना करने के लिए भारत भेजने पर सहमति व्यक्त की थी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार राणा पेशे से चिकित्सक है, जिसका जन्म पाकिस्तान में हुआ था तथा बाद में वह कनाडा चला गया था और वहां का नागरिक बन गया।



मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में एक अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी का राणा करीबी सहयोगी रहा है। उल्लेखनीय है कि हेडली ने मुंबई हमले की रेकी की थी और इस साजिश को साकार करने में राणा ने उसकी मदद की थी। पाठकों को बताता चलूं कि उस समय मुंबई के ताज होटल, सीएसटी और कामा अस्पताल समेत कई जगहों पर हमला हुआ था। इस दौरान पुलिस व सेना की जवाबी कार्रवाई में आतंकी अजमल कसाब जीवित पकड़ा गया था तथा उसे कानूनी प्रक्रिया में दोषी पाये जाने के बाद वर्ष 2012 में उसे 21 नवंबर 2012 में फांसी दे दी गई। गौरतलब है कि कसाब के विरुद्ध दायर चार्जशीट में राणा, हेडली के नामों का भी उल्लेख किया गया है।आरोप है कि राणा ने पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हरकत-उल-जिहादी इस्लामी के आतंकवादियों के साथ मिल कर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पर हमले की साजिश रची थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई ने वर्ष 2020 में राणा को गिरफ्तार किया था। दरअसल, उसकी गिरफ्तारी भारत के कूटनीतिक दबाव के कारण हुई थी। बाद में जांच एजेंसियों की पूछताछ में यह सामने आया कि मुंबई आतंकी हमले में राणा का भी हाथ रहा है। हाल फिलहाल, एनआईए को तहव्वुर राणा की 18 दिन की रिमांड मिली है और इस संबंध में पटियाला हाउस कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। उम्मीद की जा सकती है कि पूरी जांच के बाद मुंबई हमले में पाकिस्तान की भूमिका की भी पुख्ता जानकारी भारत को मिल सकेगी। हालांकि, यह बात अलग है कि यह पहले भी प्रमाणित हो चुका है कि इस हमले की साजिश पड़ौसी देश पाकिस्तान में ही रची गई थी। भारत के पास इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं, लेकिन पाकिस्तान यह कभी भी स्वीकार नहीं करेगा। हालांकि, पाकिस्तान का चेहरा अब पूरी दुनिया के समक्ष एक्सपोज हो चुका है कि वह आतंकवाद और आतंकियों का असली गढ़ है। हाल फिलहाल, 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा का अमरीका से भारत प्रत्यर्पण एक कानूनी सफलता भर नहीं है बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है कि हम आतंकवाद को किसी भी हाल और सूरत में स्वीकार करने वाले नहीं हैं। जैसा कि ऊपर भी यह कह चुका हूं कि यह भारत की आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टोलरेंस की नीति को स्पष्टतया दिखाता है। यहां पाठकों को यह भी बताता चलूं कि भारत ने न केवल राणा की आतंकी हमले में संलिप्तता के ठोस प्रमाण प्रस्तुत किए बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि उसके साथ अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यवहार किया जाएगा। इसके बाद, अमरीकी अदालतों में लंबी कानूनी प्रक्रिया चली। राणा ने भारत में निष्पक्ष सुनवाई न होने का तर्क देने के साथ अपनी जान को खतरा बताते हुए प्रत्यर्पण का विरोध भी किया था।

आप का नजरीया

## 'नरसंहारी' का प्रत्यर्पण

**दरअसल** 26/11 मुंबई आतंकी हमला एक 'नरसंहार' था। उसमें 166 लोग मार दिए गए थे। यह दीगर है कि 9 आतंकियों को भी ढेर कर दिया गया। करीब 300 लोग घायल हुए। एक आतंकवादी अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया था, जिसे बाद में फांसी दे दी गई। पाकिस्तान ने ही उस 'नरसंहार' की साजिश रची थी। इसका बुनियादी सबूत यह है कि साजिशकारों में तहव्वुर राणा भी शामिल था, जो पाकिस्तानी फौज में डॉक्टर था। साजिश और हमले के दौरान वह पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के मेजर इकबाल के लगातार संपर्क में रहा। अब 16 लंबे सालों और कुछ महीनों के बाद आतंकी साजिशकार तहव्वुर राणा भारत की गिरफ्त में है। हम राष्ट्रपति ट्रंप के आभारी हैं, क्योंकि उनके प्रशासन के तहत ही राणा का प्रत्यर्पण संभव हो सका है। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी की सत्ता के बाद ही अमरीका के साथ प्रयास शुरू कर दिए गए थे, लेकिन राणा ने वहां की सर्वोच्च अदालत तक गुहार लगाई कि उसे भारत न भेजा जाए, क्योंकि उसे वहां की जेल में मारा जा सकता है, लेकिन नरसंहार की साजिश के साक्ष्य इतने पुख्ता थे कि अंततः अदालत ने प्रत्यर्पण के पक्ष में फैसला सुनाया। अब भारत में राणा के खिलाफ 'राष्ट्रीय जांच एजेंसी' (एनआईए) की अदालत में केस चलेगा। राणा के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, यूएपीए, भारत के खिलाफ युद्ध आदि की धाराओं के तहत केस चलेगा। बेशक बहुत देर हो चुकी है, लेकिन साक्ष्य आज भी जिंदा हैं। राणा भारत की गिरफ्त में है और सह-साजिशकार डेविड हेडली अब भी अमरीकी जेल में कैद है। उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया अभी शुरू भी नहीं हुई है। वह अमरीकी नागरिक है। हालांकि भारतीय एजेंसियां एक बार उसके साथ सवाल-जवाब कर चुकी हैं। उसी के बाद वह 'सरकारी गवाह' किस्म का आरोपित बन गया था। भारत सरकार को उसे भी हासिल करने की कोशिशें छोडऩी नहीं चाहिए। बहरहाल एनआईए के आरोप-पत्र के मुताबिक, राणा ने भारत में ही हेडली से 231 बार संपर्क किया था। उन्होंने 8 रेकी मिशन भी चलाए थे और नरसंहार से पहले, अपने आखिरी मुंबई प्रवास के दौरान, राणा ने 66 फोन कॉल की थीं। राणा नवंबर, 2008 में ही दिल्ली में भी 11 दिनों तक ठहरा था। फिर पवई के एक होटल में रहा। आतंकी हमले से पहले राणा दुबई चला गया था। भारत सरकार का मकसद है कि अब तहव्वुर राणा के खुलासों के जरिए पाकिस्तान की आतंकी भूमिका, दुनिया के सामने, बेनकाब की जानी चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि भारत सरकार ने अमरीकी प्रशासन को जो डोजियर भेजा था, उसमें राणा और हेडली के अलावा हाफिज सईद, जकीउर रहमान लखवी, इलियास कश्मीरी, साजिद मीर और आईएसआई के मेजर इकबाल से संबंधित ब्यौरे भी दिए गए थे। राणा को आईएसआई, हेडली और लश्कर-ए-तैयबा के दरमियान का संपर्क बताया गया था। अब इन खुलासों को भारत सरकार राणा के जरिए सत्यापित करना चाहती है। इनमें अधिकतर आरोपित पाकिस्तान में आज भी सक्रिय हैं।

## 8 वर्ष से बंद उमवि कोरी का किया गया उद्घाटन

# आदिम जनजाति बच्चो को शिक्षित कर मुख्य धारा में लाना है उद्देश्य : बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के अत्यंत सुदूरवर्ती क्षेत्र में बसे कोरी बिरहोर टोला में पिछले 8 वर्षो से बंद हो चुके विद्यालय को पुनः प्रारंभ कर दिया गया है जिससे वहां के बच्चे शिक्षा से वंचित न हो सके। मामले को लेकर चतरा उपायुक्त के निर्देशानुसार खंडहर में तब्दील विद्यालय भवन की मरम्मती कर विद्यालय चलाने योग्य बनाया गया। शिक्षक की नियुक्ति की गई और शनिवार को समारोह आयोजित कर इसका विधिवत्त उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अंबुजा राजलक्ष्मी, पूर्व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संतोष सिंह, जिप सदस्य देवनंदन साहु, प्रमुख रोहन साहू, मुखिया विना देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नारियल फोड़ा एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जेएसएलपीएस की महिलाओं ने अतिथियों को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर तिलक चंदन कर स्वागत किया । समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति एवं माता समिति का गठन किया गया। विद्यालय में नव नामांकित बच्चों को चॉकलेट देकर स्वागत किया गया।।इसके उपरांत सभी छात्रों के बीच पोशाक, पठन सामग्री व बैग वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि आदिम जनजाति परिवार एवं उनके बच्चों को शिक्षित कर मुख्य धारा में लाना सरकार की पहली प्राथमिकता है। जिस उद्देश्य से इस विद्यालय को पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। यहां के बच्चे विद्यालय दूर होने के कारण शिक्षा से वंचित हो रहे थे। इस विद्यालय के खुल जाने से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर बिरहोर बच्चे भी क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा ने कहा कि इस विद्यालय को एक मॉडर्न विद्यालय के रूप में विकसित करना शिक्षा विभाग का उद्देश्य है। आने वाले समय में यह विद्यालय पूरे जिले में अपना स्थान बना सके इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कुंजल यादव ने बताया कि उद्घाटन के दिन तक कुल 88 बच्चों का नामांकन विद्यालय में हो चुका है आगे नामांकन जारी है। मौके पर विद्यालय में नामांकित सभी बच्चों के अभिभावकों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया एवं बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में सीआरपी वशिष्ठ नारायण सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक बिरहोर, शिक्षक अरुण कुमार, संदीप कुमार गुप्ता, प्रदीप यादव, सुरेश कुमार सहित प्रखंड कार्यालय एवं शिक्षा विभाग कार्यालय के कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## छठी कार्यक्रम में गए युवक का शव कुएं से बरामद, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुंदा थाना पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के लुकुईया गांव के कुआं से एक युवक का शव बरामद किया है। शव की पहचान बुटकुईया गांव निवासी ननकेश गंझु के 18 वर्षीय पुत्र उमेश गंझु के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि 7 अप्रैल सोमवार को शाम बुटकुईया गांव निवासी संतोष गंझु के घर छठी कार्यक्रम में शरीक होने गया था। उसी दिन से उक्त युवक लापता था। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद कही पता नही चला। शुक्रवार शाम कुआं में शव होने की जानकारी मिली। सूचना मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने कुआं से शव निकालकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। हत्यारो ने युवक के पहने हुवे कमीज से ही हाथ बांध कर कुआं में डाल दिया था।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह हत्या प्रेम प्रसंग में हुई है।थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि पिता के आवेदन पर पांच नामजद एवं चार पांच अज्ञात पर मामला दर्ज की गई है। पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने में लगी हुई हैं।

## तीस वर्षिय युवक लापता, गुमशुदगी का मामला दर्ज



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया थाना क्षेत्र के कसारी ग्राम के भीथारा टोला निवासी 30 वर्षीय राजू राणा पिछले 24 मार्च को बगरा सासाहिक हट गया था। जहां से उसका कोई अता-पता नहीं चला। इस संदर्भ में उसके भाई सिकंदर राणा ने सिमरिया थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी का मामला दर्ज करवा कर खोजबीन करने का गुहार लगाया है। उसने बताया कि उसका रंग गोरा ऊंचाई 6 फिट है। वह ब्लू कलर का लूजर पैंट एवं गुलाबी कलर का शर्ट पहना हुआ है। उसका मानसिक स्थिति थोड़ा ठीक नहीं है और वह मुंह से कुछ बोल नहीं पता है। उसने प्रशासन के साथ साथ आम लोगों से भी उसके भाई को खोजने में सहयोग करने का अपील किया है।

## आदिम जनजाति के बीच अप्रैल माह का किया गया अनाज वितरण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत जपुआ में बसे आदिम जनजाति परिवार के लोगों के बीच अप्रैल माह का अनाज एवं नमक का वितरण पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा के द्वारा करवाया गया है। यह कार्य शनिवार को किया गया। जहां बिरहोर परिवार के लगभग परिवारों को अनाज मुहैया कर दिया गया है।

## जब लक्ष्य निर्धारित हो, तो उम्र मायने नहीं रखता इसका जीता जागता उदाहरण है सीसीएल पिपरवार के ऑफिस सुप्रिटेंडेंट अमोल कांत मिश्रा

### इनके जज्बे को देखते हुए उपायुक्त ने किया सम्मानित व उत्साहवर्धन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सीसीएल पिपरवार में ऑफिस सुप्रिटेंडेंट के पद पर कार्यरत अमोल कांत मिश्रा जिन्होंने 50 वर्ष के उम्र ग्रुप में 45 वाँ आल इंडिया मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए बेंगलुरु में आयोजित 1500 मीटर की दौर में 5 मिनट चार सेकंड में दौर पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है और इन्हें प्रथम स्थान प्राप्त करने को लेकर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अमोल कांत मिश्रा अब एशियन मास्टर एथेलेटिक्स के लिए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए इंडोनेशिया/चेन्नई में आयोजित होने वाली एशियन खेल में शामिल होंगे। आज समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने समाहरणालय बुलाकर अमोल कांत मिश्रा को शिल्ड देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। गोवा में मुंबई में और रांची में आयोजित फूल मैराथन गेम 42 किलोमीटर में मेडल जीत चुके हैं। उक्त जानकारी अमोल मिश्रा ने दी। समाहरणालय में उक्त मौके पर सीसीएल पिपरवार के ऑफिस सुप्रिटेंडेंट अभय कुमार सिंह, पिपरवार के रमेश कुमार मिश्रा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने मारा टक्कर बाल बाल बचे लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्याल स्थित ब्लॉक मोड समीप काली लोहार के ओटा में ट्रैक्टर अनियंत्रित हो टक्कर मार दी।जिसमें कई लोग बाल बाल बच गए द्यवहीं लोहे का बना एंगल का सामान व एक साइकिल क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया कि गैरेज में ट्रैक्टर का रखा टायर का पंचर बनवा रहा था।इसी दौरान नया चालक ने ट्रैक्टर चालू कर निकला कि अचानक ब्लॉक मोड समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित हो काली लोहार के घर के ओंटा में टक्कर मार दिया। हालांकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटी।ट्रैक्टर रोहमर गांव का बताया जा रहा है।

## भारत श्रेष्ट भारत के तहत किया गया पीएम श्री मध्य विद्यालय में कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय में शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दीपा मोनी बनर्जी, सीओ अनंत सनम विश्वकर्मा, मुखिया निर्मला देवी डॉक्टर कुमारी अंजली भगत, डॉक्टर सत्य प्रकाश समेत अन्य फीता काट व दिप्रज्वलित कर किया। इस दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिको विद्यालय गिद्धौर की छात्राओं ने अतिथियों के आगमन पर फूल बरसाकर तथा बाजे गाजे के साथ स्वागत किया। इस दौरान सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दीपा मोनी बनर्जी ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न कला संस्कृति, वेश भूषा व भाषा को लेकर बच्चों को जानकारी देते हुए इन्हें शिक्षा के साथ साथ व्यवसायी शिक्षा के जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कार्यक्रम में जानकारी दी।बताया गया कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत उक्त कार्यक्रम का आयोजन पीएम द्वारा पूरे देश में सरदार बल्ब भाई पटेल के जयंती के मौके पर शुभारंभ की गई है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा इससे आधारित कई कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चों के बीच निबंध, पेंटिंग व भाषण प्रतियोगिता के साथ साथ एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। इनके बेहतर प्रदर्शन पर अतिथियों ने प्रशस्तिपत्र दे सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय व संचालन पिंडारकोण उच्च विद्यालय के शिक्षक मनीष कुमार मनीष ने किया। मौके पर शिक्षक सत्यदेव उपाध्याय, अशोक दांगी, पंकज कुमार राणा, शंभू रजक, मनोज चौबे, अर्जुन तोपो, रामलखन भुइंया, सीआरपी राजू, रिसोस शिक्षक अशोक कुमार सिंह, मोहन साव, प्रतिमा कुमारी सहित शिक्षक व विद्यालय छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## बाइक सवार की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, हाईवा में लगा दी आग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर शुक्रवार की देर शाम पचफेड़ी ग्राम के पास एक अज्ञात हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार रमेश उराँव पिता जगेश्वर उराँव ग्राम लावागड़ा थाना हेरहंज निवासी युवक की मौत हो गई। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ को रात 10 बजे से देर रात दो बजे तक पचफेडी ग्राम के समीप सड़क जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। आक्रोशित ग्रामीण परिजनों के लिए मुआवजा की मांग कर रहे थे ।तभी कुछ शरारती तत्वों ने तुबैद से कोयला लोड कर कुसमाही साइडिंग की ओर जा रहे हाईवा जेएच02 बीएस 0740 को आग के हवाले कर दिया। जिससे हाईवा जलकर बुरी तरह खाक हो गया। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी, बालूमाथ बीडीओ सोमा उराँव, हेरहंज थाना प्रभारी केपी सिंह समेत कई पदाधिकारी जाम कर्ताओं से वार्ता करने के लिए जाम स्थल पहुंचे और देर रात करीब दो बजे समझा बुझा कर जाम को हटाया। इस दौरान पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि सरकारी प्रावधान के तहत परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाएगा। वही तुबैद कंपनी की ओर से पांच लाख रुपए में तीन लाख रूपया नगद एवम परिवार के एक सदस्य को कंपनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी देने की बात कही। वही शेष बकाया 2 लाख की राशि एक दिन बाद देने की बात कही। इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने कहा कि शरारती तत्व की पहचान की जा रही है हाईवे जलने वाले लोगों पर प्राथमिक दर्ज की जाएगी। इस दौरान सड़क करीब 5 घंटे तक जाम रहा।

## झारोटेफ द्वारा मनिका में ध्यानाकर्षण रैली-सह-ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 12 अप्रैल को झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ), प्रखंड इकाई मनिका द्वारा कर्मचारियों की तीन प्राथमिक एवं आठ विशिष्ट मांगों को लेकर ध्यानाकर्षण रैली-सह-ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड मुख्यालय, मनिका में किया गया। यह कार्यक्रम राज्यव्यापी आंदोलन के दूसरे चरण के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य राज्य सरकार का ध्यान कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों की ओर आकृष्ट कराना है। संघ के प्रखंड अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि यह आंदोलन मुख्य रूप से शिक्षकों को अन्य राज्यकर्मियों के समान एम.ए.सी.पी. (Modified Assured Career Progression) का लाभ देने, राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करने तथा केंद्रीय कर्मियों की तर्ज पर राज्यकर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता देने जैसी मांगों के समर्थन में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में संघ के जिला इकाई के वरिष्ठ पदाधिकारीगण - जिला मीडिया प्रभारी संदीप पासवान, कामेश्वर राम, मंगरु यादव, उदय महतो, अखिलेश पांडेय, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नीलेश पांडेय, श्यामू राम, बीरेंद्र कुमार, राजेश गुप्ता, अशोक मिश्रा समेत मनिका प्रखंड के सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे और अपनी एकजुटता दिखाई। कार्यक्रम के अंत में एक ज्ञापन प्रखंड प्रशासन के माध्यम से राज्य सरकार को सौंपा गया। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और अधिक तीव्र किया जाएगा।

## बालूमाथ के निजी विद्यालयों में री-एडमिशन व किताबों के नाम पर करोड़ों की वसूली, अभिभावक परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रखंड क्षेत्र के निजी विद्यालयों में इन दिनों री-एडमिशन और सिलेबस बदलकर किताबों की बिक्री के नाम पर अभिभावकों से भारी राशि वसूली जा रही है। इससे बच्चों के अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है, जबकि निजी स्कूल प्रशासन इस पूरे मामले से मुनाफा कमा रहा है।प्रखंड मुख्यालय स्थित बीएस मेमोरियल, किड्स जूनियर, ऑक्सफोर्ड, गुरुकुल, डीबीएलएम, सरस्वती शिशु मंदिर, एकरा पब्लिक, अमेरिकन पब्लिक और आयशा एकेडमी समेत करीब 3,000 बच्चे स्कूलों में पढ़ते हैं, जबकि पूरे प्रखंड में यह संख्या 8,000 से अधिक है। प्रत्येक छात्र से री-एडमिशन के नाम पर 4,000 से 10,000 रुपये और किताबों के नाम पर 3,000 से 5,000 रुपये तक लिए जा रहे हैं। स्कूल प्रबंधन छात्रों को किताबें निश्चित दुकानों से खरीदने को मजबूर कर रहा है, जिनसे 50 प्रतिशत तक का कमीशन लिया जा रहा है। राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने निजी स्कूलों को री-एडमिशन शुल्क और किताबों की अनिवार्य बिक्री पर रोक लगाई है, बावजूद इसके आदेश की खुलेआम अवहेलना हो रही है। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग और उपायुक्त से मांग की है कि इस अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए और दोषी विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ऑक्सफोर्ड स्कूल के संचालक मोहम्मद अफरोज ने 10 प्रतिशत छूट देने की बात कही, जबकि किड्स स्कूल के प्रधानाध्यापक गजेंद्र वर्मा ने छूट से इनकार किया है। बीएस मेमोरियल के संचालक अशोक कुमार ने किताबें स्कूल में न बेचने की बात कही, जबकि रेट लिस्ट स्कूल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। अभिभावकों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

## भाजपा का लातेहार विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्यता सम्मेलन संपन्न



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा जिला कार्यालय में लातेहार विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया के पूर्व विधायक एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 11 वर्षों के कार्यकाल में न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी देश की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई दी है। उन्होंने गांव, गरीब, वंचित, शोषित, दलित, महिला, युवा एवं किसान सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने निराशा के अंधकार से देश को निकाल कर विश्वास का उजाला फैलाया है और आज भारत को विश्व पटल पर सम्मानजनक स्थान दिलाया है।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव, प्रवक्ता राजीव रंजन पांडेय एवं जिला कार्यसमिति सदस्य राजकुमार पाठक ने भी सक्रिय सदस्यों को संबोधित किया।सम्मेलन के उपरांत लातेहार के बाजारटांड़ शिव मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इसके बाद जनसंघी एवं मीसा के तहत जेल यात्रा कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही, 10 लाभार्थियों के घर जाकर उनसे संवाद स्थापित किया गया एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति उनके विचार और अनुभव जाने गए। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कृष्णा पासवान के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिवार से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया गया और हर परिस्थिति में साथ रहने का आश्वासन दिया गया।

## होल्डिंग टैक्स वसूलना बंद करें नगर पंचायत अमीत पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजसू पार्टी ने जिला मुख्यालय के समाहरणालय के समक्ष शनिवार को भ्रष्टाचार व अन्य जनहित के मुद्दों लेकर हल्ला बोल सह एक दिवसीय धरना का आयोजन किया। वहीं सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अमीत पांडेय ने होल्डिंग टैक्स वसूलना बंद करने की मांग नगर पंचायत से की है। श्री पांडे ने कहा कि लातेहार नगर पंचायत सिर्फ सरकारी कार्यालय व आवास तथा शहर के मेन रोड में साफ सफाई व अन्य योजनायें चलाती है।शहर के कई इलाकों में नगर पंचायत की योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।इन इलाकों में सिर्फ नगर पंचायत के द्वारा होल्डिंग टैक्स वसूला जा रहा है। इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए। श्री पांडेय ने आगे कहा की लातेहार प्रखंड के बीपीओ के द्वारा मनमानी किये जाने के कारण प्रखंड में मनरेगा का कार्य प्रभावित हो गया है। बीपीओ के द्वारा लाभुकों से नाजायज पैसे की मांग करने का आरोप लगाया। कहा कि बीपीओ के मनमाने रवैये के कारण आज यहां के मजदूर पलायन कर रहे हैं। उन्होने आगे कहा कि जिले के कई क्षेत्रों के कोयला का खनन किया जाना है। इसके लिए भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। ऐसे में उन क्षेत्रों में निर्माण कार्य कराना सरकारी राशि का दुरूपयोग है। जब इन इलाकों में कोलियरी के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है तो उन क्षेत्रों में निर्माण कार्य सरकारी राशि का दुरूपयोग है।धरना के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपायुक्त, लातेहार को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि लातेहार जिले में उत्पाद विभाग की मिलीभगत से शराब माफियाओं ने सरकारी प्रावधानों को ताख पर रख कर अपना साम्राज्य खड़ा कर लिया है। ज्ञापन में ओवर रेट लेने का विरोध करने वालों को उत्पाद दरोगा के द्वारा मारपीट कर जेल भेज देने का आरोप लगाया गया है।ज्ञापन में उत्पाद दरोगा को निबंलित कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गयी है धरना में वीरेंद्र ठाकुर, सरोज लोहरा, आरके सिंह, कमलदेव उरांव, नीरज कुमार, संदीप कुमार, सागर कुमार, विक्रम कुमार, रीमा देवी, देवेंद्र प्रसाद, विकास साहू आदि मौजूद थे।

## लातेहार पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, हथियार का जखीरा बरामद

# पुलिस ने टीएसपीसी के छह उग्रवादीयों को हथियार के साथ किया गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के छह सक्रिय उग्रवादियों को भारी मात्रा में कारतूस एवं हथियार के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वही शनिवार को पुलिस सभागार में प्रेस वार्ता कर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य हरवे हथियारों से लैस होकर बालूमाथ थाना क्षेत्र के ग्राम हेसाबार भांग जंगल में छिपे हुए हैं तथा किसी बड़ी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं।प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। यह दल ग्राम हेसाबार भांग के जंगल क्षेत्र में गुप्त रूप से पहुँची और घेराबंदी कर छापामारी की जिसके परिणामस्वरूप छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से चार रायफल, एक रिवाल्वर, कुल 1102 चक्र जिंदा कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामग्रियां बरामद की गई। यह सभी उग्रवादी टीएसपीसी संगठन के सक्रिय सदस्य हैं, जो लातेहार, पलामू, गढ़वा और चतरा जिलों के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ठेकेदारों एवं कारोबारियों से जान से मारने की धमकी देकर लेवी वसूलते रहे हैं। हाल ही में इन्होंने चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत डगडगिया पुल/सेरक रोड, लातेहार थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे विकास कार्य, रमकंडा थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य तथा टंडवा थाना क्षेत्र में व्यापारियों से लेवी वसूलने की कोशिश की थी।आगे श्री कुमार ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों में नारायण भोक्ता, जो टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर था। पूर्व में जेल जा चुका है और हाल ही में रिहा होने के बाद पुनः पहचान छुपाकर संगठन में सक्रिय हो गया था। वहीं अमित दुबे उर्फ छोटू बाबा लगभग 10 वर्षो से टीएसपीसी संगठन का सक्रिय कमांडर रहा है और संगठन के लिए अंदर-बाहर रहकर लगातार काम करता रहा है। उसके विरुद्ध भी विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**छापेमारी दल में मुख्य रूप से**

बालूमाथ एसडीपीओ बिनोद रवानी, बालूमाथ अंचल निरीक्षण परमानन्द बिरुआ, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेन्द्र कुमार, बारियातू थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार, मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, अनुभव सिन्हा, रंजन कुमार पासवान, होसेन डांग, गौतम कुमार, रितेश तिग्गा राजा दिलावर, विकान्त कुमार उपाध्याय, सतेन्द्र कुमार, राहुल कुमार दुबे, (तकनिकी शाखा, लातेहार) आईआरबी-4 अमरवाडीह पिकेट एवं मुरपा पिकेट तथा थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

**बरामद सामानों की सूची**

लातेहार पुलिस ने उग्रवादियों के पास से 315 का राइफल कुल चार, ऑटोमेटिक रिवाल्वर एक, एक-47 का 19 चक्र जिंदा कारतूस, एक-56 का 39 चक्र जिंदा कारतूस, 315 राइफल का 405 चक्र जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इसके अलावा पुलिस को 233 चक्र जिंदा कारतूस 30/6 का, 400 चक्र जिंदा कारतूस सील बंद पैकेट के अंदर 30/6 का, छह चक्र जिंदा कारतूस 765 का, कुल 1102 चक्र जिंदा कारतूस। पाउच 3 चितकबरा पजामा दो, एक बाइक और संगठन का खाली लेटर पैड और लिखा हुआ पर्चा।

# प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में विस्थापितों की समस्याओं पर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** समाज की प्रगति, आर्थिक समृद्धि और लोगों की भलाई के लिए एक विकास एक महत्वपूर्ण अवयव है। लेकिन, यह भी अत्यंत आवश्यक है कि जिनके ज़मीन पर विकास हो रहा है, उन स्थानीय निवासियों और प्रभावित लोगों की समस्याओं और चिंताओं को नजरअंदाज न किया जाए एवं उनके समस्याओं का समाधान करते हुए विकास की ओर कदम बढ़ाया जाए। उपरोक्त बातें उतरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार ने हजारीबाग जिले के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में संचालित एनटीपीसी कोल खनन परियोजना के विस्थापितों की समस्या के समाधान से निमित्त आहूत बैठक में कही। उन्होंने कहा जिन लोगों की ज़मीन पर खनन परियोजना का कार्य हो रहा है, उन्हें अपनी आजीविका, भूमि, और प्राकृतिक संसाधनों से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह जरूरी है कि विकास के सभी पहलुओं में उनके हितों का भी ध्यान रखा जाए। साथ ही, उन्हें उचित मुआवजा, रोजगार के अवसर और संभावित भूमि पुनर्वास जैसे विकल्प प्रदान किए जाएं।



**समस्याओं के निराकरण हेतु तीन से चार समितियां गठित करने का निर्णय**

बैठक में आयुक्त के समझ विस्थापितों या जनप्रतिनिधियों के द्वारा विभिन्न समस्याओं जैसे 2.2 बाईपास रोड का निर्माण न हो पाना, उचित मुआवजे की राशि न मिल पाना, स्थानीय विस्थापित लोगों को रोजगार न मिलना, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, धार्मिक स्थल आदि का पुनर्स्थापन, हेवी मशीनरी के उपयोग या ब्लास्टिंग के इस्तेमाल से स्थानीय लोगों को होने वाली समस्या, रोड एक्सीडेंट होने पर आश्रितों को उचित मुआवजा मिलने में होनी वाली समस्या या उचित मुआवजा निर्धारित न होना, खनन से होने वाले प्रदूषण, पानी की समस्या संग अन्य से अवगत कराया गया। विभिन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आयुक्त महोदय ने उपायुक्त हजारीबाग एवं उपस्थित माननीय प्रतिनिधि से विचारोंप्रांत 3 से 4 समितियों के गठित करने पर बल दिया । निर्धारित कमेटी हरेक माह में संबंधित समस्याओं का सर्वे करके उचित समाधान प्रस्तुत करेगी। जिसके उपरांत इन समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

**स्थानीय प्रशासन और एनटीपीसी के बीच हो बेहतर समन्वय**

आयुक्त ने कहा कि समस्याओं के बेहतर समाधान के लिए आपसी विवाद को दूर किया जाना महत्वपूर्ण है। स्थानीय प्रशासन, जन प्रतिनिधि और एनटीपीसी परियोजना के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए ताकि विस्थापितों और एनटीपीसी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और तालमेल से समस्याओं का उचित समाधान निकाला जा सके। बैठक के अंत में हजारीबाग उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, एवं अन्य का धन्यवाद करते हुए कहा कि हमने सारी समस्याओं को सुना है और इसके निराकरण के लिए आयुक्त के निर्देशानुसार जल्द समिति गठित की जाएगी। बैठक में सांसद हजारीबाग, पूर्व विधायक बड़कागांव, वर्तमान विधायक बड़कागांव, अपर समाहर्ता हजारीबाग, कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक एनटीपीसी पकरी बड़वाडीह, चट्टी बरियातू, करनदारी(केरेडारी), बादाम संग अन्य उपस्थित रहे।

## केदार पासवान के माता के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष समेत कई लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत भण्डारो पंचायत के हथगड्डा गांव में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष केदार पासवान की माताश्री के श्राद्ध कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा नेता गणेश यादव, मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह, आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान, सोशल मीडिया के चेयरमैन गजेंद्र सिंह, मीडिया सेल के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजिनी, प्रदेश महासचिव अमूल नीरज खालखो, प्रदेश प्रवक्ता रियाजुल अंसारी, कोडरमा जिला अध्यक्ष भागीरथ पसवान, बरही विधानसभा के पूर्व



प्रत्याशी अरुण साहू, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, हजारीबाग विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह, सोशल मीडिया के स्टेट कोऑर्डिनेटर संजय कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो. कयूम, ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, कांग्रेस नेत्री पूनम यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पंसस जितेंद्र गिरी, रेणु कुमारी, डॉ प्रकाश कुमार, रीतलाल मंडल, कोमल कुमारी, विशुनधारी महतो, बब्बू साव, विक्की कुमार, प्रकाश विश्वकर्मा आदि शामिल हुए। इस अवसर पर शप्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मां का साया जीवन की सबसे बड़ी ताकत होती है। उनका इस संसार से जाना अत्यंत दुःखद है। वहीं सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

## महायज्ञ की सफलता को लेकर किया गया ध्वजारोहण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** भास्कर धाम उत्तर वाहिनी जमुनिया नदी पर जनमानस के सहयोग से नवनिर्मित सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर शनिवार को प्रातः में श्रद्धालुओं के द्वारा नगर भ्रमण के पश्चात पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रस्तावित महायज्ञ स्थल उत्तरवाहिनी जमुनिया नदी से किया गया। इस ध्वजारोहण यात्रा के दौरान विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय के प्रमुख रास्ते से करोंज मोड, हॉस्पिटल चौक, सात मील मोड, रमुवां दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, बाजार टांड, अंबेडकर चौक, कसेरा मोहल्ला, बौलियागंज होते हुए पुनः महायज्ञ स्थल पर पहुंचकर ध्वजारोहण का कार्यक्रम पूरे विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चार साथ संपन्न हुआ। बताते चलें कि आज चैत्र पूर्णिमा एवं हनुमान जयंती होने के कारण श्रद्धालुओं में



अति उत्साहित नजर आ रहे थे।श्रद्धालु अपने-अपने हाथों में महावीरी पताका लेकर जयकारा लगा रहे थे। ढोल एवं नगाड़े की आवाज से पूरा शहर गूंजायमान हो रहा था। श्रद्धालुओं के गगनभेदी नारों से विष्णुगढ़ यज्ञमय हो गया।? प्रस्तावित महायज्ञ की सफलता का आगाज में आम जनमानस की पूर्ण भागीदारी एवं सहयोग दिख रहा था। सूर्य मंदिर यज्ञ समिति के सचिव नवलकिशोर वर्मा ने कहा कि यज्ञ का आरंभ 3 मई 2025 से 9 मई 2025 तक होगी। सात दिवसीय महायज्ञ में इसकी दिव्यता और भव्यता देखते बनेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से रामेश्वर सिंह,आनन्द राम,नवलकिशोर वर्मा,रविन्द्र कुमार बरनवाल(दीपू भाई),विनोद सिंह,अजय कुमार, अजय साव, शंकर गोस्वामी, प्रयाग सोनी, बबलू सिंह, राजेन्द्र प्रसाद सिंह,सुरेश भगत, मोहनलाल बर्णवाल, गुरु प्रसाद साव, अनुज सोनी, अशोक कुमार गुप्ता, जुगल स्वर्णकार, शेखर सुमन, चमारी नायक, अनुज चंद्रवंशी, अजय बरनवाल, बच्चन राम मेहता, सरयू ठाकुर समेत सैकड़ो की सँख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

## गरीब बेटियों को साँसद ने तोहफे में दिया लहँगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** हज़ारीबाग लोकसभा साँसद मनीष जायसवाल द्वारा हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र से आने वाले गरीब परिवार की बेटियों के लिए लहँगा उपलब्ध कराते आएँ है। इसी कड़ी में आज टाटीझरिया थाना क्षेत्र के धरमपुर,खम्भवा में प्रियंका शेखा,आरती को विष्णुगढ़ साँसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल(दीपू भाई),टाटीझरिया साँसद प्रतिनिधि संतोष मंडल के द्वारा तीनो बेटियों को लहँगा प्रदान किया गया। विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल कार्यकारी अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने कहा कि साँसद मनीष



जायसवाल हमेशा गरीब गुरबो के लिए बाहें फैला कर रखते है,आप सबो से आग्रह होगा इस प्रकार की गरीब बेटियों के सहयोग के लिए सूचना साझा करें ताकि उन बेटियों को भी लहँगा उपलब्ध कराया जा सके।इस मौके पर मुख्य रूप से टाटीझरिया मंडल कैलाशपति सिंह समेत सैकड़ो की सँख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ में चोरों का आतंक फिर शुरू, डेढ़ लाख रुपये नकद और जेवरात चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं एक बार फिर से चर्चे में है। इसी क्रम में विष्णुगढ़ के बेड़ाहरियारा पंचायत अंतर्गत रमुआ में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी रमुआ निवासी महेश यादव के द्वारा विष्णुगढ़ थाने में आवेदन देकर घटना की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। आवेदन के माध्यम से बताया गया कि महेश यादव बीते 06 अप्रैल 2025 से अपने परिवार के साथ बच्चे के इलाज हेतु अमृत हॉस्पिटल रांची गए हुए थे। इसी क्रम में बीती रात 11 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार को उनके घर के छत से सीढी की मदद से घर में घुस कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों के द्वारा घर में रखी गई सामग्री में 01 लाख 50 हजार रुपए नगद के साथ जेवरात 10 ग्राम सोने, 30 ग्राम चांदी, नए-पुराने कपड़े, खाने-पीने के सामान, बच्चों के स्कूल के बैग इत्यादि उड़ा लिए गए। विष्णुगढ़ थाना पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## महामहिम राज्यपाल ने विष्णुगढ़ की पार्वती देवी को किया सम्मानित



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोहराई कला झारखण्डी आदिवासियों की एक प्राचीनतम कला है। इसका प्रचलन हजारीबाग जिले के बादम क्षेत्र में आज से कई वर्ष पूर्व शुरू हुआ था। झारखंडी संस्कृति में सोहराई कला का महत्त्व सदियों से रहा है। सोहराई कला, प्रकृति से प्रेरित होती है और इसमें जीवंत रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। सोहराई कला से विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाली विष्णुगढ़ की कलाकार बेटी को राज्यपाल के द्वारा सम्मानित किया गया। बता दें कि विष्णुगढ़ प्रखंड के भेलवारा पंचायत निवासी 55 वर्षीय पार्वती देवी पिता स्वरूपलाल महतो को गुरुवार को राजधानी स्थित राजभवन में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के द्वारा सम्मानित किया गया। पार्वती देवी अपनी कला के माध्यम से वर्षो से पारंपरिक सोहराई कलाकृतियां बना रही हैं। लगभग दो वर्ष पूर्व भी उनके कला को विभिन्न माध्यमों से दर्शाया भी गया था, जिसे सरकार ने संज्ञान में लेकर परिणामस्वरूप यह सम्मान उन्हें प्रदान किया। आयोजित सम्मान समारोह में राज्यसभा सांसद महुआ मांझी की भी विशेष उपस्थित रही।

## सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा लहंगा भेंट किया गया



**कटकमसांडी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर पंचायत हेदलाग गांव में लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा शादी के लेकर लहंगा भेंट किया गया. हेदलाग ग्राम निवासी रामविलास साव की पुत्री नीतिका कुमारी के विवाहोत्सव के उपलक्ष में आशीर्वाद स्वरुप एक लहंगा भेंट किया गया जिसे भाजपा के बूथ संख्या 66 के संयोजक अंकज ठाकुर ने कुमारी नीतिका को संसद के द्वारा प्रदत्त उपहार स्वरूप भेंट किया। मौके पर करण कुमार ठाकुर, सागर कुमार, सीताराम, बसंत राम, मुकेश यादव ,लालू साव के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित थे। इस हेतु कुमारी नीतिका एवं उनके माता-पिता ने लोकसभा सांसद माननीय मनीष जायसवाल का आभार व्यक्त किया।

## युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र अंतर्गत करियातपुर गांव की 24 वर्षीय खुशबू कुमारी पिता स्व. सुरेश रजक ने शुक्रवार शाम करीब 6 बजे आत्महत्या कर ली। परिजन उसे तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि खुशबू कुमारी अपने कमरे में रोज की तरह थी, अचानक पता चला कि फांसी लगाई है। जिसे तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। वहीं बताया कि खुशबू की शादी 29 अप्रैल को तय थी। शादी से पहले ही उसने यह कदम उठा लिया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

## वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की जयंती समारोह मनाई गयी

| 2927 | JH01CK1161 | 16-Apr-23 | 29-Dec-23 | 3127 | JH01CP0886 | 31-Aug-25 | 03-Dec-24 |
| 2928 | JH01DJ6448 | 20-Oct-23 | 20-Feb-23 | 3128 | JH01BM7161 | 16-Jan-20 | 29-Jun-20 |
| 2929 | JH01EZ8011 | 05-Jun-23 | 02-Mar-23 | 3129 | JH01AX9021 | 07-Jun-22 | 17-May-22 |
| 2930 | JH01BJ1491 | 08-Sep-16 | 22-Sep-15 | 3130 | JH01BX0465 | 21-Jun-23 | 19-Aug-22 |
| 2931 | JH01DN4776 | 08-Jul-23 | 01-Apr-23 | 3131 | JH01AZ6915 | 23-Nov-22 | 27-Aug-22 |
| 2932 | JH01CS3779 | 23-Nov-19 | 23-Nov-18 | 3132 | JH01CA8103 | 12-Jul-23 | 19-Oct-22 |
| 2933 | JH01BA6765 | 04-Aug-23 | 17-Apr-23 | 3133 | JH01BR0575 | 04-May-23 | 08-Apr-22 |
| 2934 | JH01BA9474 | 04-Aug-23 | 12-Apr-23 | 3134 | JH01AN1151 | 10-Nov-22 | 28-Jul-22 |
| 2935 | JH01AW9003 | 04-Aug-23 | 23-Mar-23 | 3135 | JH01AK2988 | 20-Oct-23 | 05-Aug-23 |
| 2936 | JH01CJ1104 | 15-Jul-23 | 24-Mar-23 | 3136 | JH01CN1208 | 03-Sep-19 | 27-Nov-18 |
| 2937 | JH01AW9004 | 04-Aug-23 | 23-Mar-23 | 3137 | JH01AY9956 | 22-Aug-22 | 26-Jan-22 |
| 2938 | JH01CV2520 | 06-Feb-24 | 16-Feb-23 | 3138 | JH01BZ3421 | 04-Aug-21 | 28-Dec-19 |
| 2939 | JH01CV2582 | 06-Feb-24 | 16-Feb-23 | 3139 | JH01AL2215 | 20-Jun-22 | 29-Mar-22 |
| 2940 | JH01CV5522 | 06-Feb-24 | 16-Feb-23 | 3140 | JH01BZ1205 | 04-Aug-21 | 26-May-20 |
| 2941 | JH01CV7768 | 06-Feb-24 | 16-Feb-23 | 3141 | JH01BV8526 | 30-Jun-21 | 01-Oct-22 |
| 2942 | JH01CV8722 | 06-Feb-24 | 16-Feb-23 | 3142 | JH01BZ2162 | 04-Aug-21 | 28-Dec-19 |
| 2943 | JH01EE5448 | 04-Feb-23 | 02-Feb-23 | 3143 | JH01CH4195 | 16-Mar-19 | 24-Apr-22 |
| 2944 | JH01CV9348 | 06-Feb-24 | 16-Feb-23 | 3144 | JH01CJ2790 | 06-Apr-23 | 19-Feb-23 |
| 2945 | JH01EE9235 | 04-Feb-23 | 02-Feb-23 | 3145 | JH01CG7890 | 23-Jan-24 | 14-Nov-23 |
| 2946 | JH01EE7280 | 04-Feb-23 | 02-Feb-23 | 3146 | JH01BA5741 | 03-Apr-19 | 15-Oct-19 |
| 2947 | JH01EE7319 | 04-Feb-23 | 02-Feb-23 | 3147 | JH01CJ7477 | 25-Nov-23 | 07-Oct-22 |
| 2948 | JH01EE5836 | 04-Feb-23 | 02-Feb-23 | 3148 | JH01AU2641 | 03-Apr-19 | 29-Mar-21 |
| 2949 | JH01EE1218 | 04-Feb-23 | 02-Feb-23 | 3149 | JH01AX5133 | 28-Jan-23 | 29-Apr-22 |
| 2950 | JH01EE0156 | 04-Feb-23 | 02-Feb-23 | 3150 | JH01BP1833 | 16-Apr-17 | 20-Apr-22 |
| 2951 | JH01BG3750 | 31-Jan-24 | 26-Feb-23 | 3151 | JH01BX0730 | 01-Mar-18 | 03-Jun-22 |
| 2952 | JH01DD3542 | 17-Oct-23 | 07-Oct-23 | 3152 | JH01K1165 | 19-Jun-23 | 23-Dec-22 |
| 2953 | JH01CS7170 | 06-Jan-24 | 06-Dec-23 | 3153 | JH01AT2684 | 21-Jan-23 | 08-Jun-22 |
| 2954 | JH01DJ0041 | 07-Mar-21 | 05-Mar-23 | 3154 | JH01BJ0102 | 29-Sep-24 | 06-Nov-24 |
| 2955 | JH01DM3617 | 22-Jul-23 | 23-Feb-23 | 3155 | JH01CE4614 | 18-Feb-22 | 13-Nov-22 |
| 2956 | JH01DT7237 | 18-Jan-25 | 31-Mar-23 | 3156 | JH01CE4317 | 23-Aug-23 | 16-Mar-22 |
| 2957 | JH01AP0772 | 13-Nov-23 | 29-Mar-23 | 3157 | JH01AX5396 | 10-Jan-23 | 01-May-22 |
| 2958 | JH01EE0149 | 04-Feb-23 | 02-Feb-23 | 3158 | JH01CK5809 | 16-Apr-23 | 29-Dec-22 |
| 2959 | JH01DT4403 | 03-Jan-24 | 25-Mar-23 | 3159 | JH01AG9861 | 23-Aug-23 | 28-Mar-23 |
| 2960 | JH01BW1903 | 24-May-24 | 19-Apr-23 | 3160 | JH01AE2591 | 09-Aug-16 | 28-Dec-18 |
| 2961 | JH01AU1147 | 08-Nov-23 | 20-Jan-24 | 3161 | JH01AV6797 | 20-Oct-22 | 04-Feb-22 |
| 2962 | JH01CK7594 | 10-Sep-23 | 29-Jan-24 | 3162 | JH01BG4045 | 11-Jan-24 | 08-Mar-22 |
| 2963 | JH01CS8123 | 26-Feb-26 | 29-Dec-24 | 3163 | JH01AZ7515 | 06-Apr-23 | 02-Mar-22 |
| 2964 | JH01CS5424 | 24-Nov-23 | 29-Mar-23 | 3164 | JH01CK9978 | 16-Apr-23 | 29-Sep-23 |
| 2965 | JH01CU7816 | 07-Apr-24 | 24-Jan-23 | 3165 | JH01AX8045 | 21-Dec-22 | 11-May-22 |
| 2966 | JH01AB6878 | 30-Dec-22 | 26-Apr-23 | 3166 | JH01CK2268 | 16-Apr-23 | 29-Dec-22 |
| 2967 | JH01CU4655 | 20-Jan-24 | 11-Jan-23 | 3167 | JH01AY8404 | 15-Jan-24 | 01-Apr-23 |
| 2968 | JH01EC9718 | 14-Dec-24 | 18-Feb-23 | 3168 | JH01AS7129 | 09-Feb-23 | 01-May-22 |
| 2969 | JH01CY2293 | 11-Sep-24 | 19-Feb-23 | 3169 | JH01AK4066 | 26-Aug-22 | 10-May-22 |
| 2970 | JH01V2810 | 06-Mar-10 | 06-Jun-09 | 3170 | JH01BQ6612 | 11-Oct-24 | 15-Feb-23 |
| 2971 | CG14D0677 | 05-Jan-24 | 23-Jan-23 | 3171 | JH01Y2341 | 26-Jul-24 | 28-Sep-24 |
| 2972 | JH01DS6486 | 07-Nov-21 | 04-Feb-23 | 3172 | JH01BE6161 | 17-Nov-23 | 04-Apr-22 |
| 2973 | JH01CN5636 | 15-Aug-19 | 11-Feb-23 | 3173 | BR14G6565 | 28-Nov-24 | 03-Nov-24 |
| 2974 | JH01EZ5152 | 22-Nov-23 | 13-Mar-23 | 3174 | JH01AR6496 | 07-Jan-23 | 04-Mar-23 |
| 2975 | JH01CH8277 | 21-Jun-24 | 03-Mar-23 | 3175 | JH01AS9821 | 12-Jul-22 | 26-Jul-22 |
| 2976 | Br14h5701 | 09-Jan-24 | 31-Jan-23 | 3176 | JH01AP1493 | 10-Jul-23 | 07-Jan-23 |
| 2977 | JH01Y5897 | 28-Jan-11 | 02-Feb-23 | 3177 | JH01AR0796 | 14-Sep-23 | 31-Jan-23 |
| 2978 | JH01CT1654 | 24-Feb-24 | 20-Jan-23 | 3178 | JH01BA2641 | 04-Aug-22 | 27-Mar-22 |
| 2979 | JH01BZ4886 | 07-Jul-21 | 06-Feb-23 | 3179 | JH01BW6758 | 23-Jan-24 | 27-Jan-23 |
| 2980 | JH01DU1670 | 24-Nov-24 | 23-Mar-24 | 3180 | JH01CK0170 | 20-Aug-23 | 29-Apr-22 |
| 2981 | JH01DU3644 | 24-Nov-24 | 23-Mar-23 | 3181 | JH01BL6708 | 16-Dec-22 | 27-Feb-23 |
| 2982 | JH01AY6092 | 28-Mar-21 | 29-Mar-23 | 3182 | JH01AU6808 | 10-Dec-21 | 26-Feb-21 |
| 2983 | JH01BA6866 | 04-Jul-23 | 12-Apr-23 | 3183 | JH01BH8408 | 18-Dec-23 | 01-Aug-23 |
| 2984 | JH01DM5924 | 09-Jan-25 | 20-May-24 | 3184 | JH01BU3251 | 19-Nov-23 | 19-May-22 |
| 2985 | JH01DF8533 | 10-Jan-24 | 16-Mar-23 | 3185 | JH01AV1401 | 21-Jun-24 | 24-Mar-24 |
| 2986 | JH01DF2327 | 30-Dec-23 | 16-Mar-23 | 3186 | JH01AV1201 | 10-Oct-24 | 24-Mar-24 |
| 2987 | JH01CM5324 | 06-Apr-24 | 09-Apr-23 | 3187 | JH01BT3931 | 08-Aug-21 | 05-Feb-22 |
| 2988 | JH01BN4045 | 17-Dec-24 | 08-May-24 | 3188 | BR14G7707 | 30-Jan-23 | 10-Feb-23 |
| 2989 | JH01AE5038 | 07-Sep-23 | 23-Jan-23 | 3189 | BR14G8021 | 02-Jul-21 | 16-Feb-23 |
| 2990 | JH01AE5031 | 07-Sep-23 | 23-Jan-23 | 3190 | JH01Y2340 | 29-Sep-24 | 28-Dec-24 |
| 2991 | JH01AE5033 | 07-Sep-23 | 23-Jan-23 | 3191 | JH01AL9859 | 01-Aug-23 | 16-Feb-23 |
| 2992 | JH01CR4849 | 21-Nov-23 | 08-Aug-22 | 3192 | JH01CL4215 | 06-Jun-25 | 15-Dec-24 |
| 2993 | JH01CT7669 | 21-Dec-23 | 25-Sep-23 | 3193 | BR13C9154 | 20-Sep-23 | 04-Apr-23 |
| 2994 | JH01AP1481 | 03-Aug-23 | 11-Apr-23 | 3194 | JH01AL2863 | 01-Aug-23 | 04-Apr-23 |
| 2995 | JH01T7031 | 14-Oct-19 | 27-Mar-23 | 3195 | JH01CL4515 | 13-Jun-23 | 15-Mar-23 |
| 2996 | JH01AB7503 | 18-Nov-23 | 28-Apr-23 | 3196 | JH01AP1461 | 24-Oct-22 | 11-Apr-22 |
| 2997 | JH01AB7502 | 18-Nov-23 | 28-Apr-23 | 3197 | JH01BD7842 | 27-Jan-22 | 04-Apr-21 |
| 2998 | JH01CL6567 | 18-Jun-23 | 14-Feb-23 | 3198 | JH01CG7689 | 25-Mar-23 | 15-Aug-22 |
| 2999 | JH01CV8264 | 22-Feb-20 | 27-Dec-20 | 3199 | JH01AU8021 | 09-Jun-23 | 04-Mar-23 |
| 3000 | JH01CS4509 | 22-Feb-24 | 07-Mar-23 | 3200 | JH01BH2308 | 29-Jun-23 | 10-Apr-22 |

PR.NO.350289 Transport(25-26):D    मोटरयान निरीक्षक,रांची परिवहन विभाग,झारखण्ड

# उपायुक्त की अध्यक्षता में पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में प्रबंध समिति की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में जिला के उपयुक्त की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध समिति का बैठक आयोजन किया गया। आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में उपायुक्त डॉ.वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां और उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप देव शेखावत के अलावा भवन निर्माण विभाग के अभियंता सदर अस्पताल लोहरदगा के चिकित्सक और दो अभिभावक प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे। वही बैठक में विद्यालय संचालन और शिक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। एवं शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राओं का मूलभूत सुविधाओं का विधि व्यवस्था के बारे में निर्णय लिया गया। साथ ही विद्यालय के प्रभारी प्रचार्य द्वारा मानविकी संकाय के लिये भवन निर्माण, मुख्य पथ से विद्यालय द्वार तक सड़क चौड़ीकरण, जिला के चिकित्सकों द्वारा समय समय पर छात्र छात्राओं का टीकाकरण, विद्यालय के खेल प्रांगण में व्यायाम हेतु ओपेन जिम और विद्यालय में हाई मस्त लाइट के लिये उपयुक्त से अपील किया गया। जिस पर उपायुक्त ने जल्द ही सभी चीजों का निर्माण की बात कही। वही बैठक के उपरान्त उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक और उप विकास आयुक्त के द्वारा विद्यालय के सभगार में विद्यालय के बच्चे बच्चियों के साथ शिक्षा और विद्यालय में व्यवस्था से सम्बंधित चर्चा किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा आपस मे रेगिंग नही करने का निर्देश देते हुए रैगिंग का परिणाम एवं सजा के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। वही छात्र छात्राओं द्वारा जिला के वरीय पदाधिकारियों से करियर के सम्बन्ध में अनेकों तरह का सवाल पूछा गया। जिसके विषय मे जबाब जिला के अधिकारीयों के द्वारा विस्तृत रूप से दी गयी। मौके पर बैठक में विद्यालय के प्रभारी प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा, सूरज पाण्डेय, धनंजय कुमार, अरुण नागलोट, मंजू कुमारी समेत सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

# शांति व सौहार्द से आदिवासी रीति रिवाज के साथ मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बदला पंचायत ग्राम में शनिवार को शांति व सौहार्द से आदिवासी रीति रिवाज के साथ प्रकृति पर्व सरहुल मनाया गया। वही सरहुल के अवसर पर गांव का पहान राजू उरांव और पुजार के द्वारा संयुक्त रूप से गांव के सरना स्थल में साल वृक्ष का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। वही पहान पुजार ने पूजा अर्चना कर गांव व क्षेत्र के सुख खुशी और अमन चैन शांति के लिये प्रकृतिक देवी देवताओं से विनती किया गया। पूजा अर्चना के उपरान्त आदिवासी महिला पुरुष और बच्चे बूढ़े तथा नवजवानों द्वारा ढोल मांदर और नगाड़ा के थाप पर नाचते झूमते हुए हर्षोल्लाष के साथ खुशी से सरहुल का त्यौहार मनाया गया। वही सरहुल जुलूस बदला, आराहंसा, गोबरसेला, टँगराटोली सहित विभिन्न गांवों में भ्रमण किया। मौके पर सरहुल जुलूस में दिलीप उरांव, छोटू महली, जय टोप्पो, नंदकिशोर उरांव समेत सैकडों आदिवासी महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग व अन्य शामिल थे।

# बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवस एवं अबुवा आवास योजना के लाभुको को ससमय पूर्ण करने का दिया निर्देश



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शुक्रवार को प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवस एवं झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित अबुवा आवास योजना के वैसे लाभुक जिनके खाते में प्रथम किश्त व दुतीय किश्त की राशि निर्गत होने के बाद भी कार्य को ससमय चालू नही कर रहें हैं उनके साथ बैठक की। बैठक में आशा देवी, समजूद खान, बीजू रविदास, श्यामसुंदर रविदास, काली उरांव, अवदेश साहू, अरबिंद साहू, हीरामुणि उरांव, चांदो खातून, प्रकाश राम, मंजू देवी, विकाश साहू, शारदा देवी, गफूर अंसारी आदि को कड़ी फटकार लगाते हुए 2 दिनों के अंदर कार्य प्रारंभ करने का निर्देश प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छंदा भाटाचार्य ने दिया। वही लाभुकों को कहा कार्य को समय से करे प्रखण्ड के आवास कार्य देख रहे कर्मी ससमय जिओ टैग करते हुए अगली क़िस्त की राशि के लिए कार्य करते हुए सहयोग करेंगे फिर भी लाभुक कार्य मे स्थिरता बरते हैं तो उनके विरुद्ध नियम संगत कानूनी करते हुए राशि की वसुली की जाएगी। मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना प्रखण्ड समन्वयक दिनेश कुमार, ऑपरेटर अमन शिखर, जनसेवक किशोर उरांव एवं पंचायत सहायक उपस्थित थे।

# निर्माणाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार लोहरदगा में मतदान आज



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद का चुनाव सत्र 2025-27 के लिए कल दिनांक-13 अप्रैल 2025 दिन रविवार को झारखंड प्रांत के सभी जिलों में होना है। इस अध्यक्ष पद के चुनाव पर दो प्रत्याशी बसंत कुमार मित्तल एवं सुरेश चंद्र अग्रवाल उम्मीदवार है। इस निमित्त लोहरदगा जिला में 17 आजीवन सदस्य मतदाता है जो की इस चुनाव में अपना मताधिकार का प्रयोग कर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के कर्मठ एवं सशक्त अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। मतदान केंद्र स्थान निर्माणाधीन श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर गुदरी बाजार लोहरदगा में, समय सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक, चुनाव पीठासीन पदाधिकारी शिवप्रसाद राजगढ़िया एवं जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने सभी मतदाता बंधुओ से आग्रह किया है कि समय पर मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपना मत का प्रयोग अवश्य करें और साथ में अपना पहचान पत्र अवश्य लाएं। और कहा कि चुनाव संबंधित तैयारी पूरी की जा चुकी है।

# शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर ताइक्कांडो प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखण्ड द्वारा संचालितविवेकानन्द शिशु-विद्या मन्दिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में हनुमान जयंती और बुध पूर्णिमा के सुभावसर पर ताइक्कांडो प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजेन्द्र साहू जी के द्वारा सरस्वती माता, भारत माता और सृष्टि के गर्भस्थल के समक्ष दीप प्रज्वलित, पुष्पार्चण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ताइक्कांडो प्रशिक्षक के तौर पर विद्यालय के आचार्या सुश्री दीक्षित कुमारी उपस्थित थे। आज प्रशिक्षण के दौरान चिरयाट, किंगरे, जुम्बी, शिजक तथा लोअर पंच, मिडिल पंच और फेस पंच सिखाया गया। यह ताइक्कांडो प्रशिक्षण प्रत्येक शनिवार को किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बताया की अपनी आत्मरक्षा और सुरक्षा के लिए यह प्रशिक्षण जरूरी है। प्रशिक्षण का उद्देश्य है हमारे विद्यालय के भैया बहन यह प्रशिक्षण लेकर अपने गांव में निःशुल्क प्रशिक्षण देंगे। इसे पूरे गाँव समाज में फैलाना है।जिससे की समाज के युवा पीढ़ी में शारीरिक, मानसिक आत्मविश्वास और सम्मान में बढ़ावा मिलेगा। आत्म रक्षा के कला के साथ-साथ चरित्र निर्माण और अनुशासन में मदद मिलेगा। इस अवसर पर सभी भैया बहनों सहित आचार्य प्रमोद पाणिग्रही, बिमल टेटे, सुदर्शन कुमार, जगेश्वर सिंह, गणेश सिंह, अर्जुन महतो, आचार्या लक्ष्मी देवी, विमला देवी, दशरथी देवी, वसंती देवी, शुश्री शकुंतला कुमारी, निशि कुल्लू, रश्मि प्रधान, प्रगति सिंह, दीक्षित कुमारी, सुनीति कुमारी उपस्थित थे।

# हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## इष्ट देवता हनुमान समस्त मानव जाति के रक्षक हैं : कुलदीप सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में चैत्र पूर्णिमा के अवसर में हनुमान जन्मोत्सव पर विश्व हिंदू परिषद लोहरदगा के तत्वाधान में छात्र छात्राओं के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री कुलदीप सिंह, विश्व हिंदू परिषद जिलामंत्री रंजीत साहू,प्रखंड मंत्री रामलगन महतो, बजरंग दल सेन्हा प्रखंड प्रमुख सुरेन्द्र साहू, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुदेश्वर साहू,विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर खेल का प्रारंभ किया गया। वही विभाग संगठन मंत्री कुलदीप सिंह ने कहा कि हनुमान समस्त मानव जाति के रक्षक हैं.वही इस अवसर पर विद्यालय में कबड्डी खेल प्रतियोगिता कराई गई। कबड्डी खेल आयोजित करने के लिये चार टीम बनाया गया था। जिसमें बालको का दो ग्रुप शिवाजी और संभाजी ग्रुप तथा बालिकाओं का दो ग्रुप दुर्गावती और लक्ष्मीबाई ग्रुप जिसमे शिवाजी ग्रुप 35 अंक एवं दुर्गावती ग्रुप 6 अंक के साथ कबड्डी प्रतियोगिता के बीच टीम विजेता रही। जिसमें विजेता और उप विजेता को विश्व हिंदू परिषद के तरफ से विशेष पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के खेल प्रमुख आचार्य सुधीर उरांव को बेहतर कोच की भूमिका के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार रविकांत कुमार को नगद पुरस्कार दे कर सम्मानित गया। वही प्रधानाचार्य ने संबोधन के दौरान भैया बहनों को कहा कि खेल जीवन में अनुशासन सिखाता है। जिसे खेल में सफलता की असीम संभावनाएं है। अध्यक्ष सुदेश्वर साहु द्वारा धनववाद ज्ञापन किया गया। मौके पर प्रतिभा देवी, मालती कुमारी, मीना देवी, संध्या कुमारी, रिंकी कुमारी, अंजनी देवी, सुभाषिनी देवी, अनुबाला देवी, सुधीर उरांव, जयप्रकाश सिंह समेत सभी आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित थे।

# आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की हुई समीक्षा,दिए कई दिशा-निर्देश : उपायुक्त



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीति आयोग के अंतर्गत संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा को लेकर उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न सूचकांकों (इंडिकेटर्स) एवं संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से ट्रांजिशन रेट (Transition Rate) में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में शौचालय निर्माण अधूरा है, वहां एक माह के भीतर कार्य पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। बांसजोर प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) में हो रहे सुधार की सराहना करते हुए उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले भर में आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु समन्वित प्रयास किए जाएं। स्वास्थ्य मानकों में बांसजोर प्रखंड की उल्लेखनीय प्रगति को देखते हुए उन्होंने सिविल सर्जन को [illegible] कार्यक्रम शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित अन्य सभी क्षेत्रों में सुधार के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही, जिला स्तर पर एक समन्वय समिति गठित कर, शिक्षा विभाग को पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से ड्रॉपआउट दर को शून्य करने हेतु ठोस नीति तैयार करने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान, [illegible] और पिरामल फाउंडेशन की ओर से जानकारी दी गई कि दिसंबर माह की राष्ट्रीय रैंकिंग में बांसजोर प्रखंड ने देशभर के 500 आकांक्षी प्रखंडों में 65वां स्थान प्राप्त किया है, जबकि सिमडेगा जिला 112 आकांक्षी जिलों में 56वीं रैंक पर है। बैठक में सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, पशुपालन पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला पेयजल एवम स्वक्षता पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी बांसजोर, ABF, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध बालू परिवहन करते एक ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के डाडू कोयल नदी से अवैध बालू उठाव एवं परिवहन करने की गुप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को बक्सीडीपा डाडू पथ से जप्त किया गया है। अवैध बालू परिवहन का मामला सेन्हा थाना क्षेत्र के डाडू कोयल नदी से करने की सूचना पर पुलिस प्रशासन द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें छापेमारी के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का बालू लाद परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को डाडू बक्सीडीपा पथ के रास्ते से जब्त किया गया है। बालू लदा जप्त ट्रैक्टर के विरुद्ध खनन विभाग का खनिज संपदा एवं राजस्व क्षति को देखते हुए अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को अवगत कराया गया। थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू उठाव और परिवहन के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई किया गया और अवैध बालू लाद परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रख अग्रतर कारवाई हेतु विभाग को सूचनार्थ किया गया है। जिस पर विभाग के निर्देशानुसार ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर करवाई किया जायेगा।

# लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत शोकाकुल परिवारों से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट किये



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत जी ने आज कैरो पहुँचकर कुछ दिन पूर्व कैरो प्रखण्ड बस्ती निवासी सरफुल अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र तबरेज अंसारी की मौत सड़क दुर्घटना में हो गया था। तबरेज अंसारी भंडरा प्रखण्ड के भीठा मिडिल स्कूल में (ICT Instructor) कंट्रेक्ट में कंप्यूटर टीचर था। सांसद सुखदेव भगत ने उसके परिजनों से मिलकर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए सांसद ने कहा कि इस दुख के घड़ी मे शोकाकुल परिवारों के साथ खड़े हैं और ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में सांसद के निजी सहायक आलोक कुमार साहू, लोहरदगा जिला सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, नेसार अहमद, शाहिद अहमद बेलू, समीद अंसारी, पवन गौतम, अनीश अहमद खान, ज़ोरावर खान, मुस्लिम अंसारी, तिला उरांव, मनोज उरांव, लछु उरांव, जगरनाथ उरांव, मोहम्मद सज्जाद, ताहिर अंसारी, मोजाहिर अंसारी, मतलूब अंसारी, देवदत्त प्रजापति, अख्तर अंसारी, सुशील उरांव, रवि रौशन उरांव, फूलकुमार उरांव, बिरजू उराँव, विक्रम उरांव इत्यादि शामिल थे।

# नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सिमडेगा पुलिस करेगी जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** नागरिको की शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु सिमडेगा पुलिस द्वारा दिनांक 16.04.25 को पूर्वाहन 11:00 बजे से सिमडेगा जिलान्तर्गत 1. नगर भवन, सिमडेगा, 2. बानो थाना प्रांगण, 3. कुरडेग थाना प्रांगण, एवं 4. जलडेगा थाना प्रांगण में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कैम्प लगाकर जनता से जुडी शिकायतें जैसे आचरण प्रमाण पत्र, पारिवारिक विवाद, खोया हुआ मोबाईल, महिला हिंसा, मानव तस्करी, घरेलू हिंसा, क्षतिपूर्ति इत्यादि से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। लोग अपना आवेदन उक्त आयोजित कार्यक्रम में आकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावे आम जनों द्वारा निम्नांकित माध्यम से भी ऑनलाईन शिकायत दर्ज कराया जा सकता है। 1. फोन नं0 +91-9263693966 2. व्हाटसएप नं0 +91-926369396 3. E-mail ID :-jssk-sim@jhpolice.go1.in 4. Toll Free no. 1800 345 5023

# भाजपा कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से देश की सेवा में अपना योगदान देते हैं : पवन तिग्गा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को लोहरदगा प्रखंड के जोरी पंचायत में भाजपा नेता पवन तिग्गा के नेतृत्व में ग्राम ओयना के हनुमान मंदिर परिसर और बखरी टोली में साफ सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें काफी संख्या में महिला एवं बुजुर्ग उपस्थित हुए। और झारखंड सरकार के द्वारा विकास से हम लोग को कोसों दूर रखा गया है।जैसे उप स्वास्थ्य केंद्र यहां है लेकिन मात्र एक नर्स आती है।और अपना हाजिरी बना के चली जाती है और इस तरह से जीरो से 5 साल के बच्चों को पोषाहार के लिए 3 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। जिसके चलते शिशु एवं बच्चियों बच्चों को पोषाहार लेने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बखरी टोली में मिनी आंगनवाड़ी सेंटर संचालित किया जाना चाहिए। और हम सभी लोग किसान परिवार से हैं लेकिन सिंचाई का सुख सुविधा नहीं रहने के करण हम सभी लोग बरसात में खेती नहीं कर पाते हैं। अगर हम सबों के खेत में सिंचाई का पानी उपलब्ध हो जाता तो निश्चित तौर से हम सभी के खेतों में हमेशा फसल लहलहाते रहता। और पीएम आवास, आबुआ आवास से हम लोगों को वंचित रखा गया है।प्रखंड विकास पदाधिकारी से पूछे जाने पर जवाब मिलता है कि आप लोगों का सूची में नाम है लेकिन नंबर आने में समय लगेगा। सफाई अभियान में अशोक चौहान, सूरज दुबे, राम सुंदर यादव, अनमोल यादव, कार्तिक दास, अमित महली, दिलेश्वर महली, शंकर महली, नितेश महली, दीनदयाल दास, सुलोचना देवी, सरिता देवी, विमला देवी, ज्योति कुमारी, गंगा देवी, संध्या वती देवी, अजय चौहान, ब्रह्मदेव दुबे, पवन चौहान, रजनी देवी, मनोज कुमार साहू, शुभम गुप्ता इत्यादि बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सांसद सुखदेव भगत कैरो प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंच विभागीय पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोक सभा सांसद सुखदेव भगत शनिवार को कैरो प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर विभागीय पदाधिकारियों के साथ विकास योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक किया। इस दौरान प्रखण्ड सह अंचल कर्मियों के द्वारा ढोल मांदर के साथ परिछते हुए सांसद सुखदेव भगत व अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया साथ ही साथ सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी व अन्य पदाधिकारियों द्वारा सांसद, उनके निजी सचिव आलोक कुमार साहू,जिला प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगु, नेसार अहमद, शाहिद अहमद बेलू, पवन गौतम, अनवर अंसारी आदि को बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर विभागवार समीक्षा करते करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने अबुआ आवास में स्वीकृत अल्पसंख्यको लाभुकों का भुगतान नही होने, मनरेगा में कूप निर्माण, बागवानी अंतर्गत सही तरीके से पौधरोपण उसका देखरेख, खेल एवं विकास योजना के अंतर्गत मैदान निर्माण के स्थल चयन करने,खाध एवं आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए राशन कार्डधारियों को वजन में कम राशन मिलने की शिकायत पर पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार लाने की बात कही।जे एस एल पी एस की समीक्षा करते हुए प्रखण्ड क्षेत्र के महिला मंडलो की जानकारी ली और नए ग्रुप बनाने तथा उनका हर संभव मदद करने की बात कही। मुख्यमंत्री मइँया सम्मान योजना सर्वजन पेंशन के बारे समीक्षा करते कहा कि जिनका भी उम्र पूरा हो चुका है और पात्र है उन्हें इसका लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। दाखिल खारिज, जाती आवासीय आय बनाने में अनावश्य बिलंब न करें, बीमार छात्र छात्राओं के प्रति मानवीय संवेदना रखते हुए इनका काम यदशीघ्र करें।नल जल योजना अंतर्गत पेयजल की भारी समस्या को देखते हुए समाधान करने की बात कही। प्रखण्ड क्षेत्र स्वास्थ्य केंद्र की समस्या को देखते हुए विभाग से बात करने की बात कही। कृषि व अन्य विभागों की समीक्षा की बैठक में बैक के कोई भी प्रतिनिधि सामील नही और ग्रामीणों से शिकायत मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एल डी एम से फोन पर बात की। बैठक में कैरो प्रखण्ड में आज भी स्वास्थ्य, शिक्षा, आई सी डी एस, जनवितरण प्रणाली, कल्याण विभाग समेत कई विभागों का काम पूर्व के प्रखंडो से संचालित होने की जानकारी मिलने पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को विभागीय पदाधिकारियों से पत्राचार करने बात कही साथ ही खुद भी इस और विशेष ध्यान देने की बात कही।बैठक के दौरान सांसद ने कहा कि आज पहली बैठक है ईमानदारी पूर्वक काम करने वाले कर्मियों को बधाई लेकिन जो भी कर्मी काम के प्रति लापरवाह है जिम्मेवारी पूर्वक काम नही करते है उनके खिलाफ शिकायत मीलेने पर करवाई के लिये अनुसंशा भी की जा सकती है। मौके कल्याण विभाग के द्वारा पर विद्यायल के छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया साथ ही साथ ही साथ दो दिव्यागों के बीच ट्राईसाइकिल का भी वितरण किया गया व प्रखण्ड परिसर में पौधरोपण किया गया।बैठक के बाद बीते दिनों सड़क दुर्घटना में कैरो निवासी तबरेज अंसारी की मृत्यु हो गई थी उनके घर पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया और हर संभव मदद करने की बात कही।

## चलते चलते एक नजर

### पुलिसकर्मियों के मूलभूत समस्या के सम्बंध में पुलिस मेन्स एसोसिएशन किया बैठक



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** पुलिसकर्मी के मूलभूत समस्या के सम्बंध में झारखण्ड पुलिस मेन्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कर्ण सिंह,महामंत्री रमेश उरांव ,संयुक्त महामंत्री बैभव पाठक, विनोद पांडेय, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के निर्देश में पुलिस महानिरीक्षक (मु) मनोज कौशिक सर ,नौसाद आलम (कार्मिक)के साथ बैठक किया गया, जिसमे पुलिसकर्मियों का एसीपी/एमएसीपी 2005 बैच के आरक्षी का प्रोन्नति संबंधित ताकि ग्रेट पे 2800-4200 से संबंधित समस्या और आर्थिक नुकसान ना हो,इस संबंध में चर्चा किया गया । वहीं अस्वस्त किया गया कि किसी कर्मी को आर्थिक नुकसान नहीं होगा, सभी का प्रोन्नति समय से होगा। साथ गृह में पुलिसमुख्यालय से पदाधिकारी कार्य कराने हेतू नियुक्त किया जायेगा। हवलदार से प्र0 अ 0 नि पद पर 341 रिक्ति के विरुद्ध प्रोन्नति,पर विस्तृत चर्चा किया गया । मनोज कौशिक के द्वारा सभी समस्या को गंभीरता से संज्ञान लेकर सभी प्रशाखा पदाधिकारियों को 15 अप्रैल तक दोनों मामला का डाटा संग्रह का निर्देश साथ ही 15 अप्रैल को पुनः बैठक रखा गया है ।

### एनआईटी हमीरपुर में निम्बस-2025 का दूसरा दिनः छात्रों के अविष्कारों ने मचाई धूम

**हमीरपुर** : एनआईटी हमीरपुर में चल रहे चार दिवसीय तकनीकी महोत्सव निम्बस-2025 के दूसरे दिन छात्रों के अभिनव प्रोजेक्ट्स और आविष्कारों ने सभी का ध्यान खींचा। संस्थान के द्वारा आज आयोजित प्रेस वार्ता में इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकरी दी गई और साथ ही छात्रों द्वारा विकसित कई क्रांतिकारी प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित किया गया।इस अवसर पर संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना नानोटी ने बताया कि इस वर्ष छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में कई तकनीकी अविष्कार पेश किए हैं। इनमें क्वांटममिस्ट प्रोजेक्ट विशेष रूप से उल्लेखनीय है जो क्वांटम तकनीक के माध्यम से अत्यंत सटीक सामग्री निर्माण में सक्षम है।छात्रों द्वारा प्रस्तुत सीओ-टू अल्गी बायोरिएक्टर ने विशेषज्ञों का ध्यान खींचा। यह प्रोजेक्ट कार्बन उत्सर्जन को कम करते हुए उसे बायोफ्यूल में परिवर्तित करने में सक्षम है। वहीं वर्चुअल स्केल्पेल नामक प्रोजेक्ट ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोल दी हैं। प्रदर्शनी स्थल पर ऑटोमेटिक वेस्ट सेग्रीगेटर और पोर्टेबल पावर जनरेटर जैसे प्रोजेक्ट्स ने आगंतुकों को काफी प्रभावित किया। संस्थान के डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि इस वर्ष 25 से अधिक राज्यों के छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया है।दिन भर चले कार्यक्रमों में रोबोवार्स और आरसी रेस जैसी प्रतियोगिताओं ने दर्शकों का मनोरंजन किया।

# प्रधानमंत्री 24 को बिहार के लिए देंगे कई सौगातें : शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी

**पटना :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बिहार के विकास के लिए केंद्र सरकार लगातार राज्य सरकार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर विकास कार्यों को अमली जामा पहना रही है। केंद्र की मोदी सरकार ने बिहार को कई सौगात दी हैं। प्रधानमंत्री ी 24 अप्रैल को एक बार फिर बिहार आ रहे हैं, जो कि बिहार को तमाम सौगातें देंगे। वह शनिवार को सचिवालय सभागार में राजग घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आगामी 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस है और उस दिन एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार की जनता को अनेकों सौगात देने आ रहे हैं। पंचायती राज के चुने हुए प्रतिनिधियों का सम्मेलन तो होगा ही,साथ ही पूरा देश उससे जुड़ेगा। कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास होगा। ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का लाभ भी बिहार की जनता को को मिलेगा। पिछले साल गरीबों को 7 लाख 90 हजार मकान पीएम आवास योजना के अंतर्गत लोगों को दिए गए थे। 5 लाख 20 हजार मकान जो बचे हुए थे वह भी दिए जाएंगे। शिवराज सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के हाथों 5 लाख 20 हजार नए स्वीकृत मकानों का लाभ दिया जाएगा। जिस पर 8,000 करोड़ की लागत से मकान का निर्माण किया जाएगा।



मधुबनी में लाखों की संख्या में लोग आएंगे, ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। बिहार सरकार के कामकाज की तारीख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में ग्रामीण विकास योजना का बहुत ही बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। मैं बिहार सरकार को बधाई देता हूं, बिहार में 3 लाख से अधिक लखपति दीदी बन चुकी हैं। इसी वर्ष 20 लाख बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य के राजनीतिक परिदृश्य और मधुबनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा के लिए प्रदेश के सभी पांच घटक दलों (भाजपा-जदयू, लोजपा-आर, हम, रलोजपा) की बैठक आज बुलाई गई थी। बैठक में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा समेत घटक दलों के नेता मौजूद रहे। बैठक के बारे में पटना में मीडिया से बात करते हुए जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर मधुबनी आ रहे हैं। वे वहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे, इसलिए बैठक बुलाई गई है।

### गुरुग्राम की लघु सचिवालय पार्किंग में आग से 15 वाहन जले

**गुरुग्राम** : यहां लघु सचिवालय के सामने स्थित पार्किंग में शनिवार को कई वाहनों में आग लग गई। देखते ही देखते आग काफी फैल गई। सूचना पाकर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाना शुरू किया। अधिक आग फैलने से 15 वाहन तो जल गए। दस वाहनों को दमकल कर्मियों ने बचा लिया। ये वो वाहन थे, जिनकी समय सीमा पूरी होने के बाद आरटीए विभाग द्वारा जब्त किया गया था। लघु सचिवालय के सामने शनिवार दोपहर बाद करीब तीन बजे गाडियों में आग लग गई। पहले तो किसी ने धुआं निकलते देखा फिर आग की लपटें नजर आने लगीं। देखते ही देखते आग ज्यादा फैल गई। इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई।

## जय जयकार से गूंजा विंध्यधाम, चैत्र नवरात्र पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब

एजेंसी

**मीरजापुर** : चैत्र नवरात्र की पूर्णिमा तिथि पर शनिवार को विंध्यधाम श्रद्धा और भक्ति के रंग में पूरी तरह रंग गया। मां विंध्यवासिनी के दर्शन को देश के कोने-कोने से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था का ऐसा अद्भुत नजारा पेश किया, जिसने समूचे धाम को भक्तिमय बना दिया। सुबह की मंगला आरती से ही माता के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। तल्ख धूप के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए टेंट और मैट के सहारे भक्तों ने घंटों कतार में रहकर मां को नारियल, चुनरी और नैवैद्य अर्पित किया। माता के भव्य श्रृंगार ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अष्टभुजा पर्वत पर विराजमान



मां काली और अष्टभुजी माता के दर्शन कर भक्त निहाल हो उठे। मंदिर परिसर से लेकर परिक्रमा पथ तक साधकों के ओजस्वी मंत्रों और अनुष्ठानों से पूरा धाम आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। गंगा घाटों पर स्नान-ध्यान के बाद भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ मां के चरणों में शीश नवाया। चारों दिशाओं से उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने विंध्य की गलियों को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और विंध्य पंडा समाज की सेवाभावना ने श्रद्धालुओं की यात्रा को सहज और मंगलमय बना दिया। पूर्णिमा के इस पावन पर्व पर विंध्यधाम एक बार फिर आस्था की मिसाल बनकर उभरा।

## सिद्धू, कान्हू के स्वतंत्रता आंदोलन को देश सदा सर्वदा याद रखेगा : मिथिलेश ठाकुर

### सिद्धू, कान्हू की जयंती पर पूर्व मंत्री ने किया नमन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** संथाल विद्रोह के नायक सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू की जयंती के मौके पर शुक्रवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने उन्हें नमन किया। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने अपने आवास पर एक समारोह आयोजित का सिद्धू , कान्हू की जयंती मनाई। मौके पर उन्होंने सिद्धू, कान्हू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि अमर शहीद सिद्धू, कान्हू की जयंती प्रतिवर्ष 11 अप्रैल को मनाई जाती है। सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू भारतीय स्वतंत्रता सेनानी



थे। जिन्होंने 1855-1856 में संथाल विद्रोह का नेतृत्व किया था। जो वर्तमान झारखंड और पूर्वी भारत के पुरुलिया, बीरभूम और बांकुरा सहित बंगाल के कुछ हिस्सों में हुआ था। विद्रोह का उद्देश्य ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन और शोषणकारी ज़मींदारी व्यवस्था का विरोध करना था। सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू का जन्म वर्तमान झारखण्ड राज्य के भोगनाडीह नामक गाँव में एक संथाल आदिवासी परिवार में हुआ था। सिद्धू का जन्म 1815 ई. को हुआ था एवं कान्हू का जन्म 1820 ई. को हुआ था। 30 जून, 1855 को सिद्धू और कान्हू के नेतृत्व में मौजूदा साहेबगंज जिले के भगनाडीह गांव से विद्रोह की शुरुआत हुई थी। इस मौके पर सिद्धू ने करो या मरो, अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का नारा दिया था। इनके स्वतंत्रता आंदोलन को देश सदा सर्वदा याद रखेगा।

## हिमाचल के सीमांत क्षेत्रों की सड़कों के रखरखाव की जिम्मेदारी संभाले बीआरओ : मुख्यमंत्री सुक्खू

एजेंसी

**शिमला :** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों में संपर्क सुविधा को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश की कई सामरिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण सड़कों के रखरखाव और निर्माण की जिम्मेदारी सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को सौंपने का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने यह बात बीआरओ के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन से शनिवार को हुई मुलाकात के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीन आने वाली लियो चांगो और शिव मंदिर से गुए तक की सड़क सहित अन्य महत्वपूर्ण सड़कों को बीआरओ को सौंपने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया है। इसके साथ ही उन्होंने वांगतू-अटरगू-मुध-भावा दर्रा सड़क को भी बीआरओ के अधीन देने का प्रस्ताव रखा, जो किन्नौर को



लाहौल-स्पीति जिले से जोड़ेगी। हाल ही में इस मार्ग को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से मंजूरी भी मिल चुकी है, जिससे निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।यह सड़क 4,865 मीटर की ऊंचाई पर बनेगी और खारदुंगला के बाद देश की दूसरी सबसे ऊंची वाहन योग्य सड़क होगी। इसके बन जाने से शिमला और काजा के बीच की दूरी करीब 100 किलोमीटर घटकर 310 किलोमीटर रह जाएगी, जिससे लाहौल-स्पीति क्षेत्र में नाको, समदो और ताबो मार्ग के अलावा एक और वैकल्पिक संपर्क मार्ग उपलब्ध हो सकेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे न केवल सामरिक दृष्टि से फायदा होगा, बल्कि पर्यटन को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने चंबा-बैरागढ़-साचपास-किलाड़ मार्ग को भी बीआरओ के अधीन लेने की सिफारिश की। यह मार्ग भारत-पाक सीमा और एलएसी के पास स्थित पांगी घाटी को जोड़ता है और मनाली-लेह मार्ग के बंद होने की स्थिति में वैकल्पिक संपर्क का कार्य करता है। वर्तमान में यह सड़क वर्ष में केवल 4 से 5 माह ही खुली रहती है। उन्होंने 13 किलोमीटर लंबी तीसा सुरंग को भी बीआरओ को सौंपने की बात कही, जिससे चंबा और किलाड़ के बीच की दूरी 88 किलोमीटर कम हो जाएगी और साल भर संपर्क संभव हो सकेगा।सीएम सुक्खू ने कहा कि बीआरओ की भागीदारी से सीमावर्ती इलाकों में सड़क अवसंरचना विकास को नई गति मिलेगी और यह प्रदेश के आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बीआरओ द्वारा दुर्गम और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की और कहा कि संगठन न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती देता है बल्कि आम नागरिकों के जीवन को भी सुगम बनाता है।इससे पहले महानिदेशक रघु श्रीनिवासन ने मुख्यमंत्री से भेंट कर परियोजना दीपक के तहत प्रदेश में चल रही प्रमुख सड़कों की प्रगति पर चर्चा की।

### बाइक और स्कूटी की भिड़ंत में दो की मौत

**झुंझुनू :** राजस्थान में झुंझुनू जिले के गुड़ागौड़जी क्षेत्र में शनिवार को एक सड़क हादसे में बाइक और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गुड़ाढहर निवासी रामजीलाल और कारी गांव निवासी उर्मिला के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह हादसा गुड़ा चंवरा रोड पर उस समय हुआ जब रामजीलाल अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे। वहीं दूसरी ओर से स्कूटी पर सवार होकर पीटीआई पद पर कार्यरत उर्मिला आ रही थीं। दोनों वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही गुड़ागौड़जी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत पास की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गुड़ा पहुंचाया गया। लेकिन तब तक रामजीलाल की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

## सीईए ने वित्त वर्ष 2024-25 में 7.5 गीगावाट की 6 हाइड्रो-पंप स्टोरेज परियोजनाओं पर सहमति जताई

एजेंसी

**नई दिल्ली** : विद्युत मंत्रालय के तहत केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान रिकॉर्ड समय में करीब 7.5 गीगावाट की 6 हाइड्रो पंप स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर सहमति व्यक्त की है, जो उन्नत दीर्घकालिक ऊर्जा भंडारण समाधान विकसित करने के लिए भारत की चल रही प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं। विद्युत मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि तकनीकी-आर्थिक मंजूरी निकाय केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान रिकॉर्ड समय में करीब 7.5 गीगावाट की छह हाइड्रो-पंप स्टोरेज परियोजनाओं को मंजूरी दी है। मंत्रालय के मुताबिक ये छह परियोजनाएं है, ओडिशा में अपर इंद्रावती (600 मेगावाट), कर्नाटक में शरावती



(2,000 मेगावाट), महाराष्ट्र में भिवपुरी (1,000 मेगावाट) और भवाली (1,500 मेगावाट), मध्य प्रदेश में एमपी-30 (1,920 मेगावाट) और आंध्र प्रदेश में चित्रावती (500 मेगावाट)। मंत्रालय के मुताबिक सीईए ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान करीब 22 गीगावॉट की कम से कम 13 पीएसपी को मंजूरी देने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। मंत्रालय ने कहा कि इनमें से अधिकांश पीएसपी को 4 साल में और 2030 तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया है। इन परियोजनाओं के विकास से देश में ऊर्जा भंडारण क्षमता में भारी वृद्धि होगी, जिससे ग्रिड विश्वसनीयता में बड़ा योगदान मिलेगा। इससे भारत के महत्वाकांक्षी अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों को समर्थन मिलेगा। मंत्रालय के मुताबिक यह पीएसपी डेवलपर्स और मूल्यांकन संगठनों (सीडब्ल्यूसी, जीएसआई और सीएसएमआरएस) के सहयोगात्मक प्रयासों का परिणाम है।

## वक्फ एक्ट पर बवाल के बीच हाईकोर्ट पहुंचे शुभेंदु अधिकारी, बंगाल में केंद्रीय बल तैनात करने की मांग



एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में वक्फ एक्ट विरोधी प्रदर्शन के दौरान हो रही हिंसा को लेकर सियासी पारा चढ़ने लगा है। इसी बीच राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख करते हुए हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की है। इस याचिका पर सुनवाई के लिए हाईकोर्ट की विशेष पीठ का गठन किया गया है, जिसमें न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति राजा बसु चौधुरी शामिल हैं। शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि पुलिस हालात संभालने में नाकाम रही है। ऐसे में केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय बलों की तैनाती करनी चाहिए। अब सबकी नजर हाईकोर्ट के फैसले पर टिकी है। उल्लेखनीय है कि मुर्शिदाबाद जिले के धुलियान, सूती और शमशेरगंज जैसे इलाकों में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। शुक्रवार को शुरू हुई झड़पें अब भी जारी हैं। कई इलाकों में सरकारी बसों और संपत्तियों को आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने स्थिति को काबू में करने के लिए अब तक 118 लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं हिंसा प्रभावित इलाकों में धारा 144 लागू कर दी गई है। एडीजी (कानून-व्यवस्था) जावेद शमीम ने जानकारी दी कि सूती के सुजार मोड़ और शमशेरगंज के डाक बंगला मोड़ पर हालात बिगड़े। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम किया और पुलिस पर हमला कर दिया। शमीम के मुताबिक, ÷पुलिस ने पहले संयम बरता, लेकिन भीड़ हिंसक होती गई। लाठीचार्ज, आंसू गैस और अन्य जरूरी कदमों के बावजूद हालात नहीं सुधरे। तीन घंटे की झड़प के बाद पुलिस को जान बचाने के लिए चार राउंड फायरिंग करनी पड़ी।÷ इधर, राज्य के डीजी राजीव कुमार और एडीजी जावेद शमीम ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व और दुष्प्रचारक माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

# संविधान शिल्पी के प्रति युवाओं के मन में और अलख जगाएगी योगी सरकार

एजेंसी

**लखनऊ :** योगी सरकार संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रति युवाओं के मन में और अलख जगाएगी। योगी सरकार ने बाबा साहेब की 134वीं जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। बाबा साहेब की जयंती के उपलक्ष्य में एक दिन पहले 13 अप्रैल की सुबह से ही अनेक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। वहीं 14 अप्रैल को जयंती पर भी अनेक आयोजन किए जाएंगे। युवा बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के कृतित्व व व्यक्तित्व से भी परिचित होंगे। आंबेडकर जयंती पर योगी सरकार प्रदेश व देश के कलाकारों को मंच मुहैया कराएगी।

### 13 अप्रैल की सुबह निकलेगी भीम पदयात्रा

बाबा साहेब की 134वीं जयंती (14 अप्रैल) से एक दिन पहले 13 अप्रैल की सुबह 6.30 बजे मरीन ड्राइव से अंबेडकर पार्क तक भीम पदयात्रा निकलेगी। यह पदयात्रा माय भारत के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना व नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा निकाली जाएगी। एनएसएस की विशेष कार्याधिकारी व राज्य संपर्क अधिकारी डॉ. मंजू सिंह ने बताया कि पदयात्रा में लखनऊ विश्वविद्यालय, बाबू बनारसी दास विवि, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, केंद्रीय संस्कृत विवि, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि, उप शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल के कुल 1400 विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। इस पदयात्रा का शुभारंभ योगी सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय करेंगे। इस



यात्रा के जरिए डॉ. आंबेडकर के कृतित्व व व्यक्तित्व से युवाओं को अवगत कराया जाएगा।

### योगी सरकार की तरफ से देश-प्रदेश के कलाकारों को मंच देगा संस्कृति विभाग

योगी सरकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिवस पर देश-प्रदेश के कलाकारों को मंच मुहैया कराएगी। यह सभी कार्यक्रम बाबा साहेब पर आधारित होंगे। डॉ. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल गोमती नगर दोपहर एक से रात 8.30 बजे तक कार्यक्रम होंगे। लखीमपुर खीरी के श्यामजीत सिंह व मऊ के त्रिभुवन भारती लोकगीत पर प्रस्तुति देंगे। लखनऊ के विपिन कुमार अभी सपना अधूरा है नृत्य नाटिका से बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालेंगे। बाबा साहेब पर आधारित नृत्य नाटिकाः आंबेडकर

### बाबा साहेब की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाएगी योगी सरकार

प्यारा की प्रस्तुति लखनऊ की निहारिका कश्यप व टीम करेगी। बलिया के रामदुलार, वाराणसी के भइया लाल पाल व गोरखपुर के मनोज कुमार पासवान बिरहा की प्रस्तुति देंगे। मुंबई के अनिरुद्ध वनकर सांस्कृतिक संध्या प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ योगी सरकार के पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। लखनऊ के रामनिवास पासवान, भदोही की लक्ष्मी रागिनी, लखनऊ की शुभम रावत व जया कुमारी का कार्यक्रम होगा। विभाग की तरफ से बाबा साहेब के जीवन पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।